YouTube kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

वर्ष-14 | अंक-326 | बुधवार, 31 दिसम्बर 2025 | नगर संस्करण | लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित | मूल्य- ₹ 3.00 | पृष्ठ-12



लोकबंधु राज नारायण संयुक्त चिकित्सालय में हृदय रोगियों के लिए जल्द ही समुचित इलाज की व्यवस्था की जाएगी। इसके लिए आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराए जाएंगे और शासन स्तर पर प्रस्ताव को शीघ्र स्वीकृति दी जाएगी। **ब्रजेश पाठक**

अधीर रंजन ने प्रधानमंत्री से मुलाकात की 11
मुख्यमंत्री ने डॉ एपीजे अब्दुल कलाम साइंस सिटी का किया निरीक्षण 12

# उप्र को एआई का वैश्विक केंद्र बनाने की तैयारी, 2026 होगा निर्णायक वर्ष: योगी

**कैनविज टाइम्स ब्यूरो**

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों के नाम लिखी चिट्ठी में कहा है कि वर्ष 2026 उत्तर प्रदेश के लिए तकनीकी विकास के लिहाज से निर्णायक साबित होगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), टेक्नोलॉजी और डेटा के क्षेत्र में नए मानक स्थापित करने की दिशा में तेजी से काम कर रही है और उत्तर प्रदेश भविष्य की डिजिटल अर्थव्यवस्था का मजबूत केंद्र बनकर उभर रहा है।

उन्होंने कहा कि बेहतर कानून-व्यवस्था और सुशासन के चलते उत्तर प्रदेश निवेशकों के लिए भरोसेमंद राज्य बना है, जिससे 'ब्रांड यूपी' को देश और दुनिया में पहचान मिली है। उन्होंने बताया कि लखनऊ और नोएडा में एआई सिटी



विकसित करने की तैयारी की जा रही है। मुख्यमंत्री ने बताया कि जेवर में करीब 3,700 करोड़ रुपये की लागत से सेमीकंडक्टर यूनिट का निर्माण किया जा रहा है। साथ ही सुरक्षित डेटा और आधुनिक तकनीक को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बनाई ● शेष पेज 11 पर

### लखनऊ में भेड़ों की मौतों की होगी जांच, प्रति भेड़ 10 हजार की मदद

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के दुबग्गा इलाके में भेड़ों की मौत के मामले का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संज्ञान लेते हुए तत्काल जांच के आदेश दिए हैं। साथ ही पीड़ित पशुपालकों को राहत देते हुए प्रति भेड़ 10 हजार रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की गई है। बताया जा रहा है कि बीते दिनों दुबग्गा क्षेत्र में बड़ी संख्या में भेड़ों की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई, जिससे स्थानीय पशुपालकों को भारी आर्थिक नुकसान झेलना पड़ा है। भेड़ पालन पर निर्भर परिवारों के सामने आजीविका का संकट खड़ा हो गया है। घटना की सूचना मिलते ही ● शेष पेज 11 पर

# देश में हो रहे नवाचार आज वैश्विक आकर्षण का केंद्र

## मोदी ने 2025 को भारत में 'गहरे सुधारों का वर्ष' बताया, निवेशकों से निवेश करते रहने की अपील की

**एजेंसी**

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2025 को भारत में अगली पीढ़ी के सुधारों के माध्यम से तेज प्रगति का वर्ष बताते हुए मंगलवार को कहा कि देश में हो रहे नवाचार आज वैश्विक आकर्षण का केंद्र बन गये हैं। प्रधान मंत्री ने देश विदेश के लोगों की भारत की विकास की कहानी में भरोसा बनाये रखने और भारत में निवेश करते रहने की अपील की है।

श्री मोदी ने देश में आर्थिक और नियामकीय बदलावों के बारे में सोशल मीडिया मंच लिंक्डइन पर एक प्रस्तुति में लिखा कि देश के लोगों में नवाचार के भाव के चलते भारत आज वैश्विक ध्यान का केंद्र बनकर उभरा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि 2025 के सुधारों की विशेषता केवल उनका विस्तार नहीं, बल्कि उनकी अंतर्निहित सोच भी है जिनमें नियंत्रण के बजाय सहयोग और विनियमन के बजाय सुविधा को स्थान दिया जा रहा है। उन्होंने लिखा, ' आज दुनिया भारत को आशा और विश्वास के साथ देखती है। वे उस तरीके की सराहना करते हैं, जिससे अगली पीढ़ी के, विभिन्न क्षेत्रों को जोड़ने वाले सुधारों के



माध्यम से प्रगति की गति तेज हुई है और देश की विकास क्षमता को नई ऊँचाई मिली है।'' श्री मोदी ने इस प्रस्तुति में फिर कहा कि 'भारत ने रिफॉर्म एक्सप्रेस पर सवारी कर ली है' और तीव्र सुधारों की इस गाड़ी का मुख्य इंजन देश की युवा आबादी और 'हमारे लोगों की अदम्य इच्छाशक्ति' है। उन्होंने लिखा है '' 2025 को भारत एक ऐसे वर्ष के रूप में याद रखेगा, जब पिछले 11 वर्षों में तय की गई जमीन पर मजबूती से आगे बढ़ते हुए सुधारों को एक सतत राष्ट्रीय मिशन के रूप में आगे बढ़ाया गया। हमने संस्थानों का आधुनिकीकरण किया, शासन को सरल बनाया और दीर्घकालिक, समावेशी विकास की मजबूत नींव रखी। श्री मोदी ने कहा '' 'हमने अधिक महत्वाकांक्षा, तेज़ क्रियान्वयन और गहन परिवर्तन के साथ निर्णायक रूप से आगे कदम बढ़ाए। ये सुधार नागरिकों को गरिमा के साथ जीवन जीने, उद्यमियों को आत्मविश्वास के साथ नवाचार करने और संस्थानों को स्पष्टता एवं विश्वास के साथ कार्य करने में सक्षम बनाते हैं।'' उन्होंने इसी संदर्भ में जीएसटी में सुधार, सालाना 12 लाख रुपये तक कमाने वालों को आयकर से मुक्त रखने के कदम, सरल और आधुनिक आयकर अधिनियम, 2025 को लागू किये जाने, छोटी और मझौली कंपनियों की परिभाषाओं में बदलाव कर उन्हें रियायतों और लाभों की चिंता किये बिना कारोबार और निवेश के विस्तार के लिए प्रोत्साहित करने और बीमा क्षेत्र में शत प्रतिशत प्रत्यक्ष विदेशी निवेश की अनुमति जैसे बड़े कदमों का जिक्र किया। उन्होंने प्रतिभूति बाजार विनियमन में सुधार के लिए संसद में प्रस्तुत प्रतिभूति बाजार संहिता विधेयक, समुद्री और समुद्री संसाधनों वाली अर्थव्यवस्था में सुधार के लिए वर्ष के दौरान पारित तटीय जहाजरानी, मर्चेंट शिपिंग, भारतीय बंदरगाह विधेयक और समुद्र मार्ग से माल ढुलाई आदि क्षेत्रों से जुड़े पाँच ऐतिहासिक कानूनों को पारित कराये जाने का भी जिक्र किया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि जन विश्वास बढ़ाने के लिये सैकड़ों ● शेष पेज 11 पर

## संक्षेप

### आयकर विभाग की लुलु मॉल पर कार्रवाई, 27 करोड़ टैक्स न देने पर कंपनी का बैंक खाता फ्रीज

**लखनऊ।** आयकर विभाग ने लुलु मॉल का बैंक खाता फ्रीज कर दिया है। जानकारी अनुसार, 27 करोड़ रुपये के आयकर का भुगतान न किए जाने पर यह कदम उठाया गया। सूत्रों के मुताबिक, जांच के दौरान कर देनदारी और लेनदेन से जुड़े कई दस्तावेजों की समीक्षा की गई, जिसमें कर चोरी के संकेत मिले। आयकर विभाग का कहना है कि बकाया कर राशि को लेकर कंपनी को पहले नोटिस जारी किए गए थे, लेकिन तय समयसीमा में भुगतान नहीं किया गया। इसके बाद विभाग ने कानून के तहत बैंक खाता फ्रीज करने की कार्रवाई की।

### बहराइच में एक और आदमखोर भेड़िया ढेर

**बहराइच।** उत्तर प्रदेश में बहराइच जिले के कैसरगंज वन रेंज क्षेत्र में वन विभाग ने मंगलवार को रेस्क्यू अभियान के दौरान एक और आदमखोर भेड़िए को मार गिराया। बीते 48 घंटों में यह दूसरा भेड़िया है, जिसे वन विभाग की टीम ने ढेर किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार को भिरयापुरवा गांव के पास भेड़िए की मौजूदगी की सूचना मिलने पर वन विभाग की रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंची। टीम को देखकर भेड़िया खेतों की ओर भागने लगा। काफी देर तक पीछा करने के बाद शूटर ने उसे गोली मार दी। गोली लगने से भेड़िया मौके पर ही ढेर हो गया। अधिकारियों ने बताया कि मारा गया भेड़िया नर था और उसकी उम्र लगभग चार वर्ष बताई जा रही है। शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद अंतिम संस्कार कर दिया गया।

### राममंदिर प्रतिष्ठा द्वादशी कार्यक्रम में मुख्य मेहमान होगे राजनाथ सिंह

**अयोध्या।** अयोध्या में राममंदिर प्रतिष्ठा द्वादशी का मुख्य कार्यक्रम बुधवार को 11 बजे से शुरू होगा, जिसमें मुख्य रूप से रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मौजूद रहेगे। राममंदिर के किसी प्रमुख कार्यक्रम में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह पहली बार भाग लेगे। श्री सिंह राममंदिर आंदोलन से जुड़े प्रमुख नेताओं में शुमार है। वह राममंदिर में स्थित इक पूरक मंदिर ध्वजारोहण भी करेगे। राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की दूसरी वर्षगांठ के मौके पर कल राम मंदिर परिसर में कुछ पास धार्मिक अनुष्ठान भी आयोजित किए गए हैं। प्रतिष्ठा द्वादशी का पांच दिवसीय आयोजन 29 दिसंबर से शुरू हो गया है जो दो जनवरी 2026 तक चलेगा। प्रथम पाली में संगीतमय राम चरित मानस का पाठ और दूसरे पहर रामकथा का आयोजन हो रहा है। कल शाम को अंगद टीला पर कवि सम्मेलन का आयोजन भी है। पौष शुक्ल की द्वादशी को 2024 में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन हुआ था, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आयोजन के मुख्य अतिथि थे। इसी वर्ष 11 जनवरी को प्रतिष्ठा द्वादशी की प्रथम वर्षगांठ मनाई गई थी और इस वर्ष पुनः रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की दूसरी वर्षगांठ श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र मना रहा है। राममंदिर ट्रस्ट द्वारा पौष मास की एकादशी को प्रतिष्ठा द्वादशी मनाई गई ।

# यूपी की ड्राफ्ट मतदाता सूची छह जनवरी को होगी जारी

**कैनविज टाइम्स ब्यूरो**

लखनऊ। यूपी की मतदाता सूची के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) की तारीख फिर बढ़ा दी गई है। दो बार गणना प्रपत्रों के जमा होने की तारीख बढ़ाए जाने के बाद अब ड्राफ्ट मतदाता सूची के प्रकाशन व दावे और आपत्तियों की तिथियां आगे बढ़ाई गई हैं। ड्राफ्ट मतदाता सूची का प्रकाशान बुधवार यानी 31 दिसंबर को किया जाना था, लेकिन अब 6 जनवरी 2026 को जारी की जाएगी। यूपी के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) नवदीप रिणवा के मुताबिक अब 6 जनवरी तक ड्राफ्ट मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा और 6 जनवरी से 6 फरवरी तक दावे और आपत्तियां प्राप्त की जाएंगी।

6 जनवरी से 27 फरवरी तक मतदाताओं को नोटिस देकर स्थिति स्पष्ट करने को कहा जाएगा। इसी अवधि में गणना प्रपत्रों पर निर्णय, दावे व आपत्तियों का निस्तारण किया जाएगा, फिर 6 मार्च को अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन होगा। सीईओ की ओर से सभी जिलों के डीएम को निर्देश दिए गए हैं कि वह शुद्ध मतदाता सूची तैयार करें।

मतदाता सूची में अभी तक 15.44 करोड़ मतदाताओं के नाम थे। एसआईआर की प्रक्रिया में मृत, स्थानांतरित, अनुपस्थित व अन्य कारणों से 2.89 करोड़ मतदाताओं के नाम सूची से बाहर किए गए हैं। यूपी की ड्राफ्ट मतदाता सूची में 12.55 करोड़ लोगों के नाम होंगे। सीईओ ने कहा है कि यूपी विधानसभा चुनाव में अभी एक साल से अधिक समय है। इसलिए मतदाता सूची तैयार करने में किसी भी तरह की गड़बड़ी न हो और मतदाताओं को किसी तरह की कठिनाई न हो, इसके लिए तारीख बढ़ाई गई है। इससे पहले गणना प्रपत्र जमा करने की तारीख पहले चार दिसंबर से बढ़ाकर 11 दिसंबर और फिर 26 दिसंबर की गई थी। अब ड्राफ्ट मतदाता सूची तैयार करने के लिए पर्याप्त समय जिलों को मिले इसके लिए बुधवार को जारी होने वाली ड्राफ्ट मतदाता सूची, दावे व आपत्तियों का समय बढ़ाया गया है। नए मतदाता जोड़ने का काम भी तेज एक जनवरी 2026 को 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में शामिल करने का अभियान भी तेजी से चल रहा है। सभी जिलों के डीएम को निर्देश दिए गए हैं कि वे बीएलओ को अधिक संख्या में फॉर्म-6 छपवाकर दें, जिससे युवाओं को मतदाता फॉर्म भरने के लिए भटकना न पड़े। ऑनलाइन आवेदन फॉर्म भरवाने के लिए भी युवाओं व अन्य लोगों को जागरूक किया जा रहा है।

### चुनाव आयोग ने एसआईआर की तारीखें बदलीं



### एसआईआर का नंबर गेम

नाम कटने वाले मतदाताओं की संख्या–2.89 करोड़, स्थाई स्थानांतरित मतदाता–1.29 करोड़, मृतक मतदाता– 46.23 लाख, खोजे नहीं मिले व गायब – 79.52 लाख, पहले से पंजीकृत (डुप्लीकेट)– 25.47 लाख, अन्य कारणों से नाम कटने वाले वोटर – 7.74 लाख।

### इन 10 जिलों में कटेंगे सबसे ज्यादा नाम

लखनऊ 12 लाख, प्रयागराज 11.56 लाख, कानपुर नगर 9.02 लाख, आगरा 8.36 लाख, गाजियाबाद 8.18 लाख, बरेली 7.14 लाख, मेरठ 6.65 लाख, गोरखपुर 6.45 लाख, सीतापुर 6.23 लाख, जौनपुर 5.89 लाख।

# बंगाल के लोग तृणमूल सरकार के कुशासन को खत्म करने का ले चुके हैं संकल्प : शाह

**एजेंसी**

कोलकाता/नयी दिल्ली। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि पश्चिम बंगाल में जनता तृणमूल कांग्रेस सरकार के 'कुशासन' से त्रस्त है और बदलाव चाहती है, राज्य के आगामी विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को दो तिहाई बहुमत से जीत मिलेगी।

राज्य के दौरे पर आये श्री शाह ने कोलकाता में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पश्चिम बंगाल की जनता ममता बनर्जी के 14 साल के कुशासन से त्रस्त और तंग आकर बदलाव का मन बना चुकी है। उन्होंने कानून व्यवस्था , महिला सुरक्षा, उद्यमों के राज्य से बाहर भागने, वृद्धि दर में गिरावट, प्रति व्यक्ति आय में कमी समेत तमाम मुद्दों पर



टीएमसी की ममता सरकार को घेरा। श्री शाह ने विश्वास जताया कि आगामी अप्रैल में होने वाले राज्य विधानसभा चुनाव में जनता भय, भ्रष्टाचार, कुशासन और घुसपैठ को बढ़ावा देने वाली तृणमूल कांग्रेस को दरकिनार कर के विकास, विरासत और गरीब कल्याण के लिये एक मजबूत सरकार बनाने का संकल्प ले चुकी है। श्री शाह ने कहा, ''प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हम बंगाल की जनता को आश्वासन देना चाहते हैं और वादा भी करते हैं कि राज्य में भाजपा की सरकार बनने के साथ ही यहां की विरासत को पुनर्जीवित करेंगे, विकास की गंगा फिर से तेज गति से बहेगी और गरीब कल्याण को प्राथमिकता दी जाएगी। श्री शाह ने कहा कि ममता राज में बंगाल में पिछले 14 वर्षों से भय और भ्रष्टाचार, बंगाल की पहचान बना हुआ है। उन्होंने कहा, ''15 अप्रैल, 2026 के बंगाल में भाजपा की सरकार बनने के साथ ही हम बंग गौरव, बंग संस्कृति और उसके पुनर्ज़ागरण की शुरुआत करेंगे।'' उन्होंने कहा कि भाजपा पश्चिम बंगाल को स्वामी विवेकानंद, बंकिम चंद्र चटर्जी, गुरुदेव रविंद्रनाथ टैगोर, श्यामा प्रसाद मुखर्जी के सपनों का बंगाल बनाने का प्रयास करेगी। श्री शाह ने ● शेष पेज 11 पर

### यूपी का ऐतिहासिक प्रदर्शन, नौ स्वर्ण समेत जीते 31 पदक

लखनऊ। नौवीं वूशू नेशनल फ़ेडरेशन कप प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश की वुशू टीम ने जुझारूपन और उत्कृष्ट खेल कौशल का परिचय देते हुए नौ स्वर्ण सहित कुल 31 पदक अपने नाम किये। राजनांदगांव (छत्तीसगढ़) में 24 से 30 दिसंबर तक आयोजित इस प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश ने सीनियर पुरुष व सीनियर महिला टीम ने ऑल इंडिया रैंकिंग में शीर्ष चार में स्थान हासिल किया, जिसे प्रदेश के वूशू इतिहास की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। उत्तर प्रदेश टीम ने प्रतियोगिता में नौ स्वर्ण, 12 रजत और 10 कांस्य पदक अर्जित कर अपनी ● शेष पेज 11 पर

# संभल में सरकारी भूमि पर निर्मित मस्जिद को किया जाएगा ध्वस्त

**एजेंसी**

संभल। संभल में सरकारी भूमि पर अवैध रूप से निर्मित मदीना मस्जिद को ध्वस्त किया जाएगा। प्रशासन ने हाजी शमीम पर 8.78 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया है। कार्रवाई के लिए लेखपालों की एक टीम गठित की गई है। पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहेगा और दो नगर निकायों के अधिशासी अधिकारियों (ईओ) को जेसीबी और ट्रैक्टर-ट्रॉली के साथ मौके पर मौजूद रहने के निर्देश दिए गए हैं। यह मामला संभल जनपद के असमोली सर्किल के ऐंचौड़ा कम्बोह क्षेत्र के गांव सलेमपुर सलार उर्फ हाजीपुर का है। गाटा संख्या 641 की नवीन पर्ती श्रेणी की 439 वर्ग मीटर भूमि पर मदीना मस्जिद का निर्माण किया गया था। कुल 0.212 हेक्टेयर भूमि इस प्रकरण से जुड़ी है। तहसीलदार धीरेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि हाजी शमीम के खिलाफ बेदखली के आदेश जारी किए गए थे। सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे के मामले में उन पर 8.78 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया गया था। लेखपालों की टीम का गठन 28 दिसंबर को नायब तहसीलदार ● शेष पेज 11 पर

# बंगलादेश की पहली महिला प्रधानमंत्री बेगम खालिदा जिया का निधन

**एजेंसी**

ढाका। बंगलादेश की पूर्व प्रधानमंत्री और तीन दशकों से अधिक समय तक देश की राजनीति में एक प्रभावशाली व्यक्तित्व रहीं बेगम खालिदा जिया का लंबी बीमारी के बाद मंगलवार को यहां निधन हो गया।

भारत के वर्तमान पश्चिम बंगाल के जलपाईगुड़ी में 1945 में जन्मी बेगम खालिदा जिया गत अगस्त में 80 वर्ष की हुई थीं। वह हृदय और फ़ेफड़ों के गंभीर संक्रमण से जूझ रही थीं। उन्होंने ढाका के एवरकेयर अस्पताल में सुबह छह बजे अंतिम सांस ली, जहाँ पिछले पांच हफ्तों से उनका इलाज चल रहा था। बंगलादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) ने उनके निधन की पुष्टि करते हुए एक बयान में कहा, ''बीएनपी अध्यक्ष और पूर्व प्रधानमंत्री बेगम खालिदा जिया का आज सुबह 6:00 बजे, फज्र की नमाज के कुछ समय बाद निधन हो गया।'' उनका अंतिम संस्कार बुधवार को ढाका के मानिक मियां एवेन्यू में किया जाएगा। बेगम जिया 1991 से 1996 तक और फिर 2001 से 2006 तक देश की प्रधानमंत्री रहीं। वह लोकतांत्रिक प्रक्रिया के माध्यम से इस पद को संभालने वाली देश की पहली महिला थीं। उनके पति जनरल जिया उर रहमान एक स्वतंत्रता सेनानी और देश के पूर्व सैन्य शासक थे। इसी महीने की शुरुआत में उनके बेटे तारिक रहमान लंबे समय के स्वघोषित निर्वासन के बाद फरवरी 2026 में होने वाले चुनावों के मद्देनजर और अपनी बीमार मां के पास रहने के लिए 25 दिसंबर को ब्रिटेन से वापस लौटे थे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उनके निधन पर दुख व्यक्त करते हुए कहा कि भारत बंगलादेश के बीच संबंधों में उनके योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा। प्रधानमंत्री ने 'एक्स' पर लिखा, ''बंगलादेश की पूर्व प्रधानमंत्री और बीएनपी अध्यक्ष बेगम खालिदा जिया के निधन के बारे में जानकर गहरा दुख हुआ। उनके परिवार और बंगलादेश के सभी लोगों के प्रति हमारी संवेदनाएं। बंगलादेश के विकास और भारत-बांग्लादेश संबंधों में उनके योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा।'' श्री मोदी ने 2015 में ढाका में उनके साथ हुई अपनी मुलाकात को भी याद किया। बंगलादेश की अंतरिम सरकार के



मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस ने खालिदा जिया के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा है कि उनके निधन से 'देश ने एक अनुभवी और संरक्षक राजनेता को खो दिया है।' उन्होंने बेगम जिया के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा, ''अपने अडिग नेतृत्व के माध्यम से उन्होंने देश को बार-बार अलोकतांत्रिक परिस्थितियों से मुक्त कराया।'' मोहम्मद यूनुस ने पूर्व प्रधानमंत्री को याद करते हुए कहा कि बेगम खालिदा जिया केवल किसी राजनीतिक दल की नेता नहीं थीं। वह बंगलादेश के इतिहास के एक महत्वपूर्ण अध्याय का प्रतिनिधित्व करती थीं। उन्होंने कहा, ''लोकतंत्र की स्थापना, बहुदलीय राजनीतिक संस्कृति और जनता के अधिकारों के लिए उनकी भूमिका को हमेशा याद रखा जाएगा। राजनीतिक मतभेदों के बावजूद राष्ट्रीय कल्याण को समर्पित उनकी लंबी राजनीतिक यात्रा, जनता-केंद्रित नेतृत्व और उनका दृढ़ संकल्प हमेशा मार्गदर्शक रहा।'' निर्वासन में भारत में रह रहीं बंगलादेश अवामी लीग की अध्यक्ष शेख हसीना ने भी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा, ''राष्ट्र के लिए उनका योगदान महत्वपूर्ण था और उसे याद रखा जाएगा। उनका निधन बंगलादेश के राजनीतिक जीवन और बीएनपी के नेतृत्व के लिए एक बड़ी क्षति है।'' कभी खालिदा जिया की कट्टर प्रतिद्वंद्वी रहीं श्रीमती हसीना ने कहा, ''मैं बेगम खालिदा जिया की आत्मा की शांति और क्षमा के लिए प्रार्थना करती हूँ और उनके बेटे तारिक रहमान तथा उनके परिवार के प्रति अपनी सहानुभूति व्यक्त करती हूँ।'' राजनीति पर्यवेक्षकों का मानना है कि बेगम जिया का निधन एक युग के अंत का प्रतीक है। उनके निधन से उनकी पार्टी बीएनपी को मतदाताओं की सहानुभूति का चुनावों में लाभ मिल सकता है। गौरतलब है कि अपनी लंबे समय की प्रतिद्वंद्वी शेख हसीना के साथ बेगम खालिदा जिया ने बंगलादेश के राजनीतिक परिदृश्य पर अपना दबदबा बनाए रखा। बंगालदेश की राजनीति की इन दो हस्तियों की राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता ने दशकों तक देश की राजनीति को आकार दिया। बेगम खालिदा जिया के निधन पर प्रतिक्रिया देते हुए बंगलादेश में भारत की पूर्व उच्चायुक्त रीवा गांगुली दास ने यूनीवार्ता को बताया, ''यह एक युग का अंत है। हमने उनके साथ तब भी काम किया है जब वे विपक्ष में थीं।'' उन्होंने बताया कि भारत ने उनके लिए तब भी रेड कारपेट बिछाया था जब वे विपक्ष में थीं और भारत दौरे पर आई थीं। उन्होंने कहा, ''जो लोग कहते हैं कि हमने केवल एक ही पार्टी के साथ संबंध बनाए, वे तथ्यों से अनभिज्ञ हैं। बेगम जिया की विरासत पर हालांकि उनके देशवासियों की राय बंटी हुई है। निर्वासित बंगलादेशी कवयित्री और लेखिका तस्लीमा नसरीन ने बताया, ''बेगम जिया का एक साधारण गृहिणी से प्रधानमंत्री बनने तक का सफर बहुत तेज़ रहा। उनके जीवन में किसी चीज़ की कमी नहीं थी, सिवाय उन दो वर्षों के जो उन्होंने जेल में बिताए। लेखिका ने पूर्व प्रधानमंत्री के शासनकाल में अपनी किताबों पर लगाए गये प्रतिबंध का हवाला देते हुए पूछा, ''उन्होंने 'लज्जा' ● शेष पेज 11 पर

### अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए बंगलादेश जाएंगे जयशंकर

नयी दिल्ली। विदेश मंत्री डा. एस. जयशंकर बंगलादेश की पूर्व प्रधानमंत्री बेगम खालिदा जिया के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए बुधवार को बंगलादेश जाएंगे। विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को बताया कि डा. जयशंकर बेगम खालिदा जिया के अंतिम संस्कार में शामिल होंगे और भारत तथा भारत के लोगों का प्रतिनिधित्व करेंगे। दोनों देशों के बीच हाल के घटनाक्रमों को देखते हुए डा. जयशंकर के बेगम जिया के अंतिम संस्कार में भाग लेने को महत्वपूर्ण कदम के रूप में देखा जा रहा है।

# बछरावां चेयरमैन ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष से की शिष्टाचार मुलाकात

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बछरावां,रायबरेली। बछरावां नगर पंचायत चेयरमैन शिवेंद्र सिंह उर्फ राम जी ने आज लखनऊ बटर हाउस में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व केंद्रीय मंत्री माननीय पंकज चौधरी से शिष्टाचार भेंट किया। इस मौके पर चेयरमैन शिवेंद्र सिंह उर्फ राम जी ने माननीय प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी को अंग वस्त्र व पुष्प गुच्छ भेंट करके आशीर्वाद प्राप्त किया। वही इस मौके पर नगर पंचायत की विकास योजनाओं, नगर पंचायत के विस्तार, विकास व जनहित की समस्याओं को लेकर चर्चा की। माननीय प्रदेश अध्यक्ष ने बछरावां चेयरमैन को आश्वस्त किया कि बछरावां नगर पंचायत प्राथमिकता प्रदान करते हुए सरकार द्वारा हर संभव सहयोग प्रदान किया जाएगा। वहीं इसके साथ ही साथ केंद्र व राज्य सरकार की जनहित कारी योजनाओं को आम जनमानस तक पहुंचाने के लिए निर्देशित किया जिससे अंतिम पायदान का व्यक्ति भी जनहित कारी योजनाओं से लाभान्वित हो सके।

## स्वस्तिका सिटी में सड़क विवाद ने पकड़ा तूल

# ब्लॉक प्रमुख, गनर और अज्ञात पर गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**स्वास्तिका सिटी, अहिमा मऊ, सुशांत गोल्फ सिटी कोतवाली क्षेत्र की घटना**

**पुलिस लापरवाही पर गिरी गाज, इंस्पेक्टर उपेंद्र सिंह लाइन हाजिर**



लखनऊ। सुशांत गोल्फ सिटी कोतवाली क्षेत्र स्थित अहिमा मऊ की स्वास्तिका सिटी में, ब्लॉक प्रमुख ने उसके प्लॉट के बगल से जा रही 20 फिट चौड़ी सड़क को बंद कर दिया,और उस दीवार बनाने लगे,कॉलोनी के लोगों ने जब इसका विरोध किया तो, ब्लॉक प्रमुख, उसके गनर,और आठ से 10 अज्ञात लोगों ने अभद्रता करते हुए असलहा तान दिया,एक व्यक्ति को जाति सूचक गालियां देते हुए मारा पीटा, और जान से मारने की धमकीं दी,साथ ही पूर्व सांसद से भी धमकी दिलाई।

पीड़ितों की तहरीर पर पुलिस मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश कर रही है। धीरेंद्र मणि, कौशल तिवारी, रामू, और सुनीता सिंह आदि द्वारा पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि प्रार्थीगण के बगल में ही विनय सिंह (ब्लाक प्रमुख विकासखंड महाराजगंज जौनपुर उ0प्र0) की पत्नी मांडवी सिंह द्वारा भी 4500 वर्ग फिट जमीन लेकर मकान बनाया गया है। उनके बैनामें में चौहद्दी में दक्षिण तरफ 20 फीट रोड दर्शाया गया है। जो कि विगत 20 वर्षों से डामर रोड के रूप में आवागमन के लिये सुचारु से संचालित है।

यह सड़क कलोनी का मुख्य मार्ग है। उसी रोड को बीते 29 दिसंबर को समय करीब लगभग 4 बजे विनय सिंह व उनके सरकारी गनर व उनके साथ 8 से 10 प्राइवेट असलाधारी द्वारा कलोनी वासियों को जान से मार डालने की धमकी देते हुए ईट की दीवार बनाकर बंद करने का प्रयास कर रहे थे। जब प्रार्थी गण विरोध करने लगे तो उपरोक्त विनय सिंह आदि द्वारा लाइसेंसी राइफल, बंदूक निकालकर जान से मार डालने की धमकी देते हुए सबको को दौड़ा लिए। विनय सिंह का सरकारी गनर ने कॉलोनी के ही रहने वाले रामू पुत्र मैकूलाल निवासी अहिमामऊ लखनऊ भी थे उनको भी जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए चमार साले कहकर जान से मारने के लिए विनय सिंह लाइसेंसी राइफल लेकर दौड़ा लिए और रामू को मारते हुए गिरा दिए। जिसकी वजह से रामू बेहोश हो गया। जिसको उठाकर प्रार्थीगण द्वारा पानी की छीटे डालकर होश में लाया गया। उपरोक्त व्यक्ति बहुत ही दबंग और आपराधिक प्रवृत्ति का है जिसका अपराधिक इतिहास है जो अपने साथ अपराधियों को लेकर चलता है। जिसकी वजह से कलोनी के लोग डरे सहमे हैं और वह कहता है कि रोड हम बंद करके इस पर मकान बनवायेंगे और जो सामने आयेगा उसकी हत्या कर देंगे। विनय सिंह अपने को पूर्व सांसद धनन्जय सिंह का रिश्तेदार बताते हैं। अपने मोबाइल से बात कराते हैं, घटना के समय भी पूर्व सांसद धनन्जय सिंह से बात कराकर धमकी दिलवा रहे थे। जिसका वीडियो रिकॉर्डिंग मोबाइल में प्रार्थी गण के पास सुरक्षित है। और धमकी देते हैं कि जिसको चाहूंगा जान से मरवा दूंगा कलोनी की महिलाये, बच्चे भी डरे सहमें रहते हैं। ये लोग महिलाओं के ऊपर भी छीटा कसी करते हैं। जो पक्की सड़क विनय सिंह के घर के दक्षिण आवागमन के लिये बनी हुई है, जिससे कलोनी के लोग आते जाते हैं जो की कलोनी का मुख्य मार्ग है। वहीं विनय सिंह की तहरीर पर कौशल तिवारी, सहित 15 अज्ञात लोगों पर घर की बाउंड्री वाल गिराने का मुकदमा दर्ज कराया है। सुशांत गोल्फ सिटी कोतवाली पुलिस ने विनय पर अनुसूचित जाति, जनजाति अधिनियम सहित कई गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश कर रही है।

पुलिस की इस कार्रवाई से कॉलोनी के नागरिकों में भारी नाराज़गी फैल गई। लोगों का आरोप है कि प्रभावशाली व्यक्ति को संरक्षण देने के लिए आम नागरिकों को आरोपी बनाया गया। इसके विरोध में बड़ी संख्या में स्वस्तिका सिटी के निवासी पुलिस कमिश्नर कार्यालय पहुंचे और निष्पक्ष जांच की मांग की।

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस कमिश्नर ने सुशांत गोल्फ सिटी थाने के इंस्पेक्टर उपेंद्र सिंह को तत्काल प्रभाव से लाइन हाजिर कर दिया है। यह कार्रवाई पुलिस की भूमिका पर उठे सवालों के बाद की गई है। फिलहाल प्रकरण की उच्चस्तरीय जांच की मांग की जा रही है। कॉलोनीवासियों ने चेतावनी दी है कि यदि सार्वजनिक रास्ते पर हुए अवैध निर्माण के खिलाफ सख्त कार्रवाई नहीं की गई तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

# खाद्य एवं रसद विभाग की विभागीय समीक्षा बैठक, अन्नपूर्णा भवनों के बाबत दिए निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। उत्तर प्रदेश के सतीश चन्द्र शर्मा, राज्यमंत्री, खाद्य तथा रसद एवं नागरिक आपूर्ति विभाग की अध्यक्षता में आज धान खरीद तथा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अन्तर्गत विभागीय की समीक्षा बैठक हुई। इस बैठक में रणवीर प्रसाद प्रमुख सचिव , अनामिका सिंह आयुक्त, कामता प्रसाद सिंह अपर आयुक्त (स्थापना), सत्यदेव, अपर आयुक्त (आपूर्ति), कमलेन्द्र कुमार वित्त नियंत्रक तथा धान क्रय संस्थाओं के प्रदेश स्तरीय अधिकारियों समेत प्रदेश स्तरीय अधिकारियों ने हिस्सा लिया।

बैठक में अन्नपूर्णा भवनों के निर्माण के सम्बन्ध में जानकारी दी गई कि 200 करोड़ रुपए के वित्तीय प्राविधान के परिप्रेक्ष्य में अब तक 74 जनपदों से जिलाधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित कार्य योजना प्राप्त हो गयी है। विभागीय बजट से वित्तीय वर्ष 2025-26 में अन्नपूर्णा भवन के निर्माण के सम्बन्ध में अद्यतन 49 जनपदों द्वारा कार्यदायी संस्था को धनराशि अंतरित करायी जा चुकी है। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजनान्तर्गत आच्छादित लाभार्थियों को प्रथम चरण के अन्तर्गत माह अक्टूबर 2025 के प्रारम्भ से निःशुल्क सिलेण्डर रिफिल डिलीवरी कराए जाने का कार्य हो रहा है। इसी प्रकार विवाहित महिलाओं के यूनिट स्थानान्तरण हेतु कुल 7,316 प्रकरण प्राप्त हुए हैं, जिन पर कार्यवाही प्रगतिमान है। प्रदेश स्तर पर लम्बित आवेदनों को नियमानुसार जाँच कर उनके राशन कार्ड निर्गत किए जा रहे हैं। राज्य स्तर पर अब तक 92.09 प्रतिशत लाभार्थियों की ई-केवाईसी करायी जा चुकी है। माह नवम्बर 2025 में आवश्यक वस्तुओं के वितरण में अनियमितता के दृष्टिगत कुल 36 उचित दर विक्रेताओं पर प्राथमिकी दर्ज करायी गयी, 60 उचित दर विक्रेताओं के अनुबंध निलंबित तथा 133 उचित दर विक्रेताओं के अनुबंध पत्र निरस्त किए गए। शासन के पक्ष रुपए 28.31 लाख की प्रतिभूति की धनराशि जब्त की गयी। विभागीय मंत्री ने निर्देश दिए हैं कि जिलों में पात्र लाभार्थियों का सत्यापन कराते हुए, नियमानुसार नवीन राशन कार्ड निर्गत किए जाएं। नवीन पात्र लाभार्थियों को नवीन निर्गत किए जाने वाले राशन कार्डों का वितरण जन प्रतिनिधियों के माध्यम से सुनिश्चित कराया जाए। जिन राशन कार्ड धारकों के सदस्य भारत से बाहर विदेश नौकरी करने गए हैं तथा उनकी आय अधिक होने के कारण वह अपात्र हो गए हैं।

उनके राशन कार्ड आय सीमा अधिक होने के दृष्टिगत निरस्त कर दिए जाएं। उक्त के साथ-साथ मृत व्यक्तियों के राशन कार्ड भी निरस्त कर पात्र लाभार्थियों को राशन कार्ड निर्गमित किए जाएं। ऐसी महिलाएं जिनका विवाह हो गया है, उनके यूनिटों को उनके ससुराल में जोड़ने की कार्यवाही तत्परता से की जाए। लाभार्थियों की शत-प्रतिशत ई-केवाईसी पूर्ण करायी जाए।

# लखनऊ में सड़क किनारे लाई–चना बेचने वाला व्यक्ति का मिला शव

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के थाना विकासनगर क्षेत्र में मंगलवार सुबह सड़क किनारे एक व्यक्ति का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुँची और शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू की। थाना प्रभारी विकासनगर, आलोक कुमार सिंह ने बताया कि आज प्रातः लगभग 08:22 बजे डायल-112 के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई थी कि विकासनगर रोड के किनारे एक व्यक्ति अचेत अवस्था में पड़ा हुआ है। सूचना पर थाना स्थानीय पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुँची, जहाँ लगभग 50 वर्ष आयु का एक व्यक्ति सड़क किनारे अचेत अवस्था में पड़ा मिला, जिसके सिर पर चोट के स्पष्ट निशान थे। पुलिस टीम द्वारा तत्काल उसे डॉ. राम मनोहर लोहिया चिकित्सालय भेजा गया, जहाँ चिकित्सकों द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया गया। उन्होंने बताया कि आसपास मौजूद लोगों और क्षेत्रीय निवासियों से पूछताछ के आधार पर प्रथम दृष्टया मृतक की पहचान लाला राम वर्मा पुत्र सालिकराम, उम्र लगभग 50 वर्ष, निवासी ग्राम चंदेशुआ, थाना लहरपुर, जनपद सीतापुर के रूप में हुई है।

## यूपी बोर्ड परीक्षा 2026 के लिए परीक्षा केंद्र फाइनल, 8033 केंद्रों पर होगी परीक्षा

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद (यूपी बोर्ड) ने वर्ष 2026 की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा को लेकर तैयारियां पूरी कर ली हैं। बोर्ड द्वारा परीक्षा केंद्रों को अंतिम रूप दे दिया गया है। प्रदेश भर में कुल 8033 परीक्षा केंद्रों पर यूपी बोर्ड की परीक्षाएं आयोजित की जाएंगी। यूपी बोर्ड की कक्षा 10वीं और 12वीं की परीक्षाएं 18 फरवरी से शुरू होकर 12 मार्च 2026 तक चलेंगी। इस बार परीक्षा में कुल 52 लाख 30 हजार 297 परीक्षार्थी पंजीकृत हैं, जो अब तक के बड़े आंकड़ों में से एक है। आंकड़ों के अनुसार हाईस्कूल (10वीं) में 27 लाख 50 हजार 945 छात्र–छात्राएं पंजीकृत हैं, जबकि इंटरमीडिएट (12वीं) परीक्षा में 24 लाख 79 हजार 352 परीक्षार्थी शामिल होंगे। बोर्ड की ओर से नकलविहीन और शांतिपूर्ण परीक्षा कराने के लिए विशेष निगरानी व्यवस्था और सख्त दिशा–निर्देश लागू किए जाएंगे। परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा, सीसीटीवी निगरानी और उड़नदस्तों की तैनाती के साथ परीक्षा को पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने की तैयारी की जा रही है।

## एसीपी बारा ने थाना लालापुर का किया निरीक्षण, दिए सख्त निर्देश

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** कमिश्नरेट में कानून व्यवस्था को और मजबूत बनाने के उद्देश्य से एसीपी बारा निकिता श्रीवास्तव ने सोमवार को थाना लालापुर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मातहत पुलिसकर्मियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। एसीपी ने स्पष्ट कहा कि क्षेत्र में अपराध और अवैध गतिविधियों पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाई जाए। लंबित विवेचनाओं को पारदर्शिता के साथ तय समय में पूरा करने के निर्देश दिए गए। महिलाओं की सुरक्षा को प्राथमिकता देने, आमजन की शिकायतों का त्वरित निस्तारण करने और थाने आने वाले फरियादियों के साथ शालीन व्यवहार व नियमित जनसुनवाई सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया।

## माघ मेले में श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोपरि : पुलिस कमिश्नर व मंडलायुक्त

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** आगामी माघ मेले में श्रद्धालुओं की सुरक्षा और व्यवस्था को लेकर पुलिस कमिश्नर जोगेंद्र कुमार और मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल ने बयान जारी किया। अधिकारियों ने कहा कि मेला क्षेत्र में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। भीड़ प्रबंधन, यातायात व्यवस्था, निगरानी और आपात सेवाओं को लेकर विशेष योजना बनाई गई है। मेला क्षेत्र में पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती के साथ सीसीटीवी कैमरों और कंट्रोल रूम के माध्यम से निगरानी की जाएगी। श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए प्रशासन पूरी तरह सतर्क और तैयार है।

## प्रयागराज में घुड़सवार पुलिस टीम और कमजोर, घोड़ों की संख्या 31 से घटकर 24

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** पुलिस महकमे की घुड़सवार टीम पहले से ही संसाधनों की कमी से जूझ रही थी, अब शासन के फैसले ने इसे और कमजोर कर दिया है। प्रयागराज कमिश्नरेट में घुड़सवार पुलिस के लिए पहले 31 घोड़ों की स्वीकृत संख्या थी, जिसे अब घटाकर 24 कर दिया गया है। शासन स्तर से इस संबंध में आदेश जारी हो चुका है। वर्तमान स्थिति यह है कि विभाग के पास केवल 16 घोड़े ही उपलब्ध हैं, यानी नई स्वीकृत संख्या के मुकाबले भी अभी आठ घोड़ों की कमी बनी हुई है। पहले उम्मीद जताई जा रही थी कि मुख्यालय स्तर से घोड़ों की खरीद कर कमी पूरी की जाएगी, लेकिन इसके बजाय संख्या ही कम कर दी गई। अधिकारियों के अनुसार अब केवल सात नए घोड़े ही उपलब्ध कराए जाएंगे। पुलिस विभाग ने इसकी मांग भेज दी है। प्रतिसार निरीक्षक उदयपाल सिंह ने बताया कि घोड़ों की खरीद की विभागीय प्रक्रिया उच्च स्तर पर शुरू हो चुकी है। घोड़ों के साथ–साथ घुड़सवारों की भी भारी कमी है। नियमानुसार एक घोड़े पर एक घुड़सवार होना चाहिए, लेकिन वर्तमान में 16 घोड़ों के मुकाबले आईआर सहित केवल नौ घुड़सवार तैनात हैं। ऐसे में एक–एक घुड़सवार को दो–दो घोड़े संभालने पड़ रहे हैं, जिससे घोड़ों की नियमित राइडिंग और प्रशिक्षण प्रभावित हो रहा है।

## माघ मेले में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए प्रयागराज से कई रूटों पर चलेंगी स्पेशल ट्रेनें

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** माघ मेले के दौरान श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए रेलवे ने विशेष ट्रेनों के संचालन की तैयारी पूरी कर ली है। प्रयागराज जंक्शन, प्रयागराज छिवकी और नैनी स्टेशनों से कानपुर सेंट्रल, पं. दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन, सतना और चित्रकूट धाम के लिए स्पेशल ट्रेनें चलाई जाएंगी। ये स्पेशल ट्रेनें 3–4 जनवरी, 15–16 जनवरी, 18–19 जनवरी, 23–24 जनवरी, 1–2 फरवरी और 15–16 फरवरी को संचालित होंगी। कानपुर सेंट्रल के लिए प्रयागराज जंक्शन से दो विशेष ट्रेनें (00101 व 00102) शाम 6 बजे और रात 8.25 बजे प्रस्थान करेंगी, जो क्रमशः रात 10.30 बजे और देर रात 1.55 बजे कानपुर पहुंचेंगी। पं. दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन के लिए प्रयागराज जंक्शन से दो ट्रेनें (00201 व 00202) दोपहर 1 बजे और शाम 7 बजे तथा प्रयागराज छिवकी से एक ट्रेन (00401) शाम 5.30 बजे रवाना होगी। सतना के लिए प्रयागराज जंक्शन और छिवकी से भी स्पेशल ट्रेनें चलाई जाएंगी, जबकि चित्रकूट धाम के लिए नैनी स्टेशन से ट्रेन संचालित होगी। उत्तर मध्य रेलवे (एनसीआर) की पीआरओ रिंगनी सिंह ने बताया कि माघ मेले के दौरान चलाई जाने वाली सभी विशेष ट्रेनें अनारक्षित होंगी, जिनमें यात्री साधारण किराए पर सफर कर सकेंगे।

## 20 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद व 150 किलोग्राम महुआ लहन बरामद कर मौके पर नष्ट

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर के आदेशानुसार अवैध शराब के निर्माण, बिक्री एवं तस्करी के विरुद्ध जारी विशेष प्रवर्तन अभियान के अन्तर्गत जिला आबकारी अधिकारी के नेतृत्व में ,आबकारी निरीक्षक क्षेत्र– 01 अखिलेश कुमार की टीम द्वारा विभिन्न स्थानों पर दबिश की कार्यवाही की गयी। टीम द्वारा तहसील महराजगंज के थाना बछरावां अंतर्गत ग्राम उपरापुर एव मदनपुर में अवैध कच्ची शराब बनाने के अड्डों/संदिग्ध घरों पर दबिश की कार्यवाही की गई। दबिश के दौरान 20 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गई तथा लगभग 150 किलोग्राम महुआ लहन बरामद कर मौके पर नष्ट करते हुए 01 अभियोग आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में पंजीकृत किये गए। जिले में अवैध शराब के निर्माण एव बिक्री पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु इस तरह की कार्यवाही आगे भी जारी रहेंगी।

## पिकअप की टक्कर से युवक की मौत

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के आलमबाग थाना क्षेत्र में सोमवार देर रात को पिकअप वाहन की टक्कर से एक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने पिकअप वाहन को कब्जे में लेकर चालक को हिरासत में ले लिया है। थाना प्रभारी सुभाष चंद्र ने मंगलवार को बताया कि थाना आलमबाग में नाका हिंडोला थाना क्षेत्र के विजय नगर निवासी शशि सिंह ने बताया कि उनका बेटा आशीर्वाद सिंह राना (27) बंगला बाजार में काम करता था।

# प्रवर्तन अभियान जारी रखने के निर्देश

रायबरेली। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर के निर्देशन में अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में एनकार्ड की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में नशीली दवाओं, अवैध शराब निर्माण की रोकथाम के लिए अब तक हुई कार्रवाइयों की विस्तार से समीक्षा की गई और आगामी रणनीति पर चर्चा की गई। अपर जिलाधिकारी ने निर्देश देते हुए कहा कि नशा मुक्ति अभियान को प्रभावी बनाते हुए विद्यार्थियों एवं युवाओं को जागरूक किया जाए, ताकि समाज में नशे की प्रवृत्ति पर अंकुश लगाया जा सके। जिला आबकारी अधिकारी ने बताया कि जनपद में अवैध कच्ची शराब के निर्माण करने वालों पर लगातार प्रवर्तन की कार्रवाई की जा रही है। बैठक में जिला आबकारी अधिकारी दिनेश कुमार, एसीएमओ डॉ. अरविंद कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक संजीव सिंह, क्षेत्राधिकारी नगर अरुण कुमार सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# एडीएम की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न

## सुरक्षित व सुगम यातायात के लिए दिए गए आवश्यक दिशा निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रायबरेली। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर के निर्देशन में अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में सड़क सुरक्षा को लेकर व्यापक चर्चा की गई तथा यातायात व्यवस्था को और अधिक सुरक्षित एवं सुगम बनाने हेतु आवश्यक निर्देश जारी किए गए।

बैठक का मुख्य एजेंडा राजमार्गों पर अवैध रूप से निर्मित अवैध कटों को बंद कराना, राष्ट्रीय राजमार्गो पर नियमित रूप से प्रभावी पेट्रोलिंग किया जाना, राष्ट्रीय राजमार्गो पर पार्किंग व्यवस्था, सड़क सुरक्षा से सम्बन्धित की गयी प्रवर्तन कार्यवाही, इन्ट्रीग्रेटेड रोड एक्सीडेन्ट डाटाबेस में विभिन्न विभागों द्वारा रोड एक्सीडेन्ट के सम्बन्ध में एन्ट्री को अद्यतन किया जाना, जनपद में स्थित विभिन्न चौराहों को यातायात की दृष्टि से सुगम व सरल बनाना, सड़कों पर विभिन्न प्रकार के अतिक्रमणों को हटाना, ब्लैक स्पॉट्स के निवारण के सम्बन्ध में समीक्षा की गई।

अपर जिलाधिकारी ने पिछली बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुपालन की भी समीक्षा कर जानकारी ली। उन्होंने सुरक्षा के दृष्टिगत सड़क के किनारे मान्यता प्राप्त/सहायता प्राप्त विद्यालयों में बच्चों को छुटते समय सड़क चौराहें एवं मोड़ पर सड़क पार करते समय बच्चों की सुरक्षा हेतु दो सुरक्षा गार्ड नियुक्त कराये जाने के निर्देश दिये गये। जिन विद्यालयों में उक्त का अनुपालन न किया जा रहा हो उनको नोटिस जारी किया जाये। जनपद में सुरक्षा के दृष्टिगत बिना फिटनेस के चलने वाले वाहनों पर प्रवर्तन की प्रभावी कार्यवाही की जाये। चिन्हित ब्लैक स्पॉट्स पर सुरक्षात्मक कार्य पूर्ण कराकर आवश्यक स्थानों एवं वाहनों पर रिफलेक्टिव टेप लगवाये जाये। शीत ऋतु के दृष्टिगत रखते हुए सभी महात्वपूर्ण स्थानों व सड़कों पर साइनेज, सफ़ेद पट्टी, रिफलेक्टिव टेप, लगाये जाने का कार्य पूर्ण करा लिया जाये। बैठक में पीडब्ल्यूडी अधिशासी अभियंता महिपाल सिंह, डीआईओएस संजीव सिंह, एआरटीओ अरविंद यादव, एसीएमओ डॉ. अरविंद कुमार, क्षेत्राधिकारी नगर अरूण कुमार सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# उपमुख्यमंत्री ने गंगा पर बन रहे सिक्स लेन ब्रिज का किया निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने मंगलवार को मलाक हरहर से बेली चौराहे तक गंगा नदी पर बन रहे सिक्स लेन ब्रिज के निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कार्यदायी संस्था एसपीएस कंस्ट्रक्शन इंडिया प्रा. लि. एवं सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के अधिकारियों से कार्य की प्रगति की जानकारी ली।

उपमुख्यमंत्री ने ब्रिज निर्माण की धीमी रफ्तार पर नाराजगी जताते हुए कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने बताया कि ब्रिज का निर्माण कार्य मई 2026 तक पूर्ण कर लिया जाएगा। उपमुख्यमंत्री ने गुणवत्ता से कोई समझौता न करने और मंत्रालय के अधिकारियों को कार्य की प्रगति व गुणवत्ता की निरंतर निगरानी करने के निर्देश दिए।

मीडिया से बातचीत में उपमुख्यमंत्री ने कहा कि प्रयागराज में इनर रिंग रोड का निर्माण भी किया जा रहा है, जिससे शहर का विकास और आवागमन और अधिक सुगम होगा। उन्होंने बताया कि गंगा और यमुना पर कई पुल, आरओबी और फ्लाईओवर बनाए गए हैं तथा सड़कों के चौड़ीकरण का कार्य भी तेजी से हुआ है।

निरीक्षण के दौरान सांसद फूलपुर प्रवीण पटेल, विधायक फाफामऊ गुरु प्रसाद मौर्य, भाजपा महानगर अध्यक्ष संजय गुप्ता, गंगापार अध्यक्ष निर्मला पासवान सहित जनप्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद रहे।

इसके बाद उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य कैबिनेट मंत्री डॉ. संजय कुमार निषाद के साथ जिला पंचायत सभागार में आयोजित सम्मान समारोह में शामिल हुए, जहां एशियन मिस मार्शल आर्ट की स्वर्ण पदक विजेता खुशबू निषाद को पुष्पगुच्छ और शाल भेंट कर सम्मानित किया गया।

# पीएलएफएस एवं एएसयूएसई सर्वेक्षण को लेकर बैठक संपन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रायबरेली। अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) विशाल यादव की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित बचत सभागार में नियोजन विभाग द्वारा संचालित आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण एवं असंगठित क्षेत्र उद्यम वार्षिक सर्वेक्षण के संबंध में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी सुधीर गिरि द्वारा अवगत कराया गया कि नियोजन महानिदेशक, अर्थ एवं संख्या प्रभाग तथा अर्थ एवं संख्या निदेशक द्वारा प्रदेश में संचालित पीएलएफएम एवं एएमयूएसई सर्वेक्षणों को सुचारु रूप से संपन्न कराने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण भारत में रोजगार और बेरोजगारी की स्थिति को समझने के लिए कराये जाने वाला एक महत्वपूर्ण सर्वेक्षण है। इसका मुख्य उद्देश्य देश में रोजगार और बेरोजगारी के प्रमुख संकेतको का अनुमान लगाना है, जो नीतियों और कार्यक्रमों को बनाने में मदद करता है तथा सर्वेक्षण भारत के आर्थिक परिदृश्य, विशेषकर गैर- कृषि असंगठित क्षेत्र को समझने के लिए असंगठित क्षेत्र उद्यमों का सर्वेक्षण एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। जो भारतीय अर्थव्यवस्था की संरचना, रोजगार और आर्थिक योगदान के बारे में जानकारी प्रदान करता है। प्रदेश सरकार द्वारा नियोजन विभाग के माध्यम से नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में यह सर्वेक्षण कराया जा रहा है। सर्वेक्षण को सुचारु रूप से संपन्न कराने हेतु जिले में सर्वेयर एवं सुपरवाइजर नामित किए गए हैं। उन्होंने जिले के समस्त नागरिकों से अपील की है कि सर्वेक्षण के दौरान सर्वेयर अथवा सुपरवाइजर द्वारा मांगी गई जानकारी सही एवं पूर्ण रूप से उपलब्ध कराकर सर्वेक्षण में सहयोग प्रदान करें। बैठक में उपायुक्त उद्योग परमहंस मौर्य, सहायक श्रमायुक्त आरएल स्वर्णकार, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी ब्रजेश तिवारी, अपर सांख्यिकीय अधिकारी आभा रानी एवं शायना परवीन सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# युवक की बेरहमी से हत्या

❑ मऊ गांव के पास नहर किनारे झाड़ियों में मिला खून से सना शव, शराब पार्टी के बाद हत्या की आशंका

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मोहनलालगंज। लखनऊ,मोहनलालगंज थाना क्षेत्र के मऊ गांव से लापता युवक की बेरहमी से हत्या कर शव को गांव के बाहर मऊ नहर के किनारे झाड़ियों में फेंके जाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। मंगलवार सुबह खेतों की ओर गए चरवाहों ने खाई में खून से लथपथ शव पड़ा देखा, जिसके बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया।सूचना मिलते ही एडीसीपी, एसीपी विकास पाण्डे व प्रभारी निरीक्षक मोहनलालगंज भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। फॉरेंसिक टीम ने भी मौके से महत्वपूर्ण साक्ष्य संकलित किए। घटनास्थल से कई डिस्पोजल ग्लास, शराब की खाली बोतलें, नमकीन के खाली पैकेट तथा मृतक की चप्पल अलग स्थान पर पड़ी मिली, जिससे हत्या से पहले वहां शराब पार्टी होने की आशंका जताई जा रही है।शव की पहचान 22वर्षीय अलमास सिद्दीकी उर्फ अज्जू पुत्र रवि मोहम्मद, निवासी मऊ मोहनलालगंज के रूप में



हुई। मृतक के पिता के अनुसार अलमास बीते सोमवार शाम करीब सात बजे घर से निकला था, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटा। मोबाइल फोन स्विच ऑफ होने पर परिजन पूरी रात उसकी तलाश करते रहे।

मंगलवार दोपहर परिजन कोतवाली में गुमशुदगी की तहरीर देने पहुंचे ही थे कि नहर किनारे शव मिलने की सूचना मिली। मौके पर पहुंचते ही बेटे का खून से सना शव देखकर परिवार में कोहराम मच गया।इस संबंध में एसीपी विकास पाण्डे ने बताया कि सूचना मिलने पर पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल की गई है। परिजनों द्वारा जताई गई आशंका के आधार पर कुछ संदिग्ध लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। उन्होंने बताया कि घटनास्थल की स्थिति और शव पर मौजूद गहरे घावों को देखकर प्रतीत होता है कि किसी ईंट या भारी वस्तु से चेहरे पर वार कर युवक की नृशंस हत्या की गई है।पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हत्या के पीछे कारणों की गहराई से जांच की जा रही है। पुलिस का दावा है कि जल्द ही घटना का खुलासा कर दोषियों को गिरफ्तार किया जाएगा। युवक की निर्मम हत्या से पूरे क्षेत्र में दहशत और शोक का माहौल व्याप्त है।

# नौनिहालों की किताबें कबाड़ी के हवाले

## मोहनलाल गंज के नेवाज खेड़ा स्थित प्राथमिक विद्यालय का वीडियो वायरल, शिक्षा विभाग में हड़कंप

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मोहनलालगंज, लखनऊ। मोहनलालगंज स्थित प्राथमिक विद्यालय नेवाज खेड़ा का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसने शिक्षा व्यवस्था की पोल खोलकर रख दी है। वायरल वीडियो में एक रिक्शावाला विद्यालय के गेट से बाहर निकलता दिखाई दे रहा है, जिसे कुछ जागरूक ग्रामीण रोककर सवाल-जवाब करते हुए वीडियो बनाते नजर आ रहे हैं। ग्रामीणों के पूछने पर रिक्शावाले ने बताया कि वह कबाड़ी है और उसे विद्यालय के एक अध्यापक ने किताबें खरीदने के लिए बुलाया था। रिक्शावाले का दावा है कि उसने विद्यालय से लगभग दो कुंतल किताबें खरीदी हैं। यह जानकारी मिलते ही ग्रामीणों ने पूरे घटनाक्रम का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वीडियो सामने आते ही शिक्षा




विभाग में खलबली मच गई। सबसे बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि नौनिहालों को निःशुल्क वितरित की जाने वाली नई किताबों को आखिर किसके आदेश पर कबाड़ी को बेच दिया गया। मामला उजागर होने के बाद शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवालिया निशान लग गए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि आरोप सही पाए जाते हैं तो यह बच्चों के भविष्य से सीधा खिलवाड़ है। अब निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि विभाग ऐसे गैर-जिम्मेदार शिक्षक के खिलाफ क्या सख्त कार्रवाई करता है।

### क्या बोले जिम्मेदार

मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी विपिन कुमार ने बताया कि सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो का संज्ञान लिया गया है। खंड शिक्षा अधिकारी मोहनलाल गंज को जांच कर रिपोर्ट सौंपने के निर्देश दिए गए हैं। रिपोर्ट मिलते ही दोषियों पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# जहरीले रसायन स्वास्थ्य के लिए हानिकारक : डॉ सत्येंद्र

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बीकेटी,लखनऊ। राजकीय कृषि बीज भण्डार बी.के.टी.लखनऊ में कृषि सूचनतंत्र के सुदृढ़ीकरण योजनांतर्गत विकास खण्ड स्तरीय रबी कृषक गोष्ठी का आयोजन मंगलवार को किया गया,जिसमे मुख्य वक्ता चंद्रभानु गुप्त कृषि महाविद्यालय के वरिष्ठ प्रोफ़ेसर डॉ सत्येंद्र कुमार सिंह ने विभिन्न फ़सलों के विषय में विस्तृत जानकारी दी उन्होंने बताया कि कम से कम कीटनाशियों का उपयोग कीटों के प्रबंधन में करें जैविक कीटनाशी अधिक प्रभावशाली होते हैं उनका प्रयोग करें।आलू, सरसों,सब्जी वर्गीय फसलों में जहरीले रसायनों का प्रयोग ना करें ट्राइकोडर्मा,ब्यूबेरिया बैसियाना एवं फ़ेरोमोन ट्रैप का प्रयोग करें। सहायक विकास अधिकारी विजय प्रकाश निगम ने पीएम किसान व प्राकृतिक खेती पर प्रकाश डाला व गगन श्रीवास्तव ने पीएम कुसुम,कृषि यंत्रीकरण व नेशनल मिशन खाद्य सुरक्षा मिशन व आत्मा योजना के बारे में विस्तृत जानकारी दी तथा राजकीय बीज भण्डार प्रभारी मोहिनी सैनी जी ने जायद में निःशुल्क बुकिंग से प्राप्त होने वाली मिनीकिट उर्द मूंग व मूंगफली के बारे में बताया।गोष्ठी में कोमल यादव,रिचा सिंह,सपना यादव,अविनाश सिंह,दीनदयाल यादव,दीपक कुमार,पवन सिंह कुश बाजपेयी व जयपाल यादव, मकरंद,अरुण सिंह चौहान शिवराम व कृषि सखी शशि,वंदना मिश्रा सीआरपी कृषक राजेंद्र,केशनचंद सहित 150 किसान उपस्थित रहे।

# भेड़ों की मौत पर सपा का सरकार पर हमला



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। राष्ट्र प्रेरणा स्थल के लोकार्पण कार्यक्रम के बाद पार्किंग क्षेत्र में फेंके गए खाने को खाने से भेड़ों की मौत का मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है। इस गंभीर घटना को लेकर समाजवादी पार्टी ने भाजपा सरकार पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए मोर्चा खोल दिया है।

समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल के निर्देशन में पार्टी के कार्यकर्ता और पदाधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे। सपा नेताओं ने मौके का निरीक्षण किया और पीड़ित पशु पालकों से बातचीत कर पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान नेताओं ने कहा कि सरकारी अव्यवस्था और लापरवाही के चलते बेजुबान जानवरों की जान गई है, जो बेहद दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय है। समाजवादी पार्टी ने सरकार से मांग की कि मृत भेड़ों के पशु पालकों को तत्काल उचित मुआवजा दिया जाए। सपा नेताओं ने स्पष्ट कहा कि पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए पार्टी हर स्तर पर संघर्ष करेगी और पशु पालकों के साथ मजबूती से खड़ी रहेगी। इस मौके पर समाजवादी पार्टी के लखनऊ जिला अध्यक्ष जयंत सिंह यादव, पश्चिम विधानसभा अध्यक्ष मिर्ज़ा जाफर इकराम, बालागंज वार्ड अध्यक्ष आशीष सिंह समेत बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। निरीक्षण कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष जयंत सिंह यादव, प्रदेश अध्यक्ष यूथ ब्रिगेड अनीश राजा, जिला महामंत्री शब्बीर खान, पश्चिम विधानसभा अध्यक्ष जफर इकराम,आशीष सिंह, निहालुद्दीन, जावेद अहमद, महेश सिंह लोधी, सौरभ सिंह लोधी, मुबीन अहमद, विपिन यादव सहित कई वरिष्ठ नेता व कार्यकर्ता शामिल रहे।

## खोया मोबाइल कुछ ही समय में बरामद, महिला को सुरक्षित सौंपा

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** राजधानी लखनऊ के थाना महानगर क्षेत्र अंतर्गत रास्ते में आते समय एक महिला का मोबाइल फोन कहीं गुम हो गया। इसकी सूचना मिलते ही सहायक पुलिस आयुक्त महानगर अंकित कुमार के निर्देशन में तथा थाना महानगर प्रभारी अखिलेश कुमार मिश्रा के नेतृत्व में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सराहनीय पहल की। मोबाइल गुम होने की जानकारी प्राप्त होते ही गोल मार्केट चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक आर्यन शर्मा ने कांस्टेबल वितेश यादव के साथ तत्काल तलाश शुरू की। पुलिस टीम की सक्रियता और तत्परता के चलते कुछ ही समय में मोबाइल फोन बरामद कर लिया गया और उसे सुरक्षित रूप से संबंधित महिला को सुपुर्द कर दिया गया।महानगर पुलिस की इस संवेदनशील, जिम्मेदार एवं त्वरित कार्रवाई की स्थानीय स्तर पर जमकर सराहना हो रही है। इस पहल से आमजन में पुलिस के प्रति विश्वास और सुरक्षा की भावना और अधिक मजबूत हुई है।

## बेसहारा लोगों को बांटे कंबल

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** राजधानी में पड़ रही कड़ाके की ठंड के बीच महानगर पुलिस ने मानवता और सेवा भाव की मिसाल पेश की है। ठिठुरन भरी बर्फीली हवाओं से जहां आम जनजीवन प्रभावित है, वहीं खुले आसमान के नीचे जीवन गुजार रहे गरीब, मजदूर और बेसहारा लोगों के लिए महानगर पुलिस मदद का सहारा बनकर सामने आई।सहायक पुलिस आयुक्त महानगर अंकित कुमार के निर्देशन में एवं इंस्पेक्टर महानगर अखिलेश कुमार मिश्रा के नेतृत्व में महानगर थाना क्षेत्र अंतर्गत मिडलैंड चौकी इंचार्ज उपनिरीक्षक कुलदीप यादव तथा कांस्टेबल वीरेंद्र सिंह ने सड़क किनारे सो रहे जरूरतमंद लोगों तक पहुंचकर कंबल वितरित किए।कड़ाके की ठंड और बर्फीली हवाओं के बावजूद पुलिसकर्मियों ने मजदूरों, रिक्शा चालकों और बेसहारा लोगों को कंबल देकर उन्हें ठंड से राहत पहुंचाई। इस दौरान पुलिसकर्मियों ने न केवल कंबल बांटे, बल्कि लोगों से बातचीत कर उनका हालचाल भी जाना और ठंड से बचाव के प्रति जागरूक किया।इस मानवीय पहल से जरूरतमंदों के चेहरों पर मुस्कान देखने को मिली। ठंड से ठिठुर रहे लोगों के लिए यह सहायता किसी बड़ी राहत से कम नहीं थी। स्थानीय नागरिकों ने भी महानगर पुलिस के इस सराहनीय कदम की प्रशंसा करते हुए इसे पुलिस और जनता के बीच विश्वास बढ़ाने वाला बताया।महानगर पुलिस का यह प्रयास न केवल कानून-व्यवस्था से आगे बढ़कर सामाजिक जिम्मेदारी निभाने का उदाहरण है, बल्कि यह भी दर्शाता है कि पुलिस बल संवेदनशीलता और सेवा भाव के साथ समाज के हर वर्ग के साथ खड़ा है।

## जोधपुर में आयोजित होने वाले कार्यक्रम को लेकर हुई प्रेसवार्ता

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** आगामी 9, 10 एवं 11 जनवरी को जोधपुर में आयोजित होने वाले माहेश्वरी ग्लोबल कार्यक्रम को लेकर लोक जनशक्ति पार्टी(रामविलास) के प्रदेश संयोजक व्यापार प्रकोष्ठ, पियूष सोमानी ने प्रेस वार्ता को संबोधित किया। जिसमें सोमानी ने कहा कि यह कोई साधारण कार्यक्रम या मंच नहीं, बल्कि समाज का महाकुंभ है। समाज के हर वर्ग व्यापारियों, युवाओं, महिलाओं एवं सामाजिक संगठनों की सहभागिता से ही समाज मजबूत होता है और ऐसे आयोजन अपनी वास्तविक सफलता प्राप्त करते हैं।

## जेल से छूटते ही वारदात! कानपुर बाईपास पर चेन स्नैचर गिरफ्तार

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** दुबग्गा कोतवाली क्षेत्र के कानपुर बाईपास चौराहे पर दिनदहाड़े चेन स्नैचिंग की घटना सामने आई है। महिला की चेन छीनकर फरार होने की कोशिश कर रहे एक युवक को सतर्क पब्लिक ने दौड़ाकर पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। जानकारी के मुताबिक, एक महिला कानपुर बाईपास चौराहे पर सवारी का इंतजार कर रही थी। इसी दौरान युवक ने उसकी चेन छीनने का प्रयास किया और जंगल की ओर भागने लगा। महिला के शोर मचाते ही मौके पर मौजूद लोगों ने साहस दिखाते हुए आरोपी को पकड़ लिया। हालांकि उसके तीन अन्य साथी जंगल का फायदा उठाकर फरार हो गए। पकड़े गए युवक की पहचान श्याम तिवारी पुत्र कमलेश तिवारी, निवासी वृंदावन योजना, थाना ठाकुरगंज के रूप में हुई है। पब्लिक ने पहले आरोपी को ट्रैफिक पुलिस के सुपुर्द किया, जिसके बाद उसे दुबग्गा कोतवाली पुलिस को सौंप दिया गया। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि वह तीन दिन पहले ही जेल से छूटकर आया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है और फरार साथियों की तलाश की जा रही है।अब देखना यह होगा कि पुलिस इस मामले में कितनी सख्ती दिखाती है और क्या आरोपियों पर प्रभावी कार्रवाई की जाती है।

# अटल के राष्ट्रवादी, मानवीय और दूरदर्शी विचारों से जन-जन को जोड़ने का संकल्प

### सरोजनीनगर में अटल जन्म शताब्दी समारोह एवं एसआईआर संगोष्ठी का आयोजन, मुख्य अतिथि डॉ. दिनेश शर्मा रहे मौजूद

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। भारतीय राजनीति के शिखर पुरुष, करोड़ों भारतीयों के प्रेरणास्त्रोत, भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जन्मजयंती के उपलक्ष्य में सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह के आशियाना स्थित विधायक आवास पर 'अटल जन्म शताब्दी समारोह' एवं एसआईआर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अटल के राष्ट्रवादी, मानवीय और दूरदर्शी विचारों से जन-जन को जोड़ने का संकल्प दोहराया गया।

समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सांसद डॉ. दिनेश शर्मा, राज्यसभा सांसद बाबूराम निषाद तथा लखनऊ महानगर भाजपा अध्यक्ष आनंद द्विवेदी की उपस्थिति रही। अतिथियों ने अटल जी के सुशासन, समावेशी विकास, राष्ट्रीय सुरक्षा और लोकतांत्रिक मूल्यों पर आधारित दृष्टिकोण को आज के भारत के लिए अत्यंत प्रासंगिक बताया।

कार्यक्रम का समापन अटल जी के विचारों को जन-जन तक पहुँचाने और विकसित, सशक्त एवं आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के संकल्प के साथ हुआ। साथ ही सरोजनीनगर विधानसभा क्षेत्र में एसआईआर प्रक्रिया के अंतर्गत सभी पात्र मतदाताओं के नाम शत प्रतिशत सुनिश्चित कराने का संकल्प भी व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में एसआईआर महानगर संयोजक चेतन बिष्ट, घनश्याम अग्रवाल, संजय लोधी, रेनू सिंह, सौरभ वाल्मीकि, राजेश सिंह, साधना सिंह, सुभाष पासी, पार्षद कौशलेन्द्र द्विवेदी, के. एन. सिंह, कमलेश सिंह, रमा शंकर त्रिपाठी, समस्त मंडल अध्यक्षगण एवं बड़ी संख्या में सरोजनीनगर भाजपा परिवार के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं की सक्रिय सहभागिता रही।

# समिट बिल्डिंग में चल रहे दो बारों को नगर निगम ने किया सील

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। लखनऊ नगर निगम ने गोमती नगर स्थित समिट बिल्डिंग में संचालित दो बारों पर बड़ी कार्रवाई करते हुए उन्हें सील कर दिया है। निगम की यह कार्रवाई बिना ट्रेड लाइसेंस के व्यावसायिक गतिविधियां संचालित करने के मामले में की गई है।

नगर निगम अधिकारियों ने बताया कि समिट बिल्डिंग में संचालित ब्लैक ब्रयू हाउस बार को बीते छह महीनों से लगातार ट्रेड लाइसेंस लेने के लिए नोटिस जारी किए जा रहे थे, लेकिन बार संचालक द्वारा लाइसेंस नहीं लिया गया। इसके बावजूद बार का संचालन जारी रखा गया, जिसके चलते निगम टीम ने मंगलवार को सीलिंग की कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान निगम अधिकारियों ने बार में मौजूद स्टाफ और कर्मचारियों को बाहर निकलवाया, इसके बाद परिसर को सील कर दिया गया।

इसी क्रम में नगर निगम ने किंग क्लब हाउस को भी सील कर दिया है। अधिकारियों ने बताया कि इस प्रतिष्ठान को भी ट्रेड लाइसेंस जमा न करने के संबंध में कई बार नोटिस दिए गए थे। लेकिन नियमों का पालन नहीं किया गया।नगर निगम के अनुसार, ट्रेड लाइसेंस प्राप्त करने के लिए लगभग 55 हजार रुपये का शुल्क निर्धारित है। नगर आयुक्त गौरव कुमार के निर्देश पर शहर में बिना लाइसेंस संचालित व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के खिलाफ सख्त अभियान चलाया जा रहा है। मौके पर निगम टीम ने दोनों बारों पर ताला लगाकर सीलिंग की कार्रवाई पूर्ण की।

## वर्ष 2025 में तमाम नई स्वास्थ्य इकाइयों का लोकार्पण एवं नए अस्पतालों का हुआ शिलान्यास

# अत्याधुनिक स्वास्थ्य सुविधाओं से प्रदेशवासियों को मिला लाभ : ब्रजेश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। वर्ष 2025 में उत्तर प्रदेश की अत्याधुनिक स्वास्थ्य सुविधाओं का आमजन को भरपूर लाभ मिला। चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग ने इस वर्ष आधारभूत ढांचे के विस्तार से लेकर अत्याधुनिक इलाज सुविधाओं तक अनेक बड़ी उपलब्धियां हासिल की। इन प्रयासों का सीधा लाभ प्रदेश की करोड़ों जनता को मिला है, जिससे स्वास्थ्य सेवाएं अधिक सुलभ, सस्ती और गुणवत्तापूर्ण बनीं।

यह कहना है प्रदेश के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक का। उन्होंने बताया कि वर्ष 2025 में इमरजेंसी कोविड रिलीफ पैकेज के तहत प्रदेश में चिकित्सा ढांचे को अभूतपूर्व मजबूती दी गई। वर्ष 2025 में कुल 83 नई स्वास्थ्य इकाइयों का लोकार्पण किया गया तथा एक बड़े अस्पताल का शिलान्यास हुआ। इनमें 26 आईपीएचएल लैब, 38 पचास बेड के फील्ड अस्पताल, 13 जनपदीय ड्रग वेयरहाउस, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, सीसीबी यूनिट और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र शामिल हैं। इसके साथ ही सीतापुर में 200 बेड के जिला चिकित्सालय का शिलान्यास भी किया गया।



प्रदेश के मेडिकल कॉलेजों में 1800 और जिला अस्पतालों में 1029 आईसीयू बेड स्थापित किए गए। ऑक्सीजन आपूर्ति को सुदृढ़ करने के लिए मेडिकल गैस पाइपलाइन सिस्टम (एमजीपीएस)सहित 49 एलएमओ स्टोरेज टैंक स्थापित किए गए।

डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने बताया कि मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को सर्वोच्च प्राथमिकता दी। इसके तहत 42 बेड वाले पीडियाट्रिक केयर यूनिट जिला अस्पतालों और मेडिकल कॉलेजों में स्थापित किए गए। वहीं 32 बेड वाले सभी 23 पीडियाट्रिक यूनिट पूरी से संचालित हुईं। इसके अलावा नवजात शिशुओं की देखभाल के लिए प्रदेश में 412 न्यूबॉर्न स्टेबलाइजेशन यूनिट्स (एनबीएसयू)की स्थापना की गई। वर्ष 2024-25 में बाह्य रोगी सेवाओं में 27 प्रतिशत और अंतः रोगी सेवाओं में 32 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर्ज की गई। संस्थागत प्रसव, सिजेरियन डिलीवरी, बड़े और छोटे ऑपरेशन, पैथोलॉजी जांच, एक्स-रे और अल्ट्रासाउंड सेवाओं में भी उल्लेखनीय इजाफा हुआ। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने बताया कि प्रदेश के 74 जनपदों में सीटी स्कैन और सभी 75 जनपदों में डायलिसिस सेवाएं उपलब्ध कराई गईं। जनवरी से नवंबर-25 के बीच 9.42 लाख सीटी स्कैन और 6.50 लाख से अधिक डायलिसिस सत्र संचालित किए गए। आवश्यक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए एसेंशियल ड्रग लिस्ट का विस्तार किया गया, जिससे प्राथमिक से लेकर जिला अस्पताल स्तर तक दवाओं की संख्या बढ़ाई गई।

आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत 318 अस्पतालों को जोड़ा गया, जिनमें 248 कैंसर उपचार से संबंधित हैं। दिसंबर-25 तक लगभग 3,862 करोड़ रुपये का भुगतान अस्पतालों को किया गया। एंबुलेंस सेवाओं को मजबूत करते हुए 2,249 नई एंबुलेंस बेड़े में जोड़ी गईं, जिनसे लाखों मरीजों को समय पर अस्पताल पहुंचाया गया। टीबी उन्मूलन अभियान में प्रदेश ने राष्ट्रीय स्तर पर सराहनीय प्रदर्शन किया। जांच की संख्या में 100 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई और 7,191 पंचायतों को टीबी मुक्त घोषित किया गया, जो पिछले वर्ष की तुलना में 424 प्रतिशत अधिक है। ई-संजीवनी सेवाओं के माध्यम से प्रतिदिन औसतन 75 हजार से अधिक कॉल के साथ उत्तर प्रदेश देश में दूसरे स्थान पर रहा। मानसिक स्वास्थ्य के लिए टेली-मानस सेवा सफलतापूर्वक लागू की गई, जिससे लाखों लोगों को परामर्श मिला।

# एलडीए प्रवर्तन ज़ोन 6 में अवैध निर्माण बेलगाम

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। एलडीए के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार द्वारा भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के तमाम प्रयासों के बावजूद प्रवर्तन विभाग की कार्यप्रणाली सवालों के घेरे में है। विभाग के कई अवर अभियंताओं पर पहले भी भ्रष्टाचार में लिप्त होने के आरोप लग चुके हैं और वर्तमान समय में भी कुछ अवर अभियंताओं पर अवैध निर्माण को संरक्षण देने के गंभीर आरोप सामने आ रहे हैं। एलडीए वीसी की सख्ती के दावों के बीच शहर में मानकों के विपरीत निर्माण धड़ल्ले से जारी है। ताजा मामला प्रवर्तन ज़ोन-6 के अंतर्गत अमीनाबाद क्षेत्र के मॉडल हाउस इलाके का है, जहां ग्लोबल डेंटल क्लीनिक के निकट नियमों को ताक पर रखकर भवन निर्माण कराया जा रहा है। आरोप है कि यहां के जिम्मेदार अवर अभियंता अपनी जिम्मेदारी से आंख मूंदे हुए हैं। इसी तरह नाका थाना क्षेत्र के गणेशगंज में गुलाटी पीपल वाली शॉप के सामने, खालसा मॉल फैमिली बाजार से सटे एक सील किए गए भवन में अवैध रूप से स्लैब डालने का मामला भी सामने आ चुका है। बताया जा रहा है कि संबंधित अवर अभियंता के ढुलमुल रवैये के चलते सील भवन में भी निर्माण कार्य होता रहा। हालाकी इस मामले में संबंधित अवर अभियंता ने कहीं से भी अपनी गर्दन नहीं फंसने दी है अवर अभियंता द्वारा

निर्माण का नोटिस भी काट दिया गया और वहां लगातार निर्माण जारी रहा इसके बाद एफ़आईआर की कार्रवाई भी कर दी गई इसके बावजूद भी निर्माण बखूबी चला रहा। इसके अलावा नाका गुरुद्वारा के निकट शिव गंगा इलेक्ट्रिकल्स के सामने, पंडित जाट हाउस के बराबर अंदर की ओर जाने वाली सड़क पर एक भव्य अवैध निर्माण खड़ा कर दिया गया। यह निर्माण एलडीए द्वारा कई बार सील किया गया, लेकिन अवर अभियंताओं की कथित मेहरबानी से यह अवैध निर्माण किसी तरह पूरा कर लिया गया। इन मामलों ने एक बार फिर एलडीए के प्रवर्तन तंत्र पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। शहरवासियों का कहना है कि जब तक मौके पर तैनात अधिकारियों की जवाबदेही तय नहीं होगी, तब तक अवैध निर्माण और भ्रष्टाचार पर प्रभावी अंकुश लगाना मुश्किल है।

# लंबित सड़क परियोजनाएं शीघ्र पूर्ण करें: डीएम

**84 कोसीय मार्गों सहित सड़क परियोजनाओं की डीएम ने की समीक्षा**

**सड़कों की गुणवत्ता से समझौता नहीं, लापरवाही पर होगी कटौती: डीएम**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर । जिलाधिकारी डा0 राजगणपति आर0 की अध्यक्षता में जिलाधिकारी शिविर कार्यालय में सोमवार को सड़क निर्माण की परियोजनाओं के अनुश्रवण हेतु समीक्षा बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने कराये जा रहे कार्यो की जानकारी ली तथा संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि सड़क निर्माण से संबंधित जो भी लम्बित कार्य हैं, उन्हें ससमय पूरा किया जाये। उन्होंने कहा कि जिन सड़कों पर कार्य चल रहा है, उन्हें गुणवत्ता के आधार पर पूर्ण कराया जाये। 84 कोसीय मार्गों के कार्यों की जानकारी लेते हुये कहा कि जो कार्य चल रहे हैं, उनमें गतिशीलता लायी जाये तथा मानक के अनुरूप ही कार्य किये जायें।जिलाधिकारी ने जिला पंचायत द्वारा कराये जा रहे सड़कों के कार्यों में प्रगति लाये जाने के निर्देश दिये तथा नई सड़कों की जानकारी ली।

मरम्मत योग्य सड़कों की जानकारी लेते हुये संबंधित को निर्देशित किया कि जो भी सड़कें मरम्मत करने योग्य हैं उनकी मरम्मत करा दी जाये। जिलाधिकारी ने कहा कि सड़कों के किनारे पटरियों का भी सुदृढ़ीकरण किया जाये। सड़क सुरक्षा के मानकों का प्रभावी रूप से अनुपालन सुनिश्चित कराये जाने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिये। उन्होंने कहा कि चिन्हित ब्लैकस्पाट पर मानकों के अनुरूप सुरक्षात्मक प्रबंध सुनिश्चित किये जायें। सड़कों के किनारे अवैध अतिक्रमण को हटाया जाये।जिलाधिकारी ने कहा कि मार्ग दुर्घटना के उपरान्त निर्धारित समयावधि में प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराया जाये तथा यातायात सुचारू रखने हेतु समुचित प्रबंध किये जाये। राष्ट्रीय राज्यमार्गों एवं मुख्य मार्गों के निकट स्थित विद्यालयों के पास सुरक्षा मानक पूर्ण कराये जायें। निर्माण कार्यों में समय से भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिये। जिलाधिकारी ने कहा कि बजट की मांग हेतु समय से उपभोग प्रमाण-पत्र एवं मांग पत्र समय से प्रेषित किया जाये। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि विलम्बित परियोजनाओं के लिये नियमानुसार कटौती भी की जाये।बैठक के दौरान अधिशासी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग मिथलेश वर्मा, राघवेन्द्र सिंह, रीमा सोनकर, बुद्धि सागर सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# डीएम ने डालमियां चीनी मिल का किया औचक निरीक्षण, मिली अव्यवस्थाएं

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। बीती रात जिलाधिकारी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह ने डालमिया चीनी मिल निगोही का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्हें मिल यार्ड में गन्ने से भरे ओवरलोड ट्राले खड़े मिले। उन्होंने गन्ना तौल के लिए प्रतीक्षारत किसानों के विश्रामालय का निरीक्षण किया। वहां किसान जमीन पर सोते हुए मिले।

यही नहीं, मिल यार्ड में किसानों के ठहरने, पेयजल, प्रसाधन और ठंड से बचाव के लिए अलाव की भी व्यवस्था नहीं थी। जबकि बीती 26 दिसम्बर को सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में डीएम ने सभी संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए थे कि दुर्घटना से बचाव के किसी भी दशा में ट्रालों में गन्ने की ढुलाई न की जाए। इसके बावजूद डीएम को चीनी मिल प्रबन्धन की घोर लापरवाही मिली। अव्यवस्थाएं मिलने डीएम ने निर्देश दिए कि ट्रालों में गन्ने की ढुलाई न की जाए। कहा कि उक्त सम्बन्ध में जुर्माना करते हुए किसानों के ठहरने, पेयजल, प्रसाधन तथा ठंड से बचाव के लिए अलाव की सुदृढ व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इस दौरान डीएम से प्रतीक्षारत किसानों ने गन्ना तौल को लेकर शिकायत की। जिस पर डीएम ने किसानों की समस्याओं का निस्तारण करने के निर्देश अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व, उप सम्भागीय परिवहन अधिकारी, जिला गन्ना अधिकारी एवं चीनी मिल प्रबन्धन को दिए। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अरविंद कुमार, नगर मजिस्ट्रेट प्रवेन्द्र कुमार, उप सम्भागीय परिवहन अधिकारी सर्वेश कुमार सिंह, जिला गन्ना अधिकारी जितेन्द्र कुमार मिश्र सहित अन्य संबंधित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# लोगों से भावनात्मक जुड़ाव रखें, उनकी मदद करें, ताकि वो आपको याद करें: डीएम

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। अपने दायित्वों को अच्छे से निभाते हुए लोगों से भावात्मक जुड़ाव रखें, उनकी मदद करें। जिससे लोग उन्हें हमेशा याद रखें। यह बात जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने अटल बिहारी बाजपेई प्रेक्षागृह में तनाव से मुक्त रहकर कैसे कार्य करें पर आधारित विचार विमर्श गोष्ठी के दौरान अधिकारियों व कर्मचारियों से कही।

डीएम ने गोष्ठी में मौजूद अधिकारियों और कर्मचारियों को संघर्ष भरी कहानियां सुनाई और कहा कि मेहनत से काम करना है, खुद को जोखिम में नहीं डालना है। तनाव से मुक्त होकर कार्य करें और घर परिवार और बच्चों का भी ध्यान रखें तथा स्वस्थ्य रहें। कहा कि जीवन जीने का समय कठिन होता जा रहा है, लोगों को तनाव को समझने की जरूरत है। किताबों को खरीदने से ज्यादा पढ़ना महत्वपूर्ण है। कहा कि जनवरी-फरवरी एवं मार्च को कार्य के आधार पर प्रत्येक तहसील से तीन-तीन लेखपाल एवं सचिवों को पुरस्कृत करेंगे। सभी अधिकारी व कर्मचारी अपने कार्यों को अच्छे से करके एक अच्छा आइडियल बनें। अंत में डीएम ने जनपद की अच्छी रैंकिंग के लिए सभी को बधाई दी और कहा इसी तरीके से आगे भी कार्य जारी रखें। कार्यक्रम के दौरान डीएम ने समस्त उप जिलाधिकारी, तहसीलदार, खंड विकास अधिकारी, लेखपाल और पंचायत सचिवों सहित करीब 600 अधिकारियों व कर्मचारियों को लगभग 100 प्रकार की पुस्तकें भेंट की। गोष्ठी में मुख्य विकास अधिकारी डॉ. अपराजिता सिंह, अपर जिलाधिकारी प्रशासन रजनीश कुमार मिश्र, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अरविंद कुमार ने भी अपने अनुभव साझा किए। इस दौरान अधिकारी न्यायिक राशिद अली, नगर मजिस्ट्रेट प्रवेंद्र कुमार, जिला विकास अधिकारी ऋषिपाल सिंह सहित उप जिलाधिकारी, लेखपाल, सचिव आदि मौजूद रहे।

## प्रबंध समिति का चुनाव 4 जनवरी को




रायबरेली। सुभाष उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बरहा के प्रबंध समिति का चुनाव 4 जनवरी 2026 को विद्यालय प्रांगण में संपन्न होगा द्य इस आशय की जानकारी देते हुए विद्यालय के प्रबंधक अध्यक्ष ने बताया कि जिला विद्यालय निरीक्षक रायबरेली के आदेश अनुसार विद्यालय के प्रबंध समिति का विद्युत चुनाव 4 जनवरी को कराया जाना निश्चित हुआ है द्य अतएव उक्त अवसर पर विद्यालय के ट्रस्ट के सभी सदस्य व कर्मचारी शिक्षक व कार्यकारिणी के सदस्य दिन के 10 बजे विद्यालय परिसर में अवश्य उपस्थित रहेंगे।

# एसपी ने थाना साइबर क्राइम व अपराध शाखा का किया निरीक्षण, दिए निर्देश

**साइबर अपराधों से संबंधित प्राप्त शिकायतों का त्वरित निस्तारण कर पीड़ितों को जल्द राहत उपलब्ध कराए: एसपी**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, क्षेत्राधिकारी नगर और क्षेत्राधिकारी साइबर क्राइम के साथ थाना साइबर क्राइम और अपराध शाखा का निरीक्षण किया।

इस दौरान एसपी ने थाना साइबर क्राइम एवं अपराध शाखा में पंजीकृत विभिन्न अभियोगों की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की और विवेचनाओं की प्रगति, साक्ष्य संकलन, अभियुक्तों की गिरफ्तारी, चार्जशीट की समयबद्ध प्रस्तुति एवं लंबित प्रकरणों के जल्द निष्पक्ष व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश संबंधित को दिए। कहा कि साइबर अपराधों से संबंधित प्राप्त शिकायतों का त्वरित निस्तारण कर पीड़ितों को जल्द राहत उपलब्ध कराएं और साइबर अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। साइबर अपराध से बचने के लिए जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। कहा कि संगठित अपराध, वांछित और इनामी अपराधियों के साथ ही गंभीर प्रकृति के मामलों में सतर्कता एवं सक्रियता के साथ कार्रवाई करें। सभी विवेचनाएं निर्धारित समय-सीमा के भीतर गुणवत्ता के साथ पूर्ण की जाएं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी अभियोगों में पारदर्शिता, संवेदनशीलता एवं उत्तरदायित्व के साथ कार्य करते हुए कानून-व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने के निरंतर प्रयास किए जाएं।

# मंच से विवादित नारा: सपा नेता रेहान खान के बयान पर विहिप का कड़ा विरोध

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी। पलिया क्षेत्र में समाजवादी पार्टी (सपा) के स्थानीय नेता रेहान खान के एक सार्वजनिक मंच से दिए गए बयान ने राजनीतिक और सामाजिक हलकों में तीखी प्रतिक्रिया पैदा कर दी है। रेहान खान पर आरोप है कि उन्होंने मंच से नारे लगाते हुए मनुवाद की पहचान बताते हुए ल्लब्राह्मण और भंगी एक समान जैसी आपत्तिजनक टिप्पणी की, जिसे समाज के एक बड़े वर्ग ने अपमानजनक और सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने वाला करार दिया है।

इस बयान के सामने आने के बाद विश्व हिंदू परिषद (विहिप) ने कड़ा विरोध दर्ज कराया है। विहिप के प्रांतीय अधिकारी आचार्य संजय मिश्रा ने रेहान खान के बयान पर तीखी आपत्ति जताते हुए कहा कि इस तरह की भाषा न केवल एक विशेष वर्ग को अपमानित करती है, बल्कि समाज में वैमनस्य फैलाने का भी काम करती है। उन्होंने कहा कि मनुस्मृति को तोड़-मरोड़ कर पेश करना और उसे समाज को बांटने वाले संदर्भ में इस्तेमाल करना निंदनीय है, जबकि मनुस्मृति ऐतिहासिक रूप से समाज को नियम और मर्यादा से जोड़ने वाला ग्रंथ माना गया है।आचार्य संजय मिश्रा ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में किसी भी राजनीतिक नेता को इस प्रकार की अमर्यादित और उकसावे वाली टिप्पणी करने का अधिकार नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस तरह के बयान जानबूझकर सामाजिक तनाव बढ़ाने और वोट बैंक की राजनीति के तहत दिए जा रहे हैं। विहिप ने समाजवादी पार्टी के शीर्ष नेतृत्व से मांग की है कि ऐसे नेताओं पर तत्काल सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में कोई भी नेता मंच से समाज को बांटने वाली भाषा का प्रयोग न कर सके।उधर, इस मामले को लेकर पलिया और आसपास के क्षेत्रों में चर्चा तेज है। स्थानीय लोगों और सामाजिक संगठनों का कहना है कि राजनीतिक मंचों से जिम्मेदार भाषा का प्रयोग होना चाहिए, क्योंकि ऐसे बयान आम जनता में गलत संदेश भेजते हैं और आपसी भाईचारे को नुकसान पहुंचाते हैं।फिलहाल इस पूरे मामले में सपा की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है, लेकिन विहिप और अन्य संगठनों ने स्पष्ट संकेत दिए हैं कि यदि कार्रवाई नहीं हुई तो वे विरोध प्रदर्शन और ज्ञापन के माध्यम से प्रशासन व राजनीतिक दलों पर दबाव बनाएंगे।

# चरस के साथ तस्कर गिरफ्तार, डेढ़ दर्जन अपराधिक मामले हैं दर्ज



कैनविज टाइम्स संवाददाता

शाहजहांपुर। जनपद में अपराध की रोकथाम व अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान में थाना कोतवाली पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर ई-चार्जिंग प्वाईंट चैराहे से नंदीशाला/गौशाला के पास से एक मादक पदार्थ तस्कर को गिरफ्तार किया। जिसके पास से पुलिस टीम ने डेढ़ सौ ग्राम से अधिक चरस बरामद की। पकड़ा गया अभियुक्त थाना कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला जियाखेल का रहने वाला आशीष कुमार पुत्र कृष्ण चंद्र गुप्ता है। पुलिस के अनुसार, पकड़े गए अभियुक्त आशीष कुमार पर थाना कोतवाली और थाना सदर बाजार में हत्या का प्रयास, चोरी, धोखाधड़ी, गैंगस्टर, गुण्डा एक्ट, आबकारी अधिनियम, शस्त्र अधिनियम आदि के करीब डेढ़ दर्जन अपराधिक मामले दर्ज हैं। फिलहाल, पुलिस ने अभियुक्त के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई करते हुए उसे जेल भेज दिया है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक अश्वनी कुमार सिंह के साथ एसआई ललित शर्मा और भूपेन्द्र राणा आदि मौजूद रहे।

## युगधारा फाउंडेशन का अष्टवार्षिकोत्सव हरिद्वार में संपन्न



लखीमपुर खीरी। युगधारा फाउंडेशन लखनऊ तथा मुक्तक लोक सम्पूर्ण हिन्दी साहित्यांगन लखनऊ के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय आठवां वार्षिकोत्सव हरिद्वार, उत्तराखण्ड में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन उत्तराखंड संस्कृत विश्व विद्यालय के कुलपति और हिंदी तथा संस्कृत के प्रकाण्ड विद्वान डॉ दिनेशचंद्र शास्त्री ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता देहरादून हिन्दी साहित्य समिति के अध्यक्ष प्रो.(डॉ) राम विनय सिंह ने की । संस्था की अध्यक्ष गीता अवस्थी के अतिरिक्त डॉ कृपा शंकर मिश्र मुंबई, डॉ ऋतुध्वज सिंह हरिद्वार , अश्विनी कुमार पंचकुला, सुशील कुमार झा हरिद्वार, डॉ शिव मोहन सिंह देहरादून और डॉ राम कृष्ण विसहस्त्रबुद्धे नागपुर, विशिष्ट अतिथि के रूप में मंचासीन रहे । दीप प्रज्वलन तथा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम का प्रारंभ किया गया। डॉ मृदुल तिवारी महक, मुम्बई ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। युगधारा की महासचिव सौम्या मिश्रा अनुश्री ने अपने स्वागत उद्बोधन के साथ ही संस्था का विस्तृत परिचय तथा आयोजन के विषय में विस्तृत जानकारी भी प्रस्तुत की। इस अवसर पर विद्वान वक्ताओं ने साहित्य के विविध आयामों से संबंधित विषयों पर विस्तार से चर्चा की। पुस्तक विमोचन एवं चर्चा विषयक तृतीय सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में हरिद्वार जिले के मुख्य विकास अधिकारी एवं वरिष्ठ साहित्यकार डॉ ललित नारायण मिश्र ने गरिमा प्रदान की। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता गीता अवस्थी जी अध्यक्ष युगधारा फाउंडेशन लखनऊ तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में अनिल अग्रवाल समाजसेवी देहरादून, डॉ शिवमोहन सिंह वरिष्ठ साहित्यकार देहरादून, डॉ रामकृष्ण वि सहस्त्रबुद्धे वरिष्ठ साहित्यकार नागपुर विराजमान रहे । कार्यक्रम के अंत में युगधारा फाउंडेशन की महासचिव सौम्या मिश्र ने सभी का आभार व्यक्त किया तथा राष्ट्रगान के साथ दो दिवसीय अधिवेशन अपनी पूर्णता के साथ संपन्न हुआ।

## भदेभर ग्राम पंचायत में विकास कार्यों के नाम पर भारी अनियमितता, जिम्मेदार बने अनजान




मछरेहटा (सीतापुर)। विकास खण्ड मछरेहटा की ग्राम पंचायत भदेभर में विकास कार्यों के क्रियान्वयन को लेकर गंभीर वित्तीय अनियमितताओं के आरोप सामने आए हैं। ग्रामीणों के अनुसार वित्तीय वर्ष 2024ऽ25 के दौरान नल मरम्मत एवं रिबोर के नाम पर लगभग 11 बार में कुल 7 लाख 27 हजार रुपये का भुगतान कराया गया, जिसमे काफी अनिमिताये बर्ती गयी गई है। इस स्थिति ने पंचायत में किए गए भुगतान की पारदर्शिता और सत्यता पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़े कर दिए हैं।इसके अतिरिक्त, 27 मई 2025 को तालाब भराई के नाम पर 35,100 रुपये का भुगतान दर्शाया गया, किंतु तालाब की वर्तमान स्थिति अत्यंत दयनीय बनी हुई है।वहीं, 12 जुलाई 2024 को आरओ (ट) स्थापना के नाम पर 1 लाख 64 हजार 900 रुपये का भुगतान किया गया, जिसमे काफी भारी अनिमिताये बर्ती गयी है।ग्रामीणों ने उच्च अधिकारियों से जांच कर उचित कार्यवाही करने की मांग की है। अब देखना यह कि क्या कोई कार्यवाही कि जाएगी या ऐसे ही भ्रष्टाचारियो बढ़ावा दिया जाता रहेगा। क्या बोले जिम्मेदारइस संबंध जब खण्ड विकास अधिकारी राजेश तिवारी से बात की गई तो उन्होंने बताया कि जांच कर सख्त से सख्त कार्यवाही की जाएगी।

## एम्स रायबरेली मे बाल शल्य चिकित्सा दिवस मनाया गया

रायबरेली। भारत में बच्चों के स्वास्थ्य और उनके बेहतर भविष्य को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आज देशभर में 'बाल शल्य चिकित्सा दिवस' (National Pediatric Surgery Day) मनाया जा रहा है। यह दिन न केवल बच्चों के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का है, बल्कि चिकित्सा जगत की उस विशेषज्ञता को सम्मान देने का भी है जिसने पिछले कुछ दशकों में लाखों बच्चों को नया जीवन दिया है। इस वर्ष की थीम áSave Surgery for Every Childá (हर बच्चे के लिए सुरक्षित और सुलभ सर्जरी)। के साथ, भारत अपने समृद्ध चिकित्सा इतिहास और आधुनिक उपलब्धियों को भी याद कर रहा है।

# सुरक्षा व शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए किया पैदल गश्त



कैनविज टाइम्स संवाददाता

शाहजहांपुर। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दीक्षा भंवरे अरूण और क्षेत्राधिकारी तिलहर ज्योति यादव ने थाना तिलहर क्षेत्र में सुरक्षा, शांति व कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पैदल गश्त की।

इस दौरान एसपी ग्रामीण ने तिलहर क्षेत्र की मुख्य बाजार, भीड़भाड़ वाले स्थानों एवं प्रमुख मार्गों का निरीक्षण किया तथा आमजन व व्यापारियों से संवाद कर उनकी समस्याओं को सुना। उन्होंने लोगों से शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग की अपील की। साथ ही संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तत्काल पुलिस को देने के लिए जागरूक किया। वहीं, उन्होंने थाना तिलहर पुलिस बल को सतर्क दृष्टि रखते हुए नियमित चेकिंग, प्रभावी गश्त एवं संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी बनाए रखने के निर्देश दिए। वहीं, पैदल गश्त से क्षेत्र में सुरक्षा का सकारात्मक संदेश गया एवं आमजन में पुलिस के प्रति विश्वास और अधिक सुदृढ़ हुआ।

# तीन घंटे तक पेड़ पर बैठा तेंदुआ, रसूलपुर गांव में मचा हड़कंप

कैनविज टाइम्स संवाददाता



धौरहरा खीरी। ग्राम पंचायत रसूलपुर में उस समय हड़कंप मच गया, जब गांव के पास स्थित एक पेड़ पर तेंदुआ दिखाई दिया, जो लगभग तीन घंटे तक पेड़ पर ही बैठा रहा। तेंदुए की मौजूदगी से पूरे गांव में दहशत का माहौल बन गया और लोग अपने घरों में कैद होने को मजबूर हो गए।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, तेंदुआ दिन के समय खेतों के पास एक ऊँचे पेड़ पर चढ़ा हुआ था। ग्रामीणों की नजर जैसे ही तेंदुए पर पड़ी, गांव में शोर मच गया। देखते ही देखते सैकड़ों ग्रामीण सुरक्षित दूरी पर जमा हो गए, लेकिन डर के कारण कोई भी पास जाने की हिम्मत नहीं कर सका।

बच्चों को घरों से बाहर निकलने से रोक दिया गया और खेतों की ओर जाने वाले रास्ते सुनसान हो गए।ग्रामीणों ने तुरंत इसकी सूचना वन विभाग को दी। सूचना मिलने के कुछ समय बाद वन दरोगा अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। बताया जा रहा है कि टीम के पहुंचने से पहले और बाद में तेंदुआ करीब तीन घंटे तक पेड़ पर बैठा रहा, जिससे ग्रामीणों की सांसें अटकी रहीं।काफी देर बाद तेंदुआ पेड़ से उतरकर झाड़ियों की ओर चला गया, जिसके बाद ग्रामीणों ने कुछ राहत की सांस ली। हालांकि तेंदुए के जंगल की ओर जाने की आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है, जिससे गांव में अभी भी भय का माहौल बना हुआ है।वन विभाग की ओर से ग्रामीणों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है। अधिकारियों ने कहा है कि गांव के आसपास निगरानी बढ़ा दी गई है और जरूरत पड़ने पर पिंजरा लगाकर तेंदुए को पकड़ने की कार्रवाई की जाएगी। साथ ही लोगों से अपील की गई है कि अफवाहों पर ध्यान न दें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत सूचना वन विभाग को दें।फिलहाल ग्राम पंचायत रसूलपुर में एहतियात और डर का माहौल है। ग्रामीण वन विभाग से त्वरित और ठोस कार्रवाई की मांग कर रहे हैं, ताकि भविष्य में किसी भी अनहोनी से बचा जा सके।

# जश्न के नाम पर हुड़दंग करने वालों जाएंगे जेल: एसएसपी डॉ. बृजेश कुमार सिंह

**नए साल के जश्न से पहले होटलों–रेस्तरां संचालकों को आयोजन की अनुमति लेनी होगी, जश्न के नाम पर हुड़दंग करने वालों को गिरफ्तार कर शांतिभंग में कार्रवाई की जाएगी: एसएसपी**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूं। तेजतर्रार एसएसपी डॉ. बृजेश कुमार सिंह नें जिले की पुलिस को अलर्ट मोड पर रखा है। नए साल के जश्न में एक दिन बचे हैं। इससे पहले ही होटलों-रेस्तरां में तैयारी शुरू हो गई हैं। इसको देखते हुए पुलिस ने एडवाइजरी जारी की है।



बताया है कि नए साल के जश्न से पहले होटलों-रेस्तरां संचालकों को आयोजन की अनुमति लेनी होगी। पुलिस सड़कों पर भी चेकिंग करेगी। जश्न के नाम पर हुड़दंग करने वालों को गिरफ्तार कर शांतिभंग में कार्रवाई की जाएगी। होटलों में बिना लाइसेंस शराब की बिक्री पर कार्रवाई होगी। तेजतर्रार एसएसपी डॉ. बृजेश कुमार सिंह ने बताया कि 31 दिसंबर और एक जनवरी को होटलों एवं अन्य स्थानों पर विभिन्न मनोरंजन के कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, इनमें बड़ी संख्या में लोग शामिल होते हैं। सभी थानों प्रभारियों को निर्देश दिए गए हैं। कहा गया है कि पुलिस सड़क पर तेज गति में वाहन चलाने वालों पर कार्रवाई करे। सड़क पर वाहन नहीं खड़े कराए जाएंगे। रात 10 बजे के बाद डीजे नहीं बजाने दिया जाएगा। कोई भी आयोजन सड़क रोककर नहीं करने दिया जाएगा। फायरिंग आदि करने वालों से पुलिस सख्ती से निपटेगी। ड्रोन कैमरा भी नहीं उड़ाने दिया जाएगा। जिन होटलों में कपल की एंट्री होगी, वहां पर एकल व्यक्ति को प्रवेश नहीं दिया जाएगा। क्षमता से अधिक लोगों के प्रवेश पर अनुमति को निरस्त कर दिया जाएगा। आयोजन के लिए फायर एनओसी भी लेनी होगी।

## 2 जनवरी से 27 मार्च तक होगा ग्राम चौपाल का आयोजन

बदायूँ। मुख्य विकास अधिकारी केशव कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि शासन के निर्देशों के क्रम में जनपद के समस्त विकास खण्डों में 02 जनवरी से 27 मार्च 2026 तक प्रत्येक शुक्रवार को ग्राम चौपाल (गॉव की समस्या, गाँव में समाधान) का आयोजन कराया जाएगा। जनवरी से मार्च तक प्रत्येक शुक्रवार को समस्त ब्लॉक की दो-दो ग्राम पंचायतों में ग्राम चौपाल आयोजित कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि शासन से प्राप्त निर्देशों के क्रम में ग्राम चौपाल आयोजित किये जाने हेतु ग्राम पंचायतों का त्रैमासिक रोस्टर तैयार किया गया है। जनपद के जिला विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक, जिला ग्राम्य विकास अभिकरण, उपायुक्त (स्वतः रोजगार व श्रम रोजगार) एवं मुख्य विकास अधिकारी द्वारा किसी एक विकास खण्ड के ग्राम चौपाल में प्रतिभाग करने हेतु दिशा-निर्देश भी जारी किये गये हैं। उन्होंने बताया कि ग्राम चौपालों वाले ग्रामों में 03 दिवस पूर्व साफ-सफाई का अभियान चलाकर सफाई कार्य कराये जाने एवं ग्राम चौपालों हेतु नामित अधिकारीगणों द्वारा किसी एक ग्राम पंचायत में गठित किसी एक स्वयं सहायता समूह का निरीक्षण अनिवार्य रूप से करने हेतु निर्देशित किया गया है।

# 1 व 03 जनवरी को होगा प्रदेश स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता के लिये चयन ट्रायल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**जनपद स्तरीय समन्वय सब जूनियर बालक बालिका एवं सीनियर पुरुष , महिला एथलेटिक्स प्रतियोगिता चयन , ट्रायल्या दिनांक 01 जनवरी 2026 को प्रात 10 बजे स्पोटर्स स्टेडियम बदायूँ में किया जायेगा**

बदायूँ। जिला क्रीडाधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि जनपद अयोध्या में प्रदेश स्तरीय समन्वय सब जूनियर बालक/ बालिका एवं प्रदेश स्तरीय सीनियर पुरुष/ महिला एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन 06 से 16 जनवरी 2026 तक सुनिश्चित है, जिसमें मण्डल स्तरीय समन्वय सब जूनियर बालक / बालिका एवं सीनियर पुरुष / महिला एथलेटिक्स प्रतियोगिता चयन / ट्रायल्स का आयोजन बरेली के डोरी लाल स्पोटर्स स्टेडियम मे दिनांक 03 जनवरी 2026 को प्रातः 10:00 बजे किया जायेगा।

उन्होंने बताया कि जनपद स्तरीय समन्वय सब जूनियर बालक बालिका एवं सीनियर पुरुष / महिला एथलेटिक्स प्रतियोगिता चयन / ट्रायल्या दिनांक 01 जनवरी 2026 को प्रात 10:00 बजे स्पोटर्स स्टेडियम बदायूँ में किया जायेगा । इवेट्स सब जूनियर बालक में 100, 200, 400, 800 मी0 दौड़, 100 मी0 हर्डिल्स, हाई जम्प, लांग जम्प, शॉट पुट डिस्कस, जैतेलिन थो, बाकिंग 5000 मी0। इवेट्स सब जूनियर बालिका में 100, 200, 400, 800 मी0 दौड, 100 मी0 हर्डिल्स, हाई जम्प, लांग जम्प, शॉट पुट, डिस्कस, जैवेलिन थ्रो वाकिंग 3000 मी0। इवेट्स सीनियर पुरुष में 100, 200, 400, 800, 1500, 3000 मी0 दौड़, 110 मी0 हडिल्स, 400 मी0 हडिल्स, 2000 मी0 स्टीपल चेस हाई जम्प, लांग जम्प, ट्रिपल जम्प शॉट पुट डिस्कस, जैवेलिन थ्रो, वाकिंग 10000 मी0 तथा इवेट्स सीनियर महिला 100, 200, 400, 800, 1500, 3000 मी0 दौड, 110 मी0 हडिल्स, 400 मी0 हडिल्स, 2000 मी0. स्टीपल चेस, हाई जम्प, लांग जम्प, ट्रिपल जम्प शॉट पुट डिस्कस, जैवेलिन थ्रो, वाकिंग 5000 मी0 होगी।

# 15 फ़रवरी तक करें उम्मीद पोर्टल पर वक़्फ़ की फ़ीडिंग

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। ज़िला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी प्रणव कुमार पाठक ने बताया है कि शासन ने एकीकृत वक़्फ़ प्रबन्धन, सशक्तिकरण, दक्षता और विकास अधिनियम के अनुसार उम्मीद केन्द्रीय पोर्टल पर मौजूदा वक़्फ़ सम्पत्तियों का विवरण अपलोड किये जाने हेतु दिनॉक 15 फ़रवरी 2026 तक तिथि बढ़ा दी गयी हैं। इसके लिए जनपद स्तर पर चार सुन्नी एवं एक शिया वक़्फ़ कोआर्डिनेटर तैनात किये गये हैं।

उम्मीद पोर्टल पर वक़्फ़ सम्पत्तियों को दर्ज कराने हेतु मुतवल्लियों को सुविधा प्रदान करने के लिए जनपद स्तर पर उम्मीद पोर्टल फ़ीडिंग सैन्टर मदरसा आलिमा जनाब लालपुल बदायूँ में स्थापित किये गया हैं। इस सैन्टर पर मुतावल्ली आवश्यक पत्राजातों सहित उपस्थित होकर अपनी वक़्फ़ सम्पत्ती का विवरण दर्ज करा सकता है। अथवा स्वयं भी फ़ीड कर सकता है। उन्होंने यह भी बताया कि उम्मीद पोर्टल पर मौजूदा वक़्फ़ सम्पत्तियों का विवरण अपलोड करने के लिए सुन्नी एवं शिया सेन्ट्रल वक़्फ़ बोर्ड लखनऊ के दो उच्चाधिकारियों को अप्रूवर के रूप में तथा मुख्य कार्यपालक/कार्यपालक अधिकारियों/मास्टर ट्रेनर को चेकर के रूप में नामित किया गया है। इसके साथ ही बोर्ड द्वारा जनपद के बड़े औकाफ़ से सम्बन्धित मुतवल्ली अनीस अहमद 9719453965, जावेद अहमद 8433114873, नूर मुहम्मद-9528322786, इबादुर रहमान-9319367973 (सुन्नी वक्फ बोर्ड) एवं जाबिर ज़ैदी 8439501230(शिया वक्फ बोर्ड) को जनपद के नोडल/कोआर्डिनेटर के रूप में नामित किया गया है,जो जनपद में अन्य मुतवल्लियों से सम्पर्क स्थापित कर उम्मीद केन्द्रीय पोर्टल 2025 पर वक़्फ़ सम्पत्तियों का विवरण अपलोड कराए जाने की कार्यवाही करेंगे। उम्मीद केन्द्रीय पोर्टल से सम्बन्धित किसी भी जानकारी के लिए वक़्फ़ का मुतवल्ली कम्प्यूटर के जानकार व्यक्ति के साथ किसी भी कार्यदिवस में ज़िला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी कार्यालय कक्ष संख्या-86 कलैक्ट्रेट बदायूँ में उपस्थित हो।

# गला रेतकर किशोरी की हत्या, परिजनों पर हत्या का आरोप

**पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के बाद पुलिस अपनों पर ही हत्या कर शव फेंकने की आशंका जता रही है**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बदायूँ। वजीरगंज थाना क्षेत्र के गांव लहरा-लाडपुर निवासी इकरार की 15 साल की बेटी सोनम उर्फ सोनी की गला रेतकर हत्या कर दी गई। सोमवार की सुबह सरसों के खेत में उसका शव मिला है। वह दस दिन से गायब थी। थाना पुलिस के साथ सीओ बिसौली सुनील कुमार सिंह, एसपी देहात हृदेश कठेरिया घटनास्थल पर पहुंचे और जांच -पड़ताल के साथ ही परिजनों व ग्रामीणों से पूरे मामले की जानकारी ली।

देर शाम आई पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के बाद पुलिस अपनों पर ही हत्या कर शव फेंकने की आशंका जता रही है। परिजनों के अनुसार सोनम 19 दिसंबर की रात को अपने परिवार के साथ घर में सो रही थी। रात में किसी समय वह कहीं चली गई। परिवार के लोगों को जब इसकी भनक लगी तो उसकी तलाश शुरू की। लेकिन, उसका कोई सुराग नहीं लग सका। परिवार के लोगों ने 26 दिसंबर को थाने में पहुंचकर पुलिस को भी जानकारी दी थी सरसों के खेत में शव मिलने के बाद परिवार के साथ-साथ गांव के तमाम लोग मौके पर पहुंच गए। पुलिस को सूचना दी गई जिसपर थानाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। देखा तो शव क्षत-विक्षत हालत में था। किशोरी के शरीर से मांस को जंगली जानवर नोचकर खा चुके थे। कपड़ों व चेहरे को देखकर उसकी पहचान हो सकी। मृतका की मां ने बताया कि उसकी बेटी कक्षा आठ तक पढ़ी-लिखी थी और वह अपने भाई-बहनों में दूसरे नंबर की थी। परिवार में उसके चार भाई हैं। पुलिस ने शव को जिला मुख्यालय भेजा है।वहीं पुलिस हत्या तो मान रही थी, लेकिन पुलिस को दुष्कर्म की भी आशंका थी। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद सब साफ हो गया है। अब पुलिस अपनों पर ही हत्या कर शव फेंकने की आशंका जता रही है। बहींकिशोरी की गला रेतकर हत्या की गई है। एसएसपी डॉ.बृजेश कुमार सिंह ने बताया दुष्कर्म का मामला सामने नहीं आया है। आशंका है कि परिजनों ने ही उसकी हत्या की है। जल्द ही मामले का खुलासा कर गिरफ्तारी की जाएगी जाएगा।

## गुन्नौर में स्टेट हाईवे पर बाइक–ट्रैक्टर ट्रॉली की भिड़ंत, तीन घायल

संभल, गुन्नौर। थाना क्षेत्र अंतर्गत कस्बा गुन्नौर में मेरठ-बदायूं स्टेट हाईवे पर शनिवार को एक सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकरा गई, जिससे बाइक सवार घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही थाना गुन्नौर पुलिस मौके पर पहुंची और तत्परता दिखाते हुए घायलों को अपने वाहन से गुन्नौर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पहुंचाया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल दिलीप पुत्र रनविजय, निवासी असदपुर, थाना जूनाबई को अलीगढ़ मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। बताया जा रहा है कि हादसे के समय बाइक पर गौरव व अर्जुन भी सवार थे, जिन्हें भी चोटें आई हैं। पुलिस द्वारा दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

## उप्र उद्योग व्यापार मंडल की बैठक

संभल। उ प्र उद्योग व्यापार मंडल की एक बैठक गोविंद गर्ग के प्रतिस्थान पर सम्पन्न हुई जिसकी अध्यक्षता गोविंद गर्ग व संचालन अरविंद कुमार गुप्ता ने किया बब्बू यादव व धर्मेन्द्र कुमार डिप्टी कमिश्नर जीएसटी द्वारा बैठक को सम्बोधित करते हुए बताया कि 6000 के करीब रजिस्टर्ड व्यापारियों में 600 से अधिक व्यापारियों द्वारा शून्य बिक्री की रिटर्न दाखिल हुई हैं अतः विभाग के अधिकारियों द्वारा संबाद किया जाएगा व्यापारी इसे सर्वे न समझे और न ही परेशान हों व्यापारी प्रीतिनिधि भी सहयोग करेंगे। दूसरी बात यह बताई की वास्तविकता से कम बिक्री दर्शायी जा रही है जिस पर विभाग द्वारा अपील की गई कि उसे संज्ञान लें व नोटिस भी जारी हो सकता है। व्यापारियों द्वारा अपील पर अधिक शुल्क लेकर व्यापारियों का शोषण हो रहा है। बैठक में गोविंद गर्ग , अरविंद कुमार गुप्ता ,विनय सराफ ,मुकेश वार्ष्णेय, मनोज वार्ष्णेय आमोद वार्ष्णेय, कपिल वार्ष्णेय ,युवराज , अमित मित्तल ,अजय अग्रवाल सुनील कुमार प्रदीप विसारिया, अमित अग्रवाल, द्वारिका प्रसाद ,सुविज्ञ अग्रवाल सुधीर अग्रवाल रजनीश जोली नेत्रपाल आदि ने विचार व्यक्त किये।

## अनियमितताओं पर अंकुश लगाने, जांच किए जाने को लेकर समिति की बैठक

मुरादाबाद। सभापति कुंवर महराज सिंह के सभापतित्व में उत्तर प्रदेश विधान परिषद की विकास प्राधिकरणों, आवास विकास परिषद, जिला पंचायतों एवं नगर निगमों में व्याप्त अनियमितताओं पर अंकुश लगाने, जांच किए जाने के संबंध में गठित समिति द्वारा 7 जनवरी 2026 को जनपद के संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित होगी। जिलाधिकारी अनुज सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार में इस संबंध में आयोजित बैठक के दौरान समिति के भ्रमण कार्यक्रम के दृष्टिगत विभागों के स्तर से तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक की। जिलाधिकारी ने नगर निगम, आवास विकास, जिला पंचायत एवं मुरादाबाद विकास प्राधिकरण के साथ ही अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों को स्पष्ट तौर पर निर्देशित किया है कि वे निर्धारित बिंदुओं पर त्रुटिरहित जानकारी तैयार करके समिति के समक्ष रखेंगे। उन्होंने कहा कि बैठक के दौरान समिति के सभापति और सदस्यों द्वारा जिन विभागों के बारे में जानकारी ली जाएगी उन विभागों के अधिकारियों द्वारा समिति के निर्धारित प्रोटोकॉल का पालन करते हुए विभागीय जानकारी का प्रस्तुतीकरण किया जाए। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी मृणाली अविनाश जोशी और एडीएम प्रशासन संगीता गौतम के साथ-साथ अन्य वरिष्ठ अधिकारी गण मौजूद रहे।

## 30 लाख रुपया हड़पने का मामा ने बहन व भांजों पर लगाया आरोप, चार के खिलाफ केस दर्ज

गोरखपुर । कस्बा निवासी संपूर्णानंद वर्मा ने अपनी बहन श्रीमती मनोरमा देवी, भांजे मनोज वर्मा, मोहित वर्मा, मंजीत वर्मा पर 30 लाख रुपया हड़पने का आरोप लगाया है। रुपया मांगने पर गाली गुप्ता देते हुए जान से मारने की धमकी मिली। न्यायालय के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने उक्त चारों व्यक्तियों पर 316 (2) 319 (2) 318 (4) 352 और 351 (3) के तहत केस दर्ज कर मामले की जांच में लगी है।पीड़ित संपूर्णानंद ने तहरीर में कहा है कि वेस्टर्न रोड, सराफा नगर, मूलगंज, कानपुर निवासी वर्तमान पता गाजी रौजा, कर्बला मस्जिद बड़हलगंज निवासी मेरी बहन श्रीमती मनोरमा देवी एवं भांजों ने व्यावसायिक एवं शैक्षणिक कार्य के लिए 30 लाख रुपए मांगा। मैं 12 अगस्त 17 से 19 सितंबर 20 20 तक लगभग 10 लाख रुपए बैंक के माध्यम से मंजीत वर्मा व मोहित वर्मा के खाते में भेज दिया। और लगभग 20 लाख रुपए भिन्न-भिन्न तिथियों में नगद दिया। उक्त लोगों ने कहा कि आपका रुपया जल्दी ही वापस कर दिया जाएगा। जबकि उनका व्यवसाय भी चल गया और मोहित बीटेक कर इंजीनियर बन गया। हमने तब पैसा मांगा तो टालते रहे। किंतु 01 जून 25 को रात्रि में उपरोक्त लोगों ने रुपया मांगने पर गाली गुप्ता देते हुए जान से मारने की धमकी दिया। उक्त लोगों ने धोखाधड़ी कर रिश्तेदारी को शर्मसार कर रुपया हड़प लिया है। मैं कोतवाली पुलिस बड़हलगंज को लिखित सूचना दिया उसे पर कोई कार्रवाई नहीं फिर 9 जून 25 को जरिए रजिस्ट्री व आइजीआरएस कप्तान गोरखपुर को पत्र दिया।

## बढ़ती ठंड से लोगों को राहत दिलाने के लिए मोन गांव मे कम्बल वितरण

रायबरेली। बढ़ती ठंड व शीतलहरी से लोगों को राहत दिलाने के लिए क्षेत्र के मोन गांव में शासन द्वारा दिए गए कम्बल पाकर बुजुर्गो के चेहरे खिल गए। क्षेत्र के मोन गांव स्थित पंचायत घर में मंगलवार को बुजुर्ग, विधवा व दिव्यांगो को ठंड से निजात दिलाने के लिए कम्बल वितरित किए गए। पंचायत भवन परिसर में ग्राम प्रधान शिवकला व हल्का लेखपाल शिवराज सिंह चौहान की मौजूदगी में बेसहारा बुजुर्गों को कम्बल वितरित किए गये। वहां मौजूद प्रधान पति अमरेश कुमार ने बताया कि जिन लोगों के पास पर्याप्त कपड़े नहीं हैं, उनका ठंड से बुरा हाल है। शासन द्वारा ऐसे गरीब लोगों को ठंडे से राहत दिलाने के लिए कंबल वितरित किए जा रहे।

# अवैध अतिक्रमण पर एसडीएम नानपारा मोनालिसा जौहरी की ताबड़तोड़ कार्रवाई जारी

**सरकारी भूमि पर बने पक्के निर्माण को कराया गया ध्वस्तएसडीएम ने नेतृत्व अवैध कब्जे हुए ज़मीनदोज़**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बहराइच । नानपारा तहसील क्षेत्रान्तर्गत ग्राम कगार स्थित गाटा संख्या 603 रकबा 0.0024हे. जो कि राजस्व अभिलेखों में खाद के गड्ढे के नाम दर्ज है। उपरोक्त सरकारी भूमि पर रात्रि में पक्का निर्माण करके मेहमान सिंह, ध्रुव सिंह, सर्वजीत सिंह, बघेल सिंह पुत्रगण ननकऊ सिंह द्वारा दीवार खड़ी अवैध कब्ज़ा करने की शिकायत प्राप्त होने पर उप जिलाधिकारी नानपारा मोनालिसा जौहरी के निर्देश पर संबंधित राजस्व निरीक्षक व क्षेत्रीय लेखपाल द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए पक्के बने निर्माण को नियमों के अंतर्गत ध्वस्त करवा दिया गया। सरकारी भूमि पर हुए अतिक्रमण पर धवस्तीकरण होने पर अवैध कब्जेदारों में बेचैनी बढ़ गई है।तहसील प्रशासन की सख्त कार्रवाई से यह स्पष्ट संदेश क्षेत्र में गया है कि सरकारी संपत्ति पर अवैध कब्जा किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। एसडीएम नानपारा द्वारा लगातार सरकारी भूमि पर से अवैध अतिक्रमण हटवाए जाने पर क्षेत्र में अवैध अतिक्रमणकारियो में भय का माहौल है वही यह भी स्पष्ट हो गया है कि अब प्रशासन अभियान चलाकर अवैध अतिक्रमण पर कड़ी कार्यवाही कर रहा है। तहसील प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि सरकारी भूमि, तालाब, चकरोड एवं सार्वजनिक संपत्तियों पर किए गए सभी अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध आगे भी अभियान जारी रहेगा। सरकारी भूमि पर अवैध अतिक्रमण को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# डीएम एसएसपी ने किया जेल का औचक का निरीक्षण



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। डीएम अवनीश कुमार राय, एसएसपी डॉ0 बृजेश कुमार सिंह, द्वारा जिला कारागार बदायूँ का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान बन्दी बैरकों भोजनालय, चिकित्सालय को चैक किया गया। बंदियों से वार्ता कर सुविधाओं व समस्याओं की जानकारी ली गयी । जेल परिसर के अंदर कोई भी प्रतिबंधित सामग्री ना जाये व साफ-सफाई आदि के सम्बन्ध मे सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये । जेल अधीक्षक को साफ-सफाई की व्यवस्था बेहतर रखने हेतु निर्देशित किया गया तथा सीसीटीवी कैमरो के संचालन के सम्बन्ध में जानकारी ली गयी । इस दौरान जिला कारागार अधीक्षक व अधि0/ कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# सीढ़ियों से पैर फिसल कर गिरने से सामाजिक कार्यकर्ता आशु पाण्डेय की मौत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रायबरेली। क्षेत्र के हसनपुर गांव के रहने वाले कोटेदार एवं सामाजिक कार्यकर्ता आशु पाण्डेय का बीती रात माकान की सीढ़ियों से पैर फिसल कर गिरने से निधन हो गया। वह 42 वर्ष के थे। उनके निधन की सूचना मिलते ही संपूर्ण क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। उनके अचानक अलविदा कह कर चले जाने से हर कोई स्तब्ध है।

बता दें कि, साधारण परिवार में पले बढ़े आशु पाण्डेय ने अपने परिश्रम, मेहनत, कर्तव्यनिष्ठ स्वभाव, सरल व्यवहार और मिलनसार व्यक्तित्व के लिए क्षेत्र में जाने जाते थे। दिवंगत आशू पाण्डेय कोटेदार के साथ-साथ पूर्ति कार्यालय में गरीबों के राशनकार्ड बनवाने में मदद करते थे, वे पूर्ति कार्यालय में एक ईमानदार, जिम्मेदार सहयोगी के रूप में जाने जाते थे। लोगों के दिलों में उनकी छवि एक नेकदिल और सदैव मदद के लिए तत्पर व्यक्ति की रही है। उनके असमय निधन से न केवल उनके परिवार को बल्कि पूरे क्षेत्र को अपूरणीय क्षति हुई है। परिवारजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। परिवारी जन, ग्रामीण एवं क्षेत्रीय लोग गहरे शोक में डूबे हुए हैं। उधर आशु पाण्डेय के निधन की सूचना मिलते ही उनके आवास पर शोक संवेदना व्यक्त करने वालों का तांता लग गया। क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, नेता एवं गणमान्य नागरिक उनके आवास पर पहुंचकर शोकाकुल परिजनों को ढांढस बंधाते नजर आए। शोक संवेदना व्यक्त करने वालों में प्रमुख रूप से कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुशील पासी, सपा विधायक श्याम सुंदर भारती, पूर्व विधायक रामलाल अकेला, पूर्व विधायक राजाराम त्यागी, ब्लॉक प्रमुख प्रदीप चौधरी, नगर पंचायत अध्यक्ष महराजगंज प्रभात साहू, पूर्व ब्लॉक प्रमुख सत्येंद्र प्रताप सिंह, पूर्व प्रत्याशी अपना दल एस लक्ष्मीकांत रावत, युवा मोर्चा अध्यक्ष सुधा अवस्थी, शिवम तिवारी, पूर्व सभासद विजय धीमान, नगर पंचायत अध्यक्ष बछरावां रामजी, ग्राम प्रधान केशव चौधरी समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# सिचाई के लिए नहर में पानी न आने से किसानों की गेंहू की फ़सल पर संकट

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रायबरेली। सिचाई के लिए जौनपुर नहर ब्रांच से निकलने वाली हलोर अल्पिका में पानी न आने से किसानों की गेंहू की फ़सल बिना सिंचाई के ऐसे ही पड़ी है। किसान पानी के इंतजार में बैठे है। नहर विभाग द्वारा पानी न छोड़े जाने से किसानों में रोष है। खण्ड 28 जौनपुर नहर ब्रांच से पूरे भीखा मजरे मांझगांव के पास से निकलने वाली अल्पिका हलोर होते हुए पुरासी बसकटा के पास नैय्या नाले में जाकर मिलती है।

इसके अलावा मांझगांव से निकल कर नारायनपुर मोन को जाने वाली मांझगांव माइनर भी सूखी पड़ी है। यहां के किसान पानी आने की बाट जोह रहे हैं। जमुरांवा के किसान इंद्रपाल यादव ने बताया कि दो सप्ताह पहले रात में दो घंटे के लिए पानी आया था। उसके बाद नहर में पानी का जलस्तर कम हो गया जिससे अल्पिका में पानी नही आ रहा है। वहां के हजारों किसान गेहूं की फसल की सिंचाई को लेकर चिंतित है। किसान राजेंद्र प्रसाद त्रिपाठी, लाखन सिंह, नरेश कुमार, रुद्र प्रसाद, सुरेश कुमार, हेमंत सिंह, राजेंद्र सिंह, बाबूलाल आदि ने बताया कि बीते दो सप्ताह पहले गुरुवार देर रात पानी आने से सिंचाई की चिंता समाप्त हो गई थी। लेकिन सुबह होते ही अल्पिका में पानी गायब हो गया। जानकारी करने पर पता चला कि जौनपुर नहर ब्रांच में पानी सीधे आगे के लिए छोड़ दिया गया है। जिससे अल्पिका के हेड तक पानी नही पहुंच रहा है। गेंहू की सिंचाई का माकूल समय चल रहा है ऐसे में अब किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें हैं। जमुरावां के किसान जगदत्त त्रिपाठी व अतुल तिवारी का कहना है कि अल्पिका में सफाई के दौरान दोनों पटरियों पर सिल्ट अधिक मात्रा में होने से अब ठीक से सफाई भी नही हो पा रही है। वहीं हेड के पास अत्यधिक सिल्ट जमा होने से नहर में छोड़ा गया पानी पूरी तरह अल्पिका में नही पहुंच पाता। इंसेट - क्या बोले जिम्मेदार -- नहर विभाग के अभियंता नवनीत कुमार ने बताया कि अभी तक हमें अड़तीस सौ क्यूसेक पानी मिल रहा था जो घटकर पच्चीस सौ क्यूसेक हो गया है। अगर ऊपर से पानी बढ़ी मात्रा मिलेगा तभी हम माइनर में पानी दे पाएंगे।

## नाली जोतकर कब्जा करने वाले 3 किसानों पर केस दर्ज

रायबरेली। खेतों के बीच से जाने वाले चकमार्ग व नाली जोतकर कब्जा करने वाले तीन किसानों पर लेखपाल की तहरीर पर सार्वजनिक संपत्ति नुकसान निवारण अधिनियम के तहत केस दर्ज। मामला चंदापुर थाना क्षेत्र के दुबे का बाजार मजरे मऊ गांव का है। हल्का लेखपाल शिवराज सिंह चौहान ने चंदापुर पुलिस को दी गई में तहरीर बताया कि गाटा संख्या 4127 व 4129 चकमार्ग व नाली दर्ज है।


## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र शिम्मू खां को उसके गलत चाल चलन एवं व्यवहार के कारण हमेशा के लिए अपनी संपूर्ण चलवा चल संपत्तियों से बेदखल कर दिया है मेरा उपरोक्त पुत्र शिम्मू खां से अब कोई संबंध नाता नहीं रहा तथा मेरी किसी भी चल व अचल संपत्तियों में किसी प्रकार का कोई हक अधिकार नहीं होगा जो भी व्यक्ति उसे किसी भी प्रकार का लेनदेन करेगा वह स्वयं ही जिम्मेदार होगा।

सूचनाकर्ता-दिलदार खाँ किफायत खाँ
नि. मोहल्ला हकीमगंज बदायूं 243601

# करनैलगंज में मनरेगा योजना का बंटाधार



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। जिले के करनैलगंज विकास खंड में मनरेगा योजना बेपटरी हो चुकी है और यहां भ्रष्टचार अपनी चरम सीमा पर है।बीडीओ, एपीओ व तकनीकी सहायक से लेकर अन्य जिम्मेदार अधिकारी जान-बूझकर आंखें बंद किए हुए हैं।

**तरहटा,रामगढ़, प्रतापपुर इन गांवो में मनरेगा में चल रहा हैं भ्रष्टाचार का खेल**

सरकारी धन की बंदरबांट का आलम यह है कि फर्जी मस्टर रोल के जरिए केंद्र सरकार की अतिमहत्वाकांक्षी योजना को पलीता लगाया जा रहा है।ग्रामीणों का कहना है कि आखिर यहां मनरेगा योजना में भ्रष्टाचार पर कब नकेल लगेगी। बताते चलें कि करनैलगंजविकास खंड की ग्राम पंचायत तरहटा को मन रेगा पोर्टल पर खंगालने की कोशिश की तो डब ल रोल का खेल बदस्तूर जारी मिला है। ग्रामपंचायत तरहटा में आफत के घर से हाफिज के खेत तक नाला खुदाई का एक कार्यों पर मस्टर रोल में 82 श्रमिको को दिखाया गया जो फोटो अपलोड की गई है,उसमें बड़ा खेल हुआ है।इस में डबल रोल का खेल खेला जा रहा हैं मनरेगा कि सच्चाई से पर्दा उठ गया है। इसी तरह ग्राम पंचायत रामगढ़ में भी एक कार्यों के लिए 90 श्रमिकों का मस्टर रोल चल रहा है, लेकिन गाँव में मनरेगा का भ्रष्टाचार के आगे दम घुट रहा है।मनरेगा पोर्टल पर जो फोटो अपलोड की गई है,उसमें सभी एक जैसी दिखाई दे रही हैं।ऐसे में यह खुलासा हो रहा है कि डबल रोल का खे ल ब्लॉक करनैलगंज में बेखौफ जारी है।जिस तरह से करनैलगंज विकासखंड की ग्राम पंचायतों में मनरेगा योजना में भ्रष्टाचार चल रहा है। वह सिस्टम पर सवाल खड़ा करता है। ग्रामीणों का आरोप है कि शिकायतों के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की जाती है बल्कि जांच के नाम सिर्फ पर खानापूर्ति कर जिम्मेदारियों से मुंह मो ड़ लिया जाता है। ऐसे में इस योजना का लाभ लोगों को नहीं मिल पा रहा है।ग्रामीण इसके लिए खंड विकास अधिकारी,प्रमुख और तकनी की सहायक को ज्यादा जिम्मेदार बता रहे हैं।इस संबंध में सीडीओ अंकिता जैन का कहना है कि मामले की जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी।

## फर्जी मस्टर रोल,फर्जी मनरेगा श्रमिक

ग्राम पंचायतों में फर्जी मस्टर रोल तैयार कर मनरेगा योजना के तहत तालाब खुदाई,नाला सफाई व चक मार्ग पर मिट्टी पटाई का कार्य दिखाकर धन की बंदर बांट की जा रही है।हद तो यह है कि यहां एक दिन में कहीं 90 कहीं 82 तो कहीं 73 तो कही 61तो कही 135 तो कही 223 श्रमिकों की हाजिरी लगाई जा रही है।वहीं दूसरी तरफ,सूत्र बताते हैं कि धरातल पर सिर्फ नाम मात्र श्रमिक काम करते हैं।इस कारनामे को अंजाम देने में सिर्फ प्रधान व एपी ओ ही जिम्मेदार नहीं है,बल्कि ब्लॉक के अफ सर ब्लॉक प्रमुख और बीडीओ की भी इसमें ब राबर की हिस्सेदारी बताई जाती है। बेरोजगारों को रोजगार मुहैया कराने के नाम पर तरहटा, रामगढ़, प्रतापपुर के प्रधान ने अपने रसूख से मनरेगा योजना को पलीता लगाने का ऐसा जा ल बुन रखा है,जिसे भ्रष्टाचार की पराकाष्ठा क हा जा सकता है।

## आरोप, बीडीओ ने दे रखी लूट की छूट

गांव वालो का आरोप है कि करनैलगंज ब्लॉक के बीडीओ ने मातहतों को लूट करने की खुली छूट दे रखी है। ब्लॉक के जिम्मेदार अधिकारी व कर्मचारी भी अपनी नौकरी को दांव पर लगा कर इस लूट में शामिल बताए जाते है इससे स्पष्ट है कि अधिकारियों और कर्मचारियों की मिलीभगत से एक ही फोटो को बार - बार इ स्तेमाल करके मनरेगा योजना में हेरा फ़ेरी की जा रही है,साथ ही पारदर्शिता के लिए बनाया गया एनएमएमएस ऐप को भी भ्रष्टाचार का मजबूत हथियार बना लिया गया है।बताते हैं कि पंचायतों के निर्माण कार्य की मॉनीटरिंग करने वाले अधिकारी पोर्टल पर दर्ज फोटो व मस्टर रोल की जांच नहीं करते हैं,जबकि इस तरह का फर्जीवाड़ा करने में सहयोग कर रहे हैं,जो प्रश्नचिन्ह है।सबूत होने के बाद भी जिला प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारी कार्रवाई करने को तैयार नहीं है।इससे भी गड़बड़ी करने वालों के हौसले बुलंद हैं और वह लगातार मनरेगा योजना को पलीता लगा रहे हैं।

# आरटीओ आफिस में व्यापक स्तर पर व्याप्त भ्रष्टाचार का आरोप

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोण्डा। एआरटीओ कार्यालय में लाइसेंस विभा ग में भ्रष्टाचार की सारी हदें पार कर दी गयी है। कार्यालय के एआरटीओ आरसी भारतीय के नाक के नीचे लाइसेंस विभाग में बहुत बड़ा खे ल कई करोड़ों रूपये का भ्रष्टाचार का आरोपलगया हैं। आरोप लगया हैं कि एआरटीओ के जानकारी में चल रहा हैं।

एआरटीओ की मिली भगत से संभागीय परिवहन विभाग में सारे ला इसेंस एआरटीओ की आईडी से एप्रूवल किये जाते है।अगर आप गाड़ी चलाने जानते है तो आपको जानबूझकर फ़ेल कर दिया जायेगा और अगर 25 सौ रूपये घूस लेने का आरोप लगाया है कहां है कि जो पैसे देते हैं उनका लाइसेंस जारी कर दिया जाता हैं,शिकायतकर्ता ने मांग कि पिछले एक साल का डाटा निकाल लिया जाये कि एआरटीओ आरसी भारतीय कासारा खेल सामने आ जायेगा। शासन से मांग की हैं कि केवल यह देख लिया जाये कि एक दिन में कितना बायोमिट्रीक किया गया और उ स दिन कितने लोगों का लाइसेंस जारी किया गया और उसी दिन कितने लोगों का टेस्ट लिया गया।टेस्ट के नाम पर खाली दिखावा किया जारहा है।आरोप हैं कि एक दिन में सिर्फ 4 या 5 टेस्ट होता है और लाइसेंस जारी किया जा रहा 70 से 100 खाली यही डाटा निकाल लिया जा ये टेस्ट कितने लोग देते है और लाइसेंस कितने लोगों का जारी किया जाता है यह सब एआरटी ओ आरसी भारतीय का सारा खेल सामने आ जायेगा।

बतया हैं कि हर चीज का रेट निश्चित है।परमानेन्ट लाइसेंस 25,सौ रूपये (एल.एम बी.)और एम.सी) खाली एल.एम.बी.15 सौ रूपये, खाली एम.सी.12 सौ रूपये, रिनिवल पांच सौ डुप्लीकेट पांच सौ रूपये,पता परिवर्तन डी.एल.एक हजार रूपये,ट्रांसपोर्ट लाइसेंस दस हजार रूपये,इस सारे खेल के अहम किरदार एआरटीओ के बहुत ही खास लेखाकार बाबू सभाजीत त्रिपाठी है जो कि गुरू जी के नाम से मशहूर है। दलालों के भगवान कहे जाने वाले सभाजीत त्रिपाठी के पास पूरा लाइसेंस विभाग का जिम्मा है कितनी फाइल वसूली जायेगी कि तनी फाइल का टेस्ट पास किया जायेगा कित ना फोटो खींचा जायेगा।

सारा मैनेजमेन्ट सभा जीत त्रिपाठी ही करते है,इनके पास दस लड़कों की टीम है।जो कि इनके बहुत ही खास है इन ही लोगों से सारी फाइलों की वसूली करवाते है लाइसेंस विभाग के भ्रष्टाचार अहम किरदार श्री सभाजीत त्रिपाठी अपनी लगभग सारी नौकरी गोण्डा के कार्यालय में की है।इनका कई बार ट्रांसफर हुआ लेकिन अपने रसूख के दम पर कहीं ज्वाइन करने ही नहीं जाते है और अभी भी जनपद बलरामपुर में पोस्ट है। लेकिन यह अपने रसूख के बल पर गोण्डा आरटीओ में ही कार्यरत है,जबकि इनका ट्रांसफर जनपद बल रामपुर में कर दिया गया है फिर सभाजीत त्रिपा ठी अपने तैनाती स्थल जनपद बलरामपुर नही जायेगें तब तक कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार कम नही होगा। शिकायत में वर्णित बिन्दुओं को गम्भीरता से लेते हुए कठोर एवं दण्डात्मक कार्यवाही करने की मांग की हैं ताकि कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार रूक सकें।

# रयगाँव में मानक विहीन इंटरलॉकिंग एवं नाली निर्माण का आरोप

**आरोप है कि इसी तरह की लंबी इंटरलॉकिंग पहले ही बिछा दी गई है जो मानक विहीन है**

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोंडा। सरकार ने गांवो की सड़कों की खस्ता हालत को सुधारने के लिए युद्ध स्तर पर ग्रामी ण क्षेत्रों में इंटरलॉकिंग व नाली निर्माण कार्य किया जा रहा है।लेकिन खाऊ कमाऊ निति के चलते गांवों की सड़कें भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाती है।

ऐसा ही एक मामला मुजेहना ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम पंचायत रयगाँव में पंचायत निधि से इंटरलाकिंग सड़क व नाली का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। जिसमें भारी अनियमितता का आरोप लगाया गया है। जिसमें इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य में जमकर मानकों की अनदेखी की जा रही है।निर्माण कार्य में दोनों तरफ बना ई जा रही एजिंग में पीले व दोयम दर्जे की ईंटों का उपयोग किया जा रहा है।इसके साथ ही नी चे केवल पीले ईट और रेतयुक्त मिट्टी डालकर सीमेन्टेड ईंटे बिछा दी जा रही है।जो लोगो का

आरोप है कि इसी तरह की लंबी इंटरलॉकिंग पहले ही बिछा दी गई है जो मानक विहीन है। परन्तु खाऊ कमाऊ नीति के चलते निर्माण का र्य भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया। ग्राम प्रधान द्वारा कराए जा रहे इंटरलॉकिंग में मानकों को ताक पर रखकर घटिया सामग्री से नाली व इंटरलॉ किंग में घटिया मटेरियल व घटिया ईट का इस्ते माल किया जा रहा है, जो कि सरकारी मानकों के विपरीत है।ग्रामीणों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि ग्राम प्रधान काफी रसूखदार हो ने के कारण घटिया मटेरियल से कार्य कराए जा रहे हैं, इस संबंध में मुजेहना खंड विकास से बात कि गईं तो बताया कि शिकायत मिली जांच कराई जा रही है।

# सकारात्मक विचारों के साथ जीवन जीना: बी के अनामिका बहन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। नकारात्मकता से भरी पड़ी दुनिया में हम सदैव सकारात्मक ऊर्जा से भरपूर रहें, इस के लिए हमें आध्यात्मिक जीवन शैली अपनानी होगी आध्यात्मिक होना अलग बात है और धा र्मिक होना अलग बात है।आज के इस आपा धापी भरे प्रदृश्य में थके थके जीवन जीने वाले मनुष्य हर जगह मिल जायेंगे,धर्म आध्यात्म के संतुलन के बगैर जीवन में संतुलन नहीं आ सक ता है।

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय परसपुर सेंटर की प्रभारी राजयोगिनी ब्रह्मा कुमारी अनामिका बहिन ने मंगलवार को सेवा केन्द्र पर उपस्थित भाई बहिनों को सम्बोधित करते हुए कहा कि अपने रोजमर्रा के भाग-दौड भरे व्यस्त जीवन में से,हमें हर दिन कुछ पल रुककर यह जानने की ज़रूरत है कि, इन सब बातों के बावजूद हम दिन भर में कितना समय अपनी विशेषताओं को दूसरों के साथ बांटते हैं और कैसे हर मिलने वालों के साथ प्यार से पेश आते हैं।सदैव खुले मन और बड़े दिल से देखें और चेक करें कि आपके द्वारा किया गया प्रत्ये क कर्म; क्या सिर्फ स्वयं के कल्याण के लिए है या हम दूसरों के कल्याण के बारे में भी सोचते हैं, हम सभी जानते और महसूस करते हैं कि, प्रतिदिन की दिनचर्या में कई तरह के कार्य क रने होते हैं,लेकिन इन सबके साथ हमें दूसरों के जीवन में भी शांति, प्रेम और खुशी जैसी खूब सूरत चीजें बांटनी चाहिए; जो हम अपने लिए चाहते हैं। आज लोग कल काम में व्यस्त रहना एक आम बात है, लेकिन कुछ लोग काम करते हुए भी अपने आस-पास के लोगों के साथ, अप नी अच्छाईयां बनाए रखते हैं। कुछ लोग दूसरों से बात करते समय; विशेष शब्दों का चुनाव क रके या फिर अच्छे व्यवहार के साथ अपनी बा तें साझा करने का प्रयास करते हैं। यहां तक कि, कुछ लोग कार्यालय में अपनी दैनिक दिनच र्या शुरू करने से पहले या फिर जो लोग घर में रहते हैं, वह अपने नियमित काम शुरू करने से पहले; ईमेल या किसी अन्य सोशल मीडिया के माध्यम से दूसरों के साथ श्रेष्ठ विचार साझा कर ना सुनिश्चित करते हैं।इसलिए,जीने के लिए क ड़ी मेहनत करना ही केवल जीवन जीना नहीं है, बल्कि वेल्यू बेस्ड जीवन जीना और उसकी खु शबू को दूसरों तक फैलाना ही सच्चा जीवन जी ना है और हमें इन अनमोल मूल्यों को केवल अ पने तक सीमित नहीं रखना है, बल्कि दिल बड़ा करके दूसरों के साथ भी शेयर करना है।हम सभी ऐसे कुछ लोगों को जरूर जानते होंगे, जो प्रतिदिन कुछ प्रेरणादाई विचार या फिर आध्या त्मिक वाक्य अपने घर में या अपने कार्यालय में किसी ऐसे स्थान पर लगाते हैं जहाँ हर कोई उ न्हें पढ़ सके, उनसे प्रेरणा लेकर अपने व्यवहार में ला सके और दूसरों को भी प्रेरित कर सके। इस प्रकार के जीवन को सकारात्मक विचारों पर आधारित जीवन कहा जाता है,ना की केव ल दुनिया वालों की तरह का साधारण जीवन। जीवन को भरपूरता के साथ जिएं और इसका आनंद लें, लेकिन अपने मूल्यों के साथ कभी समझौता न करें। आप जिस किसी भी व्यक्ति के संपर्क में आते हैं, उन्हें य महसूस कराएं कि, आप न केवल व्यक्तित्व और कार्य-कुशलता में, बल्कि अपने मूल स्वभाव,गुणों तथा विशेषता के मामले में भी सबसे अलग हैं।

इस प्रकार से हमारी यह दुनिया रहने के लिए एक खूबसूरत जगह बन जाएगी और हम सभी एक बड़े परि वार की तरह शुद्ध प्रेम और खुशी के बंधन में बंध जाएंगा।सकारात्मक ऊर्जा से भरपूर रहने के लिए राजयोग मेडिटेशन का अभ्यास करें, मन-बुद्धि से सशक्त रहेंगे।उक्त अवसर पर डा क्टर सुरेश चंद्र तिवारी, राधेश्याम मिश्रा अनूप सिंह राघवेन्द्र पाण्डेय रामकुमार पाण्डेय हरि श्चंद्र सिंह ओम प्रकाश रागिनी बहिन-मंजू सिंह, मिथलेश सिंह,उमा देवी,पुनम चतुर्वेदी सुषमा रमा माता बी के सुनील भाई आदि मौजूद रहे।

# यूपी अंडर-15 महिला क्रिकेट टीम तक पहुंचा गांव की बेटी का सफर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नानपारा, बहराइच। कड़ी मेहनत, मजबूत हौसले और निरंतर अभ्यास के बल पर ग्राम भग्गापुरवा की बेटी नूपुर पांडेय ने वह मुकाम हासिल किया है, जो जिले के लिए गर्व का विषय बन गया है। नूपुर का चयन उत्तर प्रदेश अंडर-15 महिला क्रिकेट टीम में हुआ है, जिससे न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई है। वर्ष 2011 में जन्मी नूपुर पांडेय की क्रिकेट के प्रति रुचि बचपन से ही देखने को मिली। अपने घर के सामने स्थित सआदत इंटर कॉलेज के मैदान में लड़कों को खेलते देखकर उनका रुझान क्रिकेट की ओर बढ़ा। शुरुआत में वह उनके साथ खेलती रहीं और धीरे-धीरे उनकी गेंदबाजी में निरंतर सुधार होता गया। सटीक लाइन-लेंथ और अनुशासित गेंदबाजी के चलते उन्होंने जल्द ही अपनी पहचान बना ली। इसके साथ ही बल्लेबाजी और फील्डिंग में भी नूपुर ने खुद को साबित किया। नूपुर की प्रतिभा को जिला क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव इशरत महमूद खान ने पहचाना और उनके सहयोग से नूपुर को लखनऊ स्थित केडी सिंह बाबू स्टेडियम में पेशेवर प्रशिक्षण का अवसर मिला। गांव से निकलकर लखनऊ जैसे बड़े शहर में रहकर अभ्यास करना आसान नहीं था, लेकिन नूपुर ने हर चुनौती का सामना पूरे आत्मविश्वास के साथ किया। उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष भी नूपुर का चयन 21 सदस्यीय संभावित दल में हो चुका है। नूपुर के पिता नीरज पांडेय एक निजी कंपनी में कार्यरत हैं, जबकि उनकी मां रुचि पांडेय शिक्षामित्र हैं।

# भ्रष्टाचार: एंटी करप्शन टीम ने दस हजार रूपये रिश्वत लेते दरोगा को दबोचा

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोंडा। जिले के पुलिस विभाग में भ्रष्टाचार रुकने का नाम नहीं ले रहा है। एंटी करप्शन टीम ने भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए नवाबगंज थाने में तैनात उपनिरीक्षक अमर पटे ल को दस हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया है।

एंटी करप्शन टीम ने उन्हें नवाबगंज ब्लॉक परिसर से पकड़ा हैं। उपनिरीक्षक अमर पटेल पर विश्नोहरपुर गांव निवासी बृजेश यादव से रिश्वत मांगने का आरो प है।बृजेश यादव एक मारपीट के मामले में आ रोपी हैं,जिसकी विवेचना अमर पटेल कर रहे थेउपनिरीक्षक अमर पटेल बृजेश यादव को धम की देकर मुकदमे में धाराएं बढ़ाकर जेल भेजने की धमकी दे रहे थे और दस हजार रुपए की मांग कर रहे थे। शिकायतकर्ता बृजेश यादव ने बताया कि मारपीट के मामले में गिरफ्तारी की धाराएं नहीं लगी थीं,फिर भी उपनिरीक्षक अमर पटेल बृजेश यादव पर लगातार दबाव बना रहा था। मरता क्या नहीं करता वाली कहानी से परेशान होकर बृजेश यादव ने गोंडा एंटी करप्शन टीम को लिखित शिकायत की। इसी शिकायत के आधार पर एंटीकरप्शन टीम ने मंगलवार कोउपनिरीक्षक अमर पटेल को दस हजार रिश्वत लेते हुए रंगेहाथों गिरफ्तार किया हैं। गिरफ्तारी के बाद उपनिरीक्षक अमर पटेल को वजीरगंज थाने लाया गया है,जहां उनसे और शिकायतक र्ता बृजेश यादव से पूछताछ की जा रही है। उपनिरीक्षक अमर पटेल के खिलाफ भ्रष्टाचार नि वारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। वही एंटी करप्शन टीम प्रभारी धनंजय सिंह ने बताया कि दरोगा अमर पटेल को दस हजार रुपए की रिश्वत लेते नवाब गंज ब्लॉक परिसर से गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने ने पुष्टि की हैं कि लगातार आरोपी बृजे श यादव को जेल भेजने की धमकी देकर पैसे की मांग कर रहा था।इस गिरफ्तारी से पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया है।

## पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ का प्रयास लाया रंग , यांत्रिक कारखाना, गोरखपुर के 29 कर्मचारियों को मिली पदोन्नति



गोरखपुर । पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ ने यांत्रिक कारखाने के मुख्य कारखाना प्रबंधक (एडख्र) से मौखिक और लिखित रूप में कई बार संपर्क किया, जिसमें तकनीशियन पदों पर पदोन्नति में देरी पर प्रकाश डाला गया था। संघ की सक्रियता और निरंतर प्रयासों के परिणाम स्वरूप, प्रशासन ने पदोन्नति प्रक्रिया को गंभीरता से लिया।जिसका परिणाम एसी मैकेनिक, विद्युत फिटर, टीएल फिटर और मैकेनिक फिटर सहित कुल 29 कर्मचारियों को तकनीशियन ग्रेड-ऋऋऋ (ग्रेड पे-1900, पे लेवल-02) से तकनीशियन ग्रेड-ऋऋ (ग्रेड पे-2400, पे लेवल-04) के पद पर पदोन्नत किया गया है।संघ के प्रयासों को कर्मचारी हित में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में देखा जा रहा है, क्योंकि लंबे समय से लंबित पदोन्नतियां अब पूरी हो रही हैं।यह पहल पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ के महामंत्री , सहायक महामंत्री एनएफआईआर विनोद कुमार राय के कर्मचारी हितैसी रूप एवं उनके नेतृत्व को दर्शाती है, जिन्होंने कर्मचारियों के मनोबल और करियर की प्रगति के लिए सक्रिय रूप से काम किया है।

## टेट प्रकरण पर शिक्षकों की समस्याओं को लेकर भाजपा राष्ट्रीय महासचिव से मुलाकात



गोरखपुर। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की जिला इकाई के संयोजक भारतेंदु यादव के नेतृत्व में एक सामाजिक कार्यक्रम के दौरान भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव डॉ. राधा मोहन दास अग्रवाल से शिष्टाचार भेंट की गई। इस दौरान टेट प्रकरण से जुड़ी शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं को उनके समक्ष विस्तार से रखा गया।शिक्षकों की बातों को गंभीरता से सुनते हुए भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव डॉ. राधा मोहन दास अग्रवाल ने बताया कि उक्त प्रकरण माननीय शिक्षा मंत्री के संज्ञान में है और इस विषय पर सकारात्मक निर्णय लिए जाने की पूरी संभावना है। उन्होंने आश्वस्त किया कि शिक्षकों के हितों को ध्यान में रखते हुए पार्टी स्तर पर लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।उक्त कार्यक्रम में शिक्षक नेता आशुतोष नायक, रणजीत सिंह, सत्यवान नायक, पूर्व पार्षद राघवेंद्र सिंह, जिला पंचायत सदस्य अजय सिंह भीम, समाजसेवी विश्वजीत सिंह, शत्रुघ्न मिश्र सहित दर्जनों शिक्षक एवं स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

## पावरलिफ्टिंग एसोसिएशन गोरखपुर के अध्यक्ष बने भारतेंदु यादव



गोरखपुर । जनर्लिस्ट प्रेस क्लब गोरखपुर में जनपद गोरखपुर पावरलिफ्टिंग के सचिव विनय कुमार यादव ने प्रेस कांफ्रेंस करके बताया कि कर्मचारी नेता भारतेंदु यादव को पावरलिफ्टिंग एसोसिएशन गोरखपुर का जिलाध्यक्ष निर्विरोध निर्वाचित किया गया साथ ही जनपद संतकबीरनगर से धीरज त्रिपाठी एवं बस्ती से जितेंद्र शर्मा को जिला सचिव और मंडल समिति में सचिव राहुल शर्मा, उप सचिव विकास चौहान, कोषाध्यक्ष अविनाश दुबे, मुख्य सलाहकार अनुपम सिंह मुख्य संरक्षक अभिषेक दुबे व नवीन चौहान को पावरलिफ्टिंग एसोसिएशन का पदाधिकारी नियुक्त किया गया है जिनका निर्वाचन स्टेट सचिव अमित राय की सहमति से हुआ , उपरोक्त सभी पदाधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं। पावरलिफ्टिंग एसोसिएशन गोरखपुर के जिलाध्यक्ष भारतेंदु यादव ने कहा कि शीघ्र ही हम अपनी जिला इकाई गठित करके गोरखपुर में जिला स्तरीय पावरलिफ्टिंग खेल का आयोजन होगा जिसमें जिले के कोने कोने से खिलाड़ियों को बुलाकर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा ।

# नशा उन्मूलन अभियान को प्रभावी बनाने के लिए बनाई गई कार्य योजना

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बहराइच। गायत्री चेतना केंद्र (मैदानी बाबा आश्रम डीगिहा) परिसर में गायत्री परिवार से जुड़े परिजन , समाजसेवी व सनातन धर्म से जुड़े हुऐ लोगो ने बैठक कर नव वर्ष में हिन्दू धर्म में व्याप्त अंध विश्वास अशिक्षा, कुरीतियों तथा जातीय भावना को समाप्त करने के लिए जन जागरण अभियान चलाए जाने का बहुआयामी कार्यक्रम तय किया हैं द्य उपस्थित लोगों ने पर्यावरण ,जल संरक्षण व नशा उन्मूलन अभियान को प्रभावी बनाने के लिए कार्य योजना भी बनाई है द्य गायत्री परिजनों व सनातन धर्म से जुड़े हुऐ लोगो की बैठक को संबोधित करते हुए गायत्री चेतना केंद्र संस्थापक /प्रबन्धक आर0 पी0 एन0 श्रीवास्तव ने कहा कि समाज में छुआ छूत व ऊंच नीच तथा जातीयता की भावना बढ़ती जा रही है इससे सनातन समाज का विघटन हो रहा है ऐसे में हम सबका दायित्व बनता है कि जनचेतना अभियान चला कर लोगों को सामाजिक व अखंडता का प्रभावी संदेश दे ताकि हमारा समाज मजबूत व अखंड बना रहे द्य चेतना समिति संरक्षक संजीव श्रीवास्तव एडवोकेट (अध्यक्ष मालवीय मिशन अवध) ने बताया कि संगठन के तत्वधान में पर्यावरण,जल संरक्षण व नशा उन्मूलन का विशेष अभियान चलाया जा रहा है इस अभियान से जन जन को जोड़ने के लिए प्रभावी कार्य योजना बनाई गई है जिसमें गायत्री परिवार के अलावा सनातन धर्म से जुड़े सामाजिक व धार्मिक संगठनों का भी सहयोग लिया जा रहा हैं द्य आयोजित कार्यक्रम का संचालन उपाध्यक्ष अनिल मिश्रा एडवोकेट ने किया धन्यवाद ज्ञापन गायत्री परिजन जगदीश प्रसाद मिश्रा ने किया बैठक की अधिकता इंजी0 राधे श्याम श्रीवास्तव ने किया द्य आयोजित बैठक में प्रमुख रूप से बैठक में श्री राधे श्याम श्रीवास्तव ,प्रेम चंद श्रीवास्तव ,शिव पूजन वर्मा ,राम गोपाल वर्मा ,कप्तान सिंह ,महेश मिश्रा ,बी डी श्रीवास्ताव ,अभिषेक द्विवेदी , कानूनविद अनिल त्रिपाठी एडवोकेट , जगदीश प्रसाद मिश्रा ,दुर्गेश मिश्रा ,श्रीमती कांति मिश्रा ,श्रीमती नागेश्वरी वर्मा श्रीमती बी डी श्रीवास्तव ,श्रीमती नीलम चौधरी , महामंत्री पी 0 आर 0 द्विवेदी , ओम प्रकाश सक्सेना प्रवक्ता डॉ 0 पंकज श्रीवास्तव सहित आदि उपस्थित रहे। समापन अवसर पर संगठन द्वारा चलाए जा रहे अभियान को प्रभावी बनाने के लिए सामूहिक संकल्प भी लिया गया द्य

# नानपारा में बिजली बिल राहत योजना का लाभ ले रहे उपभोक्ता

कैनविज टाइम्स संवाददात



नानपारा, बहराइच। नानपारा के पावर कॉरपोरेशन अधिशासी अभियंता अभिनव कुमार ने एक भेंट मे बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा बिजली उपभोक्ताओं के लिए चलाई जा रही महत्वाकांक्षी योजना (ओ टी एस) विद्युत राहत बिल योजना अंतर्गत 01 दिसंबर से अब तक 24 हजार से अधिक उपभोक्ताओं ने पंजीकरण कराया है।

इन उपभोक्ताओं से कुल 17 करोड़ से अधिक की धनराशि जमा कराई गई है। उन्होंने बताया कि शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में सहायक अभियंता एवं अवर अभियंता की टीमों द्वारा विभिन्न स्थानों पर कैंप लगाए गए हैं जिनके माध्यम से ओ टी एस कार्य किया जा रहा है। अधिशासी अभियंता ने बताया कि विद्युत चोरी के मामलों में 102 उपभोक्ताओं ने स्वतः पंजीकरण कराया जिनसे नियमनुसार 50 प्रतिशत धनराशि जमा कराई गई है। श्री कुमार ने कहा नानपारा क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों और बाजारों में ओ टी एस कैंप लगाए गए हैं इनमें प्रमुख रूप से नानपारा कार्यालय परिसर, गुरघुट्टा, मोतीपुरवा, कलवारी, सोहबतिया, राजापुर, बोहोरीकापुर, वैवाही, ललईपुरवा, शिवपुर बाजार, बरदहा बाजार, अलीनगर, कुटटी सहित अन्य क्षेत्र शामिल हैं।

# नगर पालिका परिषद पीलीभीत की बोर्ड बैठक में विकास व आयवर्धन से जुड़े अहम प्रस्ताव सर्वसम्मति से पास

**बैठक में नगर के विकास एवं प्रशासन से जुड़े महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर विस्तार से विचार–विमर्श किया गया**

कैनविज टाइम्स संवाददाता




पीलीभीत। नगर पालिका परिषद पीलीभीत की मासिक बोर्ड बैठक का आयोजन 29 दिसंबर 2025 को नगर पालिका कार्यालय कक्ष में किया गया। बैठक की अध्यक्षता पालिकाध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल ने की, जबकि अधिशासी अधिकारी संजीव कुमार की मौजूदगी में दोपहर 4 बजे बैठक प्रारंभ हुई।

बैठक में नगर के विकास एवं प्रशासन से जुड़े महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। एजेंडे में विशेष रूप से नगर की सफाई व्यवस्था, जलापूर्ति, पथ प्रकाश, कर निर्धारण, निर्माण कार्यों की प्रगति सहित अन्य जनहितकारी विषय शामिल रहे। इसके साथ ही नगर में नल के नए बोरिंग एवं री-बोरिंग, वार्डों में सड़कों व नालियों की मरम्मत कराए जाने के प्रस्तावों पर भी सहमति बनी।

**पालिका की आय बढ़ाने को लेकर अहम प्रस्ताव पारित**

बैठक के दौरान पालिकाध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल द्वारा नगर पालिका की आय बढ़ाने से संबंधित एक महत्वपूर्ण प्रस्ताव सदन के समक्ष रखा गया। प्रस्ताव के तहत नकटा दाना चौराहा स्थित अधिशासी अधिकारी आवास की भूमि, जिसे पूर्व में समाजवादी पार्टी कार्यालय से कब्जा मुक्त कराया गया था, तथा दुर्गा मंदिर रोड स्थित पालिका की भूमि जहाँ वर्तमान में नलकूप आदि स्थापित है।दोनों खाली पड़ी संपत्तियों पर दुकानें निर्माण कर किराये पर देने का सुझाव दिया गया।

पालिकाध्यक्ष ने बताया कि जनहित एवं पालिकाहित को ध्यान में रखते हुए इन संपत्तियों पर दुकानें बनाकर उनका एलॉटमेंट के माध्यम से किराया उठाया जाना चाहिए, जिससे नगर के विकास को गति मिलेगी और पालिका की आय में स्थायी वृद्धि होगी। उन्होंने यह भी कहा कि सीमित बजट की स्थिति को देखते हुए शासन की किसी योजना अथवा पीपीपी मॉडल (पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप) के तहत दुकानों का निर्माण कर नियमानुसार किराये पर दिया जा सकता है। प्रस्ताव पर सभी सभासदों ने सकारात्मक विचार रखते हुए इसे नगरहित में आवश्यक बताया। विस्तृत चर्चा के बाद बोर्ड बैठक में उक्त प्रस्ताव को सर्वसम्मति से पारित कर दिया गया।

**विकास से सुदृढ़ होगी पालिका की आर्थिक स्थिति**

पालिकाध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल ने कहा कि इन प्रस्तावों के क्रियान्वयन से नगर में व्यवस्थित विकास होगा और नगर पालिका परिषद की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी, जिससे भविष्य में और अधिक जनकल्याणकारी कार्य कराए जा सकेंगे।बैठक में सभासद गोकुल प्रसाद मौर्य, साकेत सक्सेना, वतनदीप मिश्रा, विपिन कुमार राजू फौजी, निर्मल सिंह टीटू, अनस अंसारी, राशिद हुसैन, मो. शरीफ, निज़ाक़त अली कादरी, इकबाल हजरत, शैलेंद्र कौर, शबनम, जाहिदा बी, शिखा वर्मा, पुष्पा उपाध्याय, रत्ना शुक्ला, मेहनाज बेगम, पल्लवी, श्यामलता, उषा देवी, एहतश्याम वली खां, सुरेश लोधी, राजेंद्र भारती, शिवम श्रीवास्तव, चैतन्य गंगवार मौजूद रहे।

## घर से लाखों की चोरी: जेवर,नकदी गायब, पुलिस जांच में जुटी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू की है**

पूरनपुर। कोतवाली क्षेत्र के गांव गहलुइया में एक घर से लाखों रुपये के जेवर, नकदी चोरी हो गए। यह घटना 29/30 दिसंबर 2025 की रात करीब 3 बजे हुई पुलिस मामले की जांच कर रही है दीवार के सहारे घर में दाखिल हुए चोरों ने महिला और उसकी बहू के जेवर और नकदी पर हाथ साफ कर दिया घर में रखा सामान बिखरा पड़ा देख वारदात की जानकारी लगी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जानकारी जुटाई पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू की है कोतवाली क्षेत्र के गांव जादौपुर गहलुइया निवासी जहाना पत्नी हामिद खां छोटे ने पुलिस को बताया कि वह सोमवार सुबह लगभग तीन बजे बच्चों के साथ मकान के बरामदे में सो रहीं थीं अज्ञात चोर दीवार पर चढकर घर के अंदर दाखिल हो गए चोरों ने कमरे में रखी अलमारी में रखें बहू के सोने और चांदी के जेवर चोरी कर लिए दूसरे कमरे के बक्से में महिला का जेवर रखा हुआ था आरोप है कि चोरों ने सोने, चांदी के जेवर और बीस हजार रुपये की नकदी चोरी कर ली सुबह नींद खुलने पर देखा तो कमरे में रखा सामान बिखरा पड़ा था पांच माह पहले सलमान निकाह हुआ था रोजी-रोटी की तलाश में पिता- पुत्र छत्तीसगढ़ में मजदूरी करने गए हुए हैं उनका घर गांव के बाहर बना हुआ है चोरी की घटना की सूचना मिलते ही एएसपी विक्रम दहिया, सीओ प्रतीक दहिया और कोतवाल पवन पांडेय ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और आवश्यक करवाही की निर्देश दिये फॉरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर साक्ष्य इक्कठे किये घटना का खुलासा करने टीमे गठित कर दी गई।

## पूर्व ब्लाक प्रमुख के नेतृत्व में ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। जिले में ानपतगंज बाजार से नौगांवा तीर पुल को जोड़ने वाला मुख्य मार्ग वर्षों से जर्जर स्थिति में है। इस बदहाली से परेशान ग्रामीणों ने मंगलवार को पूर्व ब्लक प्रमुख यशभद्र सिंह उर्फ मोनू के नेतृत्व में जिलाकिारी को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने मार्ग के शीघ्र निर्माण की मांग की है।

लगभग 7 किलोमीटर लंबा यह मार्ग पिछले चार वर्षों से खराब है। यह सड़क ानपतगंज और कूड़वार ब्लक को जोड़ती है। इस मार्ग पर कई प्रमुख स्कूल स्थित हैं, जहां कक्षा 1 से 12व तक के हजारों बच्चे पढ़ने जाते हैं। जर्जर सड़क के कारण बच्चों को रोज कीचड़ और गंद्गी से होकर गुजरना पड़ता है। यशभद्र सिंह ने बताया कि यह मार्ग प्राानमंत्री सड़क योजना के तहत स्वी.त हुआ था, लेकिन ग्रामीण अभियंत्रण विभाग ने इसका निर्माण आूरा छोड़ दिया। इससे सड़क पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है, जिससे स्कूली बच्चों, मरीजों और आम नागरिकों को आवागमन में भारी परेशानी हो रही है। एक स्थानीय ग्रामीण ने बताया कि नौगांवा तक की सड़क ग्रामीण अभियंत्रण विभाग द्वारा 10 करोड़ स्र्पये की लागत से स्वी.त की गई थी। इसका कार्य 2024 में समाप्त हो चुका है, लेकिन सड़क का निर्माण अभी तक पूरा नह हुआ है। ग्रामीणों का आरोप है कि उन्हें केवल आश्वासन दिए जा रहे हैं। ग्रामीणों के अनुसार, सड़क पर उड़ने वाली ूल के कारण हजारों लोगों को फेफड़ों से संबंाित बीमारियां हो रही हैं। इसके अलावा, खराब सड़क के कारण कई दुर्घटनाएं भी हुई हैं, जिनमें लोग घायल हुए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि ग्रामीण अभियंत्रण विभाग इस समस्या को पूरी तरह नजरअंदाज कर रहा है, जिसके चलते 20 गांवों के लोग जिलाकिारी से मिलने आए। जिलाकिारी ने ग्रामीणों की शिकायत सुनने के बाद उन्हें शीघ्र मरम्मत कार्य शुरू कराने का भरोसा दिया है। उन्होंने एक टीम गठित कर ग्रामीण अभियंत्रण विभाग के अाििशासी अभियंता को मौके पर निरीक्षण कर उचित कार्यवाही करने का आश्वासन दिया।

## बेंगलुरु से सुल्तानपुर तक 'विश्वास–लूट का सिंडिकेट

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**प्रेम, व्यापार और राजनीतिक पहुँच.तीनों बने ठगी के औज़ार**

बेंगलुरु , सुल्तानपुर। कभी प्रेम का वादा, कभी मुनाफे का सपना और कभी रसूख का डर। इन्ह तीन हथियारों से कथित तौर पर एक ऐसा नेटवर्क खड़ा किया गया, जिसने भरोसे को ही सबसे बड़ा शिकार बना लिया। बागलगुंटे थाना पुलिस द्वारा 31 वर्षीय शुभम शुक्ला की गिरफ्तारी ने इसी 'विश्वास-लूट की परतें उोड़नी शुरूकी हैं।

पुलिस के मुताबिक शुभम पर आरोप है कि उसने प्रेम संबंा और लिव-इन का झांसा देकर एक महिला से करीब 20 लाख स्र्पये नकद और लगभग 200 ग्राम सोना हड़प लिया। यही नह, उसी परिवार की एक नाबालिग के यौन उत्पीड़न के आरोप में उसके खिलाफ च्ढ्ढ्ढ एक्ट के तहत भी मुकदमा दर्ज है जो इस मामले को केवल ठगी नह, बल्कि गंभीर आपराािक .त्य की श्रेणी में खड़ा करता है।

जांच आगे बढ़ी तो कहानी सिर्फ बेंगलुरु तक सीमित नह रही। उत्तर प्रदेश के गोरखपुर निवासी शुभम की सुल्तानपुर की ससुराल भी इस कथित खेल का अहम ठिकाना बताई जा रही है। आरोप है कि साले रमन के साथ मिलकर व्यापार में मोटा मुनाफा दिलाने के नाम पर कई लोगों से लाखों स्र्पये जुटाए गए। जब रकम लौटाने का वक्त आया तो ब्याज पर पैसा उठाकर एक खाते से दूसरे खाते में घुमाने का खेल शुरूहुआ। यहां तक कि ससुराल की क्रेटा कार तक गिरवी रख दी गई। सूत्र बताते हैं कि पैसे मांगने पहुंचे लोगों को सिर्फ तारीखें और बहाने मिले। इसी क्रम में मोहल्ले की एक सीाी-सादी, कैंसर पीड़ित महिला से अम्मा कहकर साढ़े छह लाख स्र्पये ले लिए गए.कुछ नकद, कुछ खाते में.जो आज तक वापस नह हुए। बीमारी और जस्र्रत के बीच फंसी यह महिला आज भी इंसाफ की आस में बताई जा रही है। जांच में सिंडिकेट की बू भी तेज होती जा रही है। सूत्रों के अनुसार शुभम और उसकी बहन श्वेता इस नेटवर्क के अहम चेहरे हैं। आरोप है कि बेंगलुरु से हड़पा गया सोना बैंक में रखकर लोन लिया गया, और उसमें से करीब 10 लाख स्र्पये रिश्तेदार गिराारी तिवारी को दिए गए। जिन्हें सूद पर चलाने की बात कही जा रही है। कहा जा रहा है कि राजनीतिक पहुँच की ढाल ने इस कथित खेल को लंबे समय तक बेखौफ बनाए रखा। सूत्र यह भी आरोप लगाते हैं कि श्वेता ने अपने पति रोहित तिवारी को झांसा देकर साढ़े छह लाख स्र्पये लिए और बाद में दबाव बनाने के लिए कई मुकदमे भी दर्ज करवा दिए। आरोप है कि आए दिन पति को मां, चाचा और भाई के जरिए ामकियां दिलाई जाती रह, जबकि रोहित के गंभीर बीमारी से पीड़ित होने की बात भी सामने आ रही है। सूत्रों के मुताबिक श्वेता अपने भाई के हर कथित गलत काम की राज़दार रही है। अब सवाल साीाा है कि जब प्रेम सौदा बन जाए, व्यापार जाल और पहुँच ढाल तो कानून की पकड़ कितनी दूर तक जाएगी? अगर जांच वाकई सबूतों के आाार पर चली तो यह मामला सिर्फ एक गिरफ्तारी पर नह स्र्केगा, बल्कि भरोसे की आड़ में चल रहे इस कथित नेटवर्क के और भी चेहरे बेनकाब हो सकते हैं।

## पूरनपुर पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर को किया गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**अवैध तमंचा और जिंदा कारतूस बरामद, विधिक कार्रवाई शुरू**

पूरनपुर। पूरनपुर पुलिस ने मंगलवार दोपहर को भगवन्तापुर रोड पर कार्रवाई करते हुए हिस्ट्रीशीटर अकरम पुत्र सूखा को गिरफ्तार किया है पुलिस ने उसके पास से एक अवैध तमंचा 315 बोर और एक जिंदा कारतूस बरामद किया।

पीलीभीत पुलिस अधीक्षक के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक पीलीभीत के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी पूरनपुर के नेतृत्व में जनपद में अपराधों की रोकथाम व वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी व गौकशी अपराधों में संलप्ति अपराधियों के सत्यापन, गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम मे पुलिस टीम को गश्त के दौरान एक सूचना मिली थी इसी इनपुट के आधार पर टंकी के पास से पुलिया से आरोपी को पकड़ा गया पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपी अकरम पुत्र सूखा नि0 मो0 कुरैशियान ग्राम शेरपुर कला थाना पूरनपुर का निवासी है उसके खिलाफ पहले भी गैंगस्टर, गौकशी, पशु क्रूरता और चोरी जैसे गंभीर मामले दर्ज हैं आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट की धारा 3/25 के तहत मु0अ0सं0 772/2025 में नया मुकदमा दर्ज किया गया है उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है यह गिरफ्तारी पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव के निर्देश पर अवैध शस्त्रों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत की गई इस कार्रवाई में पर प्रभारी निरीक्षक पवन पाण्डेय, उपनिरीक्षक अरुण कुमार, कांस्टेबल सुबोध कुमार और जयप्रकाश शामिल थे पुलिस ने आरोपी के पास से बरामद अवैध तमंचे और कारतूस के संबंध में आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

## सनातन धर्म को शक्तिशाली बनाने के लिये एकजुटता बहुत जरुरी : राजेन्द्र प्रसाद

कैनविज टाइम्स संवाददाता




अमेठी। विकास क्षेत्र सिंहपुर के कस्बा राजा फत्तेपुर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर के प्रांगण में आयोजित हिन्दू सम्मेलन में जाति पाति की करो विदाई हम सब हिन्दू भाई भाई का नारा गूंजा और हिन्दू सम्मेलन में उमड़े जनसैलाब द्वारा भारत माता की जय और जय सियाराम के नारों से इलाका गुंजायमान हो उठा।

हिन्दू सम्मेलन में बतौर मुख्य वक्ता राष्टीय स्वयं सेवक संघ के क्षेत्र प्रचारक प्रमुख राजेन्द्र प्रसाद जी ने अपने सम्बोधन में कहा कि आज से सौ साल पहने हिन्दू सम्मेलन की कल्पना करना बहुत कठिन कार्य था। देश की प्रत्येक नगर में हिन्दू सम्मेलन आयोजित किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हिन्दुओं को देश समाज और राष्ट्र के लिये जाति पाति से ऊपर उठकर संगठित होने की आवश्यकता है क्योंकि एकजुटता से हिन्दू शक्तिशाली होगा। हम सबको अपनी संस्कृति के साथ ही महापुरुषों के बताये रास्ते पर चलना चाहिये। उन्होंने कहा कि राष्टीय स्वयं सेवक संघ में सब बराबर है हमारे संस्कार एक दूसरे का सहयोग करने के लिये प्रेरित करते हैं आप सबको परिवार के साथ बैठना चाहिये और उन्हें महापुरुषों एवं पूर्वजों की कहानी विस्तार से अवगत कराना चाहिये। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिये आप सब लोग एक एक पेड़ अवश्य रोपित कर उसकी देखभाल करें।हिन्दू सम्मेलन को भगवताचार्य सुबोध शास्त्री, रामेश्वर यादव, रामावती ने सम्बोधित किया।सरस्वती शिशु मंदिर की छात्राओं द्वारा आपरेशन सिंदूर पर आधारित कार्यक्रम प्रस्तुत कर अतिथियों एवं श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया।कार्यक्रम की अध्यक्षता राम प्रसाद कोरी एवं संचालन प्रमोद त्रिपाठी ने किया।कार्यक्रम के आयोजक धर्मेश मिश्रा ने अतिथियों का स्वागत कर आगंतुकों के प्रति आभार जताया।इस मौके पर ब्लाक प्रमुख सिंहपुर अंकित पासी,प्रांत प्रचारक प्रमुख राम चंद्र जी, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि कौशलेंद्र सिंह,ओम प्रकाश पाण्डेय,जगत बहादुर सिंह, शिवाकांत अवस्थी, आशीष नंदन त्रिपाठी, सत्य नारायण सिंह, विमलेश चंद्र द्विवेदी, सियाराम दत्त मिश्रा,तेज नारायण मिश्रा, डॉ सुरेन्द्र बहादुर सिंह, धनंजय तिवारी, सुजीत पाण्डेय, घनश्याम मिश्रा,अखिलेश तिवारी, अनुराग मिश्रा, आनंद कुमार मिश्रा,रोहित पाण्डेय, रत्नेश मिश्रा, विजय तिवारी, राकेश मिश्रा,देवेंद्र शुक्ला, राहुल पाठक, शुभम तिवारी समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## संस्कारविहीन शिक्षा समाज को दिशाहीन बनाती है: ध्रुव त्रिपाठी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी। रणंजय इण्टर कालेज ठेंगहा के प्रांगण में मंगलवार को उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ जनपद अमेठी का चौदहवां जनपदीय सम्मेलन एवं शैक्षिक विचार गोष्ठी आयोजित की गई। सम्मेलन का उदघाटन शिक्षक विधायक एवं नेता शिक्षक दल, विधान परिषद उत्तर प्रदेश ध्रुव कुमार त्रिपाठी ने किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ने संस्कारयुक्त शिक्षा विषय पर अपने विचार रखते हुये कहा कि वर्तमान समय में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिये शिक्षा के साथ संस्कारों का समावेश अत्यंत आवश्यक है। संस्कार ही जीवन को दिशा देते हैं और एक सुसभ्य नागरिक का निर्माण करते हैं। उन्होंने कहा कि संस्कार विहीन शिक्षा समाज को दिशाहीन बनाती है जबकि संस्कारयुक्त शिक्षा राष्ट्र निर्माण में सहायक सिद्ध होती है। शिक्षक विधायक ने शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं पर भी विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि शिक्षकों की पूर्व प्राप्त सुविधाओं तथा धारा बारह, सोलह, अठारह एवं इक्कीस को पुनर्जीवित कराने के लिये वह सड़क से सदन तक संघर्ष के लिए प्रतिबद्ध हैं। जब तक इन प्रावधानों को शिक्षा आयोग की नियमावली में सम्मिलित नहीं किया जाता तब तक संघर्ष जारी रहेगा। उन्होंने शिक्षकों से अपनी अस्मिता एवं अधिकारों की रक्षा के लिए संगठित रहने का आह्वान किया तथा तदर्थ शिक्षकों की सेवाओं की बहाली का मुद्दा प्रमुखता से उठाया।सम्मेलन की अध्यक्षता करते हुये जनपदीय अध्यक्ष शिवभूषण उपाध्याय ने शिक्षकों की गरिमा और सम्मान की रक्षा के लिए संगठन की प्रतिबद्धता दोहराई। जिला मंत्री जयप्रकाश द्विवेदी ने अतिथियों का स्वागत एवं आभार व्यक्त करते हुए शिक्षकों से एकजुट होकर संघर्ष के लिए तैयार रहने का आह्वान किया। शैक्षिक विचार गोष्ठी के अवसर पर सेवानिवृत्त शिक्षकों जयप्रकाश तिवारी, राजेंद्र प्रसाद मिश्रा, राज किशोर सिंह एवं अनिल कुमार श्रीवास्तव को अंगवस्त्र, प्रतीक चिन्ह, पुष्पमाला एवं साहित्य भेंट कर सम्मानित किया

### महिला कल्याण विभाग द्वारा चलाया गया तीन दिवसीय जागरूकता अभियान

पीलीभीत। महिला कल्याण विभाग द्वारा जिला प्रोबेशन अधिकारी व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशन में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान व वीर बाल दिवस 100 दिन जागरूकता अभियान के क्रम मे ?हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ़ वूमेन की टीम द्वारा जिला अस्पताल,स्वयं सहायता का समूह प्रशिक्षण केंद्र,जय संतरी मंदिर,?गांधी स्टेडियम ? आदि सार्वजनिक स्थानों पर बाल विवाह मुक्त भारत की शपथ दिलाई गई।जिससे बाल विवाह मुक्त भारत का निर्माण किया जा सके।

### बाल विवाह मुक्त भारत अभियान की कोतवाली में दिलाई गई शपथ

पीलीभीत। महिला कल्याण विभाग द्वारा जिला प्रोबेशन अधिकारी व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशन में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान व वीर बाल दिवस 100 दिन जागरूकता अभियान के क्रम में थाना बीसलपुर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संरक्षण अधिकारी रमनदीप कौर व केंद्र प्रसाशिका तृप्ति मिश्रा द्वारा बाल विवाह मुक्त भारत की शपथ दिलाई गई हैं। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनमानस को बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 व गुड टच और बैड टच के बारे में बताया गया। विभाग द्वारा संचालित टोल फ्री नंबर 1098,1090,181,1076 तथा सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाए मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना,मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, स्पॉन्सरशिप योजना, निराश्रित विधवा पेंशन योजना की संपूर्ण जानकारी दी।साथ ही घरेलू हिंसा, बाल विवाह रोकथाम,लैंगिक समानता,दहेज प्रतिषेध रोकथाम के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा की गई।थाने के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे हैं।

### घर से लापता युवक का चार किमी दूर पेड़ पर लटका मिला शव

पूरनपुर। एक दिन पहले घर से गायब युवक का शव चार किलोमीटर दूर खेत के किनारे आम के पेड़ से लटका मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पेड़ से उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मृतक के मोबाइल में मौजूद रिकॉर्डिंग के आधार पर मामले की जांच कर रही है। पूरनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव सिमरिया सूफी नगर निवासी बहार पुत्र बाबू सोमवार दोपहर अचानक घर से लापता हो गया था। परिजनों ने उसकी काफी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं लग सका। मंगलवार को पिपरिया दुलई के मजरा आंखे में एक खेत स्वामी ने अपने खेत के किनारे आम के पेड़ पर युवक का शव लटका देखा, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंचे परिजन शव देखकर रोते-बिलखते रह गए। सूचना मिलते ही सीओ डा. प्रतीक दहिया और कोतवाल पवन कुमार पांडे पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल की। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है।

### तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से वृद्धा गंभीर रूप से घायल

पूरनपुर। कोतवाली क्षेत्र के मोहनपुर चौराहे पर तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से एक वृद्धा गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों की मदद से घायल वृद्धा को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार गांव सबलपुर खास निवासी रामबेटी पत्नी तेजराम, उम्र करीब 65 वर्ष, मंगलवार सुबह लगभग 11 बजे पैदल कहीं जा रही थीं। इसी दौरान तेज गति से आ रही एक बाइक ने उन्हें अचानक टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि वृद्धा सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गईं। घटना के बाद बाइक चालक मौके से फरार हो गया, जबकि आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत घायल महिला रामबेटी को सीएचसी में भर्ती कराया गया। वहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार किया, लेकिन वृद्धा की स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### ब्लॉक सभागार में हुआ अटल स्मृति सम्मेलन, उपस्थित रहे विधायक,चेयरमैन

पूरनपुर। भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी की जन्मशताब्दी के अवसर पर पूरनपुर ब्लॉक सभागार में मंगलवार दोपहर दो बजे अटल स्मृति सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया।कार्यक्रम में मौजूद वक्ताओं ने अटल बिहारी वाजपेयी के व्यक्तित्व, कृतित्व और राष्ट्र के प्रति उनके अतुलनीय योगदान को स्मरण करते हुए उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। सम्मेलन का उद्देश्य अटल जी के विचारों और आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाना रहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य सुधीर गुप्ता रहे। उन्होंने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी केवल एक कुशल राजनेता नहीं थे, बल्कि वह सच्चे अर्थों में राष्ट्रनेता थे। उनकी राजनीति में दूरदृष्टि, नेतृत्व में सेवा भाव और निर्णयों में अद्भुत राजनीतिक कुशलता दिखाई देती थी। अटल जी ने सदैव राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत किया।इस अवसर पर विधायक बाबूराम पासवान ने भी अटल बिहारी वाजपेयी के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वह ऐसे नेता थे, जिन्होंने राजनीति में शुचिता और मर्यादा को स्थापित किया। उनके विचार आज भी देश के युवाओं और कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणास्रोत हैं। भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी का संपूर्ण जीवन सादगी, सिद्धांत और राष्ट्रसेवा का प्रतीक रहा है। उनकी नीतियां और निर्णय आज भी देश को सही दिशा देने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अटल जी ने भारत को वैश्विक मंच पर एक नई पहचान दिलाई। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष शैलेन्द्र गुप्ता, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अपूर्व सिंह, जिला पंचायत सदस्य राजेश कठेरिया, नगर अध्यक्ष हर्ष प्रधान, कलीनगर मंडल अध्यक्ष भगवती सिंह, सुल्तानपुर मंडल प्रभारी हंसराम राठौर, घुंघचिहाई मंडल अध्यक्ष संजीव त्रिवेदी, रामनगर मंडल अध्यक्ष विजय सिंह सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी, शक्तिकेंद्र संयोजक, बूथ अध्यक्ष एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे है।

### कसगंजा सहित कई गांवों में अवैध शराब के खिलाफ आबकारी विभाग का जागरूकता अभियान

पूरनपुर। जिला आबकारी अधिकारी पीलीभीत के निर्देशन में आबकारी निरीक्षक पूरनपुर द्वारा जनपद पीलीभीत के सर्किल पूरनपुर क्षेत्र में अवैध शराब के विरुद्ध जागरूकता अभियान चलाया गया। मंगलवार दोपहर लगभग दो बजे कसगंजा, घुंघचिहाई सहित अन्य गांवों में लाउडस्पीकर के माध्यम से ग्रामीणों को कच्ची व अवैध शराब का सेवन न करने के लिए जागरूक किया गया। अभियान के दौरान ग्रामीणों को बताया गया कि कच्ची और अवैध शराब के सेवन से गंभीर बीमारियां, आंखों की रोशनी जाने और जान जाने तक का खतरा रहता है। साथ ही यह भी जानकारी दी गई कि अवैध शराब का निर्माण और बिक्री कानूनन अपराध है, जिसमें कठोर कार्रवाई का प्रावधान है।आबकारी विभाग ने ग्रामीणों से अपील की कि यदि उनके क्षेत्र में कहीं भी कच्ची या अवैध शराब बनाने अथवा बेचने की गतिविधि हो, तो उसकी सूचना आबकारी विभाग पीलीभीत को गोपनीय रूप से दें। विभाग ने भरोसा दिलाया कि सूचना देने वाले का नाम पूरी तरह सुरक्षित रखा जाएगा।

### ब्लॉक परिसर में भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति ने विरोध प्रदर्शन कर सौपा ज्ञापन

पूरनपुर। भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति ने समस्याओं को लेकर विरोध प्रदर्शन कर मंगलवार दोपहर दो बजे खंड विकास अधिकारी को संबोधित ज्ञापन एडीओ पंचायत को सौपा है। ज्ञापन में बताया कि ग्राम पंचायतों के वार्ड सदस्यों को मानदेय न मिलने का मामला एक बार फिर गरमा गया है। इस संबंध में उत्तर प्रदेश शासन के अपर मुख्य सचिव पंचायत राज द्वारा जारी आदेश का हवाला देते हुए संबंधित अधिकारियों से तत्काल कार्रवाई की मांग की गई है। बताया गया कि शासनादेश के अनुसार ग्राम सभाओं में वार्ड सदस्यों को खुली बैठक में सहभागिता के एवज में 100 रुपये प्रतिमाह मानदेय उनके बैंक खातों में भेजा जाना है, लेकिन जनपद पीलीभीत के कई विकास खंडों में पिछले पांच वर्षों से वार्ड सदस्यों को मानदेय नहीं मिला है। आरोप है कि ग्राम पंचायत सचिवों और संबंधित अधिकारियों की लापरवाही के चलते शासनादेश का पालन नहीं किया जा रहा। इस स्थिति को लेकर रोष जताते हुए कहा गया कि यदि एक सप्ताह के भीतर सभी लंबित मानदेय का भुगतान नहीं कराया गया तो 5 जनवरी को जनपद मुख्यालय पीलीभीत में प्रदर्शन किया जाएगा। साथ ही संबंधित अधिकारियों का पुतला दहन किए जाने की चेतावनी दी गई है। मामले में प्रशासन से शीघ्र समाधान की मांग की गई है।

### मुसाफिरखाना में अधिवक्ताओं ने एसडीएम के खिलाफ प्रदर्शन कर खोला मोर्चा

अमेठी। तहसील मुसाफिरखाना प्रांगण में मंगलवार को अधिवक्ताओं ने उपजिलाधिकारी अभिनव कन्नौजिया के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया और नारेबाजी कर दुर्व्यवहार का आरोप लगाया।अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष वेद प्रकाश शुक्ला ने आरोप लगाया कि एसडीएम द्वारा अनियमितताओं के साथ आदेश पारित किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार का आचरण अधिवक्ताओं के सम्मान के साथ साथ न्यायिक प्रक्रिया की गरिमा के विपरीत है।संघ ने आरोपों की निष्पक्ष जांच कर कार्यवाही की मांग की है।प्रदर्शन के दौरान अधिवक्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि एसडीएम अभिनव कन्नौजिया का तबादला मुसाफिरखाना से नही किया गया तो उनकी अदालत का पूर्ण रूप से बहिष्कार किया जायेगा।

## सम्पादकीय

# राहुल-खड़गे को सावधान होने की जरूरत

देश की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस ने 28 दिसंबर को अपनी स्थापना के 140 साल पूरे किए। एक संगठन, एक राजनैतिक दल के तौर पर तमाम उतार-चढ़ावों के बीच इतना लंबा सफर तय करना ही अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि है। कांग्रेस ने अंग्रेजी हुकूमत को खत्म करने के लिए लंबी लड़ाई लड़ी। जिसमें वक्त के अनुसार तरीके बदलते रहे। कांग्रेस के भीतर अलग विचारधाराएं पनपीं, जिनके कारण कई बार पार्टी में टूट हुई। कांग्रेस से निकले लोगों ने अपने नए दल बनाए, कभी उन दलों का कांग्रेस में विलय हुआ, कभी वे साथ चलते रहे। कांग्रेस ने कई बार भितरघात भी सहे। लेकिन इन सबके बीच कभी भी अपनी मूल विचारधारा को नहीं छोड़ा, जो असल में भारत की उदार और समावेशी संस्कृति से निकली है। जिसमें किसी भी किस्म के भेदभाव, संकीर्णता, सांप्रदायिकता, नफरत और हिंसा के लिए जगह नहीं है। उच्च नैतिक आदर्शों के साथ अस्तित्व को कायम रखना आसान नहीं था, लेकिन कांग्रेस इस कसौटी पर खरी उतरती आई है।स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते हुए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बिल्कुल सही कहा कि जो लोग यह कहते हैं कि कांग्रेस खत्म हो चुकी है, उन्हें साफ संदेश है कि पार्टी भले सत्ता में न हो, लेकिन उसकी रीढ़ सीधी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने न कभी संविधान से समझौता किया, न धर्मनिरपेक्षता से और न ही लोगों के अधिकारों से। श्री खड़गे ने साफ कहा कि कांग्रेस सिर्फ एक पार्टी नहीं, बल्कि एक विचारधारा है, जो कभी खत्म नहीं हो सकती। आज जब संविधान और लोकतंत्र खतरे में हैं, कांग्रेस उसी भारत के लिए संघर्ष जारी रखेगी, जिसका सपना स्वतंत्रता सेनानियों ने देखा था। यह लड़ाई सत्ता के लिए नहीं, बल्कि देश की आत्मा और संविधान को बचाने की है।इसी तरह राहुल गांधी ने भी कहा कि कांग्रेस हमेशा समाज के कमजोर, वंचित और मेहनतकश वर्ग के साथ खड़ी रही है और आगे भी उनके अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष करती रहेगी। कांग्रेस का संकल्प नफरत, अन्याय और तानाशाही के खिलाफ सत्य, साहस और संविधान की रक्षा की लड़ाई को और मजबूत करने का है। यह लड़ाई सत्ता के लिए नहीं, बल्कि देश के लोकतांत्रिक मूल्यों और संविधान को बचाने के लिए है। मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी ने संविधान बचाने के लिए कांग्रेस के संघर्ष को जारी रखने का जो आह्वान किया है, उसमें एक तरफ कांग्रेस कार्यकर्ताओं को निराशा से बाहर निकालने और लंबी लड़ाई लड़ने के लिए तैयार किया गया है, वहीं दिग्विजय सिंह जैसे वरिष्ठ नेताओं को इशारे से जवाब भी दिया गया है कि सत्ता रहे न रहे लेकिन रीढ़ सीधी होनी चाहिए यानी आत्मसम्मान बना रहना चाहिए, जिसमें कांग्रेस अब तक सफल रही है। गौरतलब है कि मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने 27 दिसंबर को लालकृष्ण आडवानी और नरेन्द्र मोदी की एक पुरानी तस्वीर शेयर करते हुए भाजपा और संघ के संगठन की तारीफ की, कि जमीन पर बैठने वाला एक कार्यकर्ता भी मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री बन गया। इस तस्वीर में आडवानी सोफ़े पर बैठे हैं और नरेन्द्र मोदी जमीन पर।दिग्विजय सिंह की पोस्ट पर सवाल उठने लगे कि क्या श्री सिंह अब भाजपा में जाने की तैयारी कर रहे हैं या ये राज्यसभा में फिर से आने की भूमिका बांधी गई है। दिग्विजय सिंह ने क्या राहुल गांधी और कांग्रेस में गांधी परिवार के रसूख पर हमला बोला है, ये कयास भी लगे। वहीं कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने दिग्विजय सिंह का समर्थन किया है और कहा जी हां मैं भी यही चाहता हूं कि पार्टी संगठन को मजबूत करने पर जोर दिया जाएश्श। हमारा 140 साल का इतिहास है, और हम इससे बहुत कुछ सीख सकते हैं। हम खुद से भी बहुत कुछ सीख सकते हैं। सब जानते हैं कि कांग्रेस में जहां अध्यक्ष का बाकायदा चुनाव होता है, वहीं भाजपा में अंदरूनी लोकतंत्र नाम की कोई चीज नहीं है। वहां पहले से टू मच डेमोक्रेसी की पहचान करते हुए एक किस्म की तानाशाही बनी हुई है।

# बढ़ते कामकाजी जीवन के दबाव में बिखरते परिवार

**वर्ष 2025 की विदाई और 2026 की अगवानी की इस संधि बेला में खड़े होकर जब हम पीछे मुड़कर देखते हैं तो साफ दिखाई देता है कि विकास, तकनीक और कैरियर की दौड़ ने हमें सुविधा तो दी, लेकिन संबंधों की ऊष्मा धीरे-धीरे छीन ली। परिवार, जो सदियों से मनुष्य का सबसे सुरक्षित आश्रय रहा है, आज स्वयं असुरक्षा के दौर से गुजर रहा है। प्रश्न यह नहीं है कि आधुनिकता गलत है, प्रश्न यह है कि क्या आधुनिक जीवन शैली में परिवार व्यवस्था को बचाने की हमारी इच्छाशक्ति और समझ उतनी ही मजबूत है या नहीं? व्यस्ततम, घटनाबहुल एवं कामकाजी जिंदगी जीने के साथ परिवार के लिए वक्त निकालना आज के इंसान के लिए ज्यादा जरूरी हो गया है। परिवार से यह जुड़ाव व्यक्ति को न केवल भावनात्मक रूप से, बल्कि शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य के लिहाज से भी खुशनुमा रहने की ताकत देता है। इस सोच के बीच ताजा अध्ययन में आया यह तथ्य सचमुच चौंकाने वाला और चिंताजनक है कि काम के बोझ व परिवार को समय नहीं दे पाने से उपजी परिस्थितियों से निजात पाने के लिए साठ फीसदी से ज्यादा लोग अपनी मौजूदा नौकरी को बदलना चाहते हैं। ग्रेट प्लेस टू वर्क का यह अध्ययन भारत के कामकाजी लोगों के लिए और भी गंभीर है क्योंकि वर्क-लाइफ बैलेंस की ग्लोबल रैंकिंग में हम 42 वें स्थान पर हैं। आज कामकाजी जीवन का दबाव इतना बढ़ चुका है कि व्यक्ति शारीरिक रूप से घर में मौजूद होते हुए भी मानसिक रूप से दफ्तर में ही रहता है। डिजिटल कनेक्टिविटी ने समय और स्थान की सीमाएं मिटा दी हैं, लेकिन इसी के साथ उसने घर और कार्यस्थल के बीच की स्वाभाविक दीवार भी तोड़ दी है। मोबाइल फोन, लैपटॉप और ऑनलाइन मीटिंग्स ने परिवार के साथ बैठकर बातचीत करने, एक-दूसरे की बात सुनने और महसूस करने के अवसरों को सीमित कर दिया है। विडंबना यह है कि हम परिवार के लिए मेहनत कर रहे हैं, लेकिन उसी मेहनत की कीमत परिवार से दूरी बनाकर चुका रहे हैं। वर्क फ्रॉम होम की संस्कृति को शुरू में वरदान माना गया था, लेकिन धीरे-धीरे यह भी परिवारिक जीवन के लिए एक नई चुनौती बन गई।**

भाग-दौड़, प्रतिस्पर्धा और आकांक्षाओं से भरे आधुनिक जीवन में परिवार के लिए समय निकालना आज केवल एक भावनात्मक आवश्यकता नहीं, बल्कि सामाजिक अस्तित्व का प्रश्न बनता जा रहा है। वर्ष 2025 की विदाई और 2026 की अगवानी की इस संधि बेला में खड़े होकर जब हम पीछे मुड़कर देखते हैं तो साफ दिखाई देता है कि विकास, तकनीक और कैरियर की दौड़ ने हमें सुविधा तो दी, लेकिन संबंधों की ऊष्मा धीरे-धीरे छीन ली। परिवार, जो सदियों से मनुष्य का सबसे सुरक्षित आश्रय रहा है, आज स्वयं असुरक्षा के दौर से गुजर रहा है। प्रश्न यह नहीं है कि आधुनिकता गलत है, प्रश्न यह है कि क्या आधुनिक जीवन शैली में परिवार व्यवस्था को बचाने की हमारी इच्छाशक्ति और समझ उतनी ही मजबूत है या नहीं? व्यस्ततम, घटनाबहुल एवं कामकाजी जिंदगी जीने के साथ परिवार के लिए वक्त निकालना आज के इंसान के लिए ज्यादा जरूरी हो गया है। परिवार से यह जुड़ाव व्यक्ति को न केवल भावनात्मक रूप से, बल्कि शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य के लिहाज से भी खुशनुमा रहने की ताकत देता है। इस सोच के बीच ताजा अध्ययन में आया यह तथ्य सचमुच चौंकाने वाला और चिंताजनक है कि काम के बोझ व परिवार को समय नहीं दे पाने से उपजी परिस्थितियों से निजात पाने के लिए साठ फीसदी से ज्यादा लोग अपनी मौजूदा नौकरी को बदलना चाहते हैं। ग्रेट प्लेस टू वर्क का यह अध्ययन भारत के कामकाजी लोगों के लिए और भी गंभीर है क्योंकि वर्क-लाइफ बैलेंस की ग्लोबल रैंकिंग में हम 42 वें स्थान पर हैं। आज कामकाजी जीवन का दबाव इतना बढ़ चुका है कि व्यक्ति शारीरिक रूप से घर में मौजूद होते हुए भी मानसिक रूप से दफ्तर में ही रहता है। डिजिटल कनेक्टिविटी ने समय और स्थान की सीमाएं मिटा दी हैं, लेकिन इसी के साथ उसने घर और कार्यस्थल के बीच की स्वाभाविक दीवार भी तोड़ दी है। मोबाइल फोन, लैपटॉप और ऑनलाइन मीटिंग्स ने परिवार के साथ बैठकर बातचीत करने, एक-दूसरे की बात सुनने और महसूस करने के अवसरों को सीमित कर दिया है। विडंबना यह है कि हम परिवार के लिए मेहनत कर रहे हैं, लेकिन उसी मेहनत की कीमत परिवार से दूरी बनाकर चुका रहे हैं। वर्क फ्रॉम होम की संस्कृति को शुरू में वरदान माना गया था, लेकिन धीरे-धीरे यह भी परिवारिक जीवन के लिए एक नई चुनौती बन गई। घर अब विश्राम और संवाद का स्थान न रहकर कार्यालय का विस्तार बन गया है। बच्चों के सामने माता-पिता लगातार स्क्रीन में उलझे रहते हैं, पति-पत्नी के बीच संवाद की जगह नोटिफिकेशन ले लेते हैं और बुजुर्गों की बातें अक्सर 'बाद में' की श्रेणी में डाल दी जाती हैं। ऐसे में परिवार एक साथ रहते हुए भी भीतर से बिखरता चला जाता है। यह बिखराव केवल भावनात्मक नहीं, बल्कि संस्कारों, परंपराओं और आपसी जिम्मेदारियों का भी है। कॉर्पोरेट कार्यशैली में बढ़ते लक्ष्य, बढ़ता प्रतिस्पर्धात्मक दबाव और बॉस संस्कृति ने व्यक्ति को लगातार यह एहसास कराया है कि यदि वह रुका तो पीछे रह जाएगा। इस डर ने जीवन की गति को इतना तेज कर दिया है कि ठहराव, आत्मचिंतन और संबंधों के लिए समय निकालना कमजोरी समझा जाने लगा है। जबकि सच यह है कि मजबूत परिवार ही व्यक्ति को मानसिक स्थिरता, आत्मविश्वास और जीवन की कठिनाइयों से जूझने की ताकत देता है। जब यह आधार कमजोर होता है, तो व्यक्ति बाहर से सफल दिखते हुए भी भीतर से टूटने लगता है। सोशल मीडिया ने इस संकट को और गहरा किया है। एक ही छत के नीचे रहते हुए भी परिवार के सदस्य अलग-अलग आभासी दुनिया में जी रहे हैं। दिखावे की खुशी, तुलना की प्रवृत्ति और निरंतर उपलब्ध रहने का दबाव रिश्तों में असंतोष और तनाव पैदा कर रहा है। हम दूसरों की जिंदगी पर नजर रखने में इतने व्यस्त हो गए हैं कि अपने घर के भीतर चल रही भावनाओं को समझने का समय ही नहीं बचा। यह स्थिति यदि यूं ही चलती रही तो परिवार केवल एक संरचना बनकर रह जाएगा, जिसमें आत्मा का अभाव होगा। ऐसे समय में आदर्श और अनुकरणीय परिवार व्यवस्था की पुनर्स्थापना कोई आसान काम नहीं है, लेकिन असंभव भी नहीं। इसके लिए सबसे पहले हमें यह स्वीकार करना होगा कि करियर और परिवार एक-दूसरे के विरोधी नहीं, बल्कि पूरक हैं। यह सोच बदलनी होगी कि सफलता का पैमाना केवल पद, पैसा और प्रतिष्ठा है। यदि इन सबके बीच परिवार में संवाद, स्नेह और अपनापन नहीं है, तो ऐसी सफलता अधूरी ही नहीं, खोखली भी है। नए वर्ष में हमें यह संकल्प लेना होगा कि हम अपने समय, ऊर्जा और प्राथमिकताओं का पुनर्मूल्यांकन करेंगे। परिवार को बचाने के लिए किसी बड़े सिद्धांत की नहीं, बल्कि छोटे-छोटे व्यवहारिक बदलावों की जरूरत है। घर में रहते हुए कुछ समय तकनीक से दूरी बनाना, साथ बैठकर भोजन करना, बच्चों और बुजुर्गों की बातों को ध्यान से सुनना और एक-दूसरे की भावनाओं को महत्व देना, ये सब साधारण लगने वाले कदम ही परिवार को फिर से जोड़ सकते हैं। यह समझना जरूरी है कि गुणवत्ता पूर्ण समय केवल घंटों की संख्या से नहीं, बल्कि उस समय में मौजूद संवेदनशीलता और सहभागिता से तय होता है। नई परिवार व्यवस्था का अर्थ यह नहीं कि हम पुरानी परंपराओं को ज्यों का त्यों लौटा लें, बल्कि यह है कि हम आधुनिक जीवन की वास्तविकताओं के बीच संबंधों के मूल्यों को सुरक्षित रखें। जहां दोनों पति-पत्नी कामकाजी हैं, वहां जिम्मेदारियों का संतुलित बंटवारा, आपसी सहयोग और सम्मान परिवार को मजबूत बना सकता है। बच्चों को केवल प्रतिस्पर्धा की दौड़ के लिए तैयार करने के बजाय उन्हें भावनात्मक बुद्धिमत्ता, संवेदनशीलता और रिश्तों की अहमियत सिखाना भी उतना ही जरूरी है। बुजुर्गों को बोझ नहीं, बल्कि अनुभव और संस्कार की धरोहर मानकर सम्मान देना परिवार की आत्मा को जीवित रखता है। घर पर रहते हुए भी कार्यस्थल से डिजिटल कनेक्टिविटी ने अलग तरह के तनाव को जन्म दिया है। रही-सही कसर घर से कार्यस्थल की लंबी दूरी पूरी कर देती है जहां व्यक्ति को दिनभर का बड़ा हिस्सा सफर में बिताने की मजबूरी का सामना भी करना पड़ता है। खतरे की बात यह भी है कि दफ्तर में काम का दबाव कई बार व्यक्ति का आत्मविश्वास भी कमजोर कर देता है। यह बात और है कि संस्थानों में काम के घंटे बढ़ाने का मुद्दा भी हमारे यहां बहस का विषय बनता रहा है। तर्क यह भी दिया जा रहा है कि वैश्विक स्तर पर उत्पादकता बढ़ाने का विकल्प कार्य के घंटे बढ़ाना ही हो सकता है। इसीलिए श्रम कानून में भी काम के घंटे बढ़ाने की छूट दी जा रही है। इसमें दो राय नहीं कि अधिक से अधिक कमाने की चाहत के साथ-साथ कार्यस्थल पर काम का बोझ भी बढ़ा है।यह भी जरूरी है कि संस्थान और समाज दोनों स्तरों पर वर्क-लाइफ बैलेंस को गंभीरता से लिया जाए। केवल कानून बनाना पर्याप्त नहीं, बल्कि कार्यसंस्कृति में मानवीय दृष्टिकोण को शामिल करना होगा। उत्पादकता का अर्थ केवल लंबे काम के घंटे नहीं, बल्कि संतुलित और संतुष्ट कर्मचारी भी है। जब व्यक्ति का पारिवारिक जीवन स्थिर होता है, तभी वह कार्यस्थल पर रचनात्मक और प्रभावी योगदान दे पाता है। नए वर्ष की दहलीज पर खड़े होकर यह आत्ममंथन जरूरी है कि यदि हमने आज परिवार को प्राथमिकता नहीं दी, तो आने वाली पीढ़ियों को केवल सुविधाएं तो मिलेंगी, लेकिन संबंधों की गर्मी नहीं। परिवार केवल साथ रहने का नाम नहीं, बल्कि साथ महसूस करने की प्रक्रिया है। यदि यह प्रक्रिया टूट गई तो समाज की नींव कमजोर हो जाएगी। इसलिए 2026 की ओर कदम बढ़ाते हुए हमें यह संकल्प लेना होगा कि हम तकनीक का उपयोग जीवन को सरल बनाने के लिए करेंगे, संबंधों को प्रतिस्थापित करने के लिए नहीं। करियर की ऊंचाइयों के साथ-साथ परिवार की जड़ों को भी सींचेंगे, ताकि आधुनिकता और मानवीयता के बीच संतुलन बना रहे। यही संतुलन एक नई, सशक्त और अनुकरणीय परिवार व्यवस्था की नींव रख सकता है, जो बदलते समय में भी रिश्तों की रोशनी को बुझने नहीं देगा। **–ललित गर्ग**

# भारत में नववर्ष की परंपराएं

**श्वेता गोयल**

नए साल के आगमन की खुशी में लोग नव वर्ष की पूर्व संध्या पर नाचते-गाते हैं और खुशियां मनाते हैं। नाच-गाने का यह सिलसिला घड़ी में रात्रि के 12 बजने अर्थात नव वर्ष के आरंभ होने तक चलता है और घड़ी की सूई से जैसे ही 12 बजने का संकेत मिलता है अर्थात नया साल दस्तक देता है, चहुं ओर आतिशबाजी का धूम-धड़ाका शुरू हो जाता है। नव वर्ष के प्रथम दिन लोग एक-दूसरे को नववर्ष की बधाई देते हुए स्वयं के लिए भी कामना करते हैं कि नया साल शुभ एवं फलदायक हो और नव वर्ष में सफलता उनके कदम चूमे। दुनिया भर में नव वर्ष का स्वागत बड़ी धूमधाम, उमंग और उल्लास के साथ किया जाता है। अनेक देशों में नववर्ष से जुड़ी अपनी-अपनी परम्पराएं हैं। हमारे देश के विभिन्न प्रांतों में भी नववर्ष का स्वागत अलग-अलग तरीके से किया जाता है लेकिन कई जगह नव वर्ष मनाने की परम्पराएं और रीति-रिवाज इतने विचित्र हैं कि लोग उनके बारे में जानकर आश्चर्यचकित हो जाते हैं। संभवतः दुनिया भर में भारत ही एकमात्र ऐसा देश है, जहां नव वर्ष एक से अधिक बार और विविध रूपों में मनाया जाता है। हमारे यहां ईस्वी संवत और विक्रमी संवत दोनों को ही महत्व दिया जाता है। ईस्वी संवत के अनुसार नव वर्ष की शुरूआत एक जनवरी को और विक्रमी संवत के अनुसार नए साल की शुरूआत वैशाख माह के प्रथम दिन से मानी जाती है जबकि इस्लाम में हिजरी संवत के आधार पर नववर्ष की शुरूआत मानी जाती है। बहरहाल, नव वर्ष मनाने की परम्पराएं चाहे कुछ भी हों, सभी का उद्देश्य एक ही है और वह है नव वर्ष सुख, शांति एवं समृद्धि से परिपूर्ण हो। आइए जानते हैं, भारत के विभिन्न हिस्सों में कैसे मनाया जाता है नव वर्षः- महाराष्ट्र में नव वर्ष के शुभ अवसर पर एक सप्ताह पहले ही घरों की छतों पर रेशमी पताका फहराई जाती है। घरों व दफ्तरों को रंग-बिरंगे फूलों से सजाया जाता है तथा इस दिन पतंगें उड़ाकर नव वर्ष का स्वागत किया जाता है। बिहार में नव वर्ष के मौके पर विद्या की देवी सरस्वती की पूजा-अर्चना की जाती है। गरीब बच्चों को कपड़े तथा चावल का दान किया जाता है ताकि वर्ष भर घरों में सुख-शांति एवं समृद्धि बनी रही। असम में नव वर्ष की यादगार बेला में घर के आंगन में मांडणे (रंगोली) सजाए जाते हैं तथा दीप या मोमबत्तियां जलाई जाती हैं। गाय को रोटी और गुड़ खिलाया जाता है ताकि नव वर्ष हंसी-खुशी के साथ गुजरे। केरल में नव वर्ष के अवसर पर नीम व तुलसी की पत्तियां तथा गुड़ खाना शुभ माना जाता है। माना जाता है कि इनको खाने से शरीर साल भर तक स्वस्थ बना रहता है। राजस्थान में नव वर्ष के विशेष अवसर पर गुड़ से बने पकवान खाना बहुत शुभ माना जाता है ताकि वर्षभर मुंह से मधुर बोली ही निकलती रहे। मणिपुर में इस दिन तरह-तरह की आतिशबाजी की जाती है तथा अनेक स्थानों पर भूत-प्रेतों के पुतले बनाकर भी जलाए जाते हैं ताकि भूत-प्रेत किसी को नुकसान न पहुंचा सकें। छत्तीसगढ़ में यहां के आदिवासी तरह-तरह के गीत गाकर नव वर्ष का स्वागत करते हैं। इस दिन यहां बच्चों को गोद लेने की प्रथा भी है ताकि वर्ष का प्रत्येक दिन खुशियों से भरा रहे। राज्य के कुछ आदिवासी इलाकों में फसल में महुआ के फूल दिखाई देने पर आदिवासी उत्सव मनाया जाता है, जो उनके नव वर्ष का प्रारंभ माना जाता है। देश के कई अन्य आदिवासी इलाकों में उनके देवी-देवताओं के आराधना पर्वों के हिसाब से नववर्ष की शुरुआत मानी जाती है। जम्मू-कश्मीर में नव वर्ष के उपलक्ष्य पर अनाथ बच्चों को भरपेट भोजन कराकर नए कपड़े पहनाए जाते हैं और उनके माथे पर तिलक लगाकर आरती उतारी जाती है ताकि नव वर्ष हंसी-खुशी के साथ व्यतीत हो सके। नागालैंड के नाग आदिवासी नाग पंचमी के दिन से ही अपने नव वर्ष की शुरूआत करते हैं। कृषि प्रधान राज्यों पंजाब तथा हरियाणा में यूं तो आजकल एक जनवरी को ही नववर्ष धूमधाम से मनाया जाता है किन्तु यहां नई फसल का स्वागत करते हुए नववर्ष बैसाखी के रूप में भी मनाया जाता है। व्यापारी समुदाय के लोग अपने आर्थिक हिसाब-किताब की दृष्टि से दीवाली से ही नववर्ष की शुरुआत मानते हैं जबकि वित्तीय आधार पर शासकीय नववर्ष की शुरूआत एक अप्रैल से होती है।

## सेहत मंत्र

# घर पर अगर नियमित करेंगे व्यायाम तो आजीवन रहेंगे फिट

आमतौर पर लोगों के मन में यह धारणा है कि फिट रहने के लिए जिम जाना जरूरी है। यह सच है कि एक्सरसाइज व्यक्ति को फिट और हेल्दी बनाती है लेकिन एक्सरसाइज करने के लिए जिम ही जाया जाए, यह आवश्यक नहीं है। अगर आप चाहें तो घर पर भी कुछ बेहतरीन एक्सरसाइज के जरिए खुद को फिट रख सकते हैं। इससे आप अपना समय व पैसा दोनों बचा सकते हैं। तो चलिए जानते हैं ऐसी ही कुछ बेहतरीन एक्सरसाइज के बारे में? स्ट्रेचिंग से हो शुरूआत- व्यायाम की शुरूआत करते समय करीबन पांच मिनट वार्मअप में अवश्य दें। इससे बॉडी वर्कआउट के लिए तैयार होती है। चाहे घर पर हों या जिम में, कभी भी सीधे ही इंट्रेस वर्कआउट करना शुरू न करें। अगर आप घर पर हैं तो स्ट्रेचिंग को बतौर वार्मअप किया जा सकता है। इससे मसल्स स्ट्रेच होती है और व्यायाम करते समय चोट लगने की संभावना न के बराबर हो जाती है। स्ट्रेचिंग के लिए सीधे खड़े हो जाएं। इस दौरान कमर, गर्दन सहित शरीर के अन्य अंगों को भी सीधा रखें। इसके बाद हाथ को सिर के ऊपर करें और सांस लेते हुए धीरे धीरे पूरे शरीर को खींचें। यह अभ्यास करते समय खिंचाव पैर की अंगुली से लेकर हाथ की अंगुलियों तक महसूस होगा। इस अवस्था में कुछ समय के लिए होल्ड करें। फिर सांस छोड़ते हुए धीरे धीरे अपने हाथ एवं शरीर को पहली अवस्था में लेकर आयें। बढ़ाएं वर्कआउट- वार्मअप करने के बाद बारी आती है वर्कआउट की। अगर आपके पास समय कम है और आप कम समय में भी एक बेहतरीन वर्कआउट करना चाहते हैं तो बेहतर होगा कि स्पीड वर्कआउट करें। इसके लिए रोप स्किपिंग, रनिंग या जंपिंग आदि करना अच्छा रहेगा। इन एक्सरसाइज का लाभ यह है कि इनको करने के बाद आपको शरीर के विभिन्न अंगों का अलग से व्यायाम नहीं करना पड़ता। यह पूरी बॉडी का वर्कआउट करती हैं। साथ ही इस तरह की एक्सरसाइज कैलोरी बर्न करने के लिहाज से भी काफी अच्छी मानी जाती हैं।

## धर्म मंत्र

# भगवान राम को घर-घर पहुंचाने वाले तुलसीदास अपने घर में उपेक्षित

विश्व भर में भगवान राम को घरों में पहुंचाने वाले गोस्वामी तुलसीदास अपने घर चित्रकूट में ही उपेक्षित है। उनका जन्म संवत 1554 में सावन मास की सप्तमी को चित्रकूट राजापुर में हुआ था। जन्म के समय रामनाम का उच्चारण करने की वजह से उनका नाम रामबोला पड़ गया था। आत्माराम दुबे और हुलसी की इस संतान का बचपन काफी अभाव में बीता लेकिन पत्नी रत्नावली के अगाध प्रेम ने जीवनधारा ही बदल दी। रामबोला बाबा नरसिंहदास के सानिध्य में आने के बाद तुलसीदास के रूप में हीरा बनकर चमके। बाबा उन्हें अयोध्या ले गए और उनका यज्ञोपवीत संस्कार कराया। तुलसीदास ने इसके बाद देश के विभिन्न तीर्थो में घूम कर रामचरित मानस को लिखा। उनकी हस्तलिखित रामचरित मानस का अयोध्या कांड आज भी राजापुर के मानस मंदिर में रखा है। बाबा की इस धरोहर की रक्षा उनके शिष्य वंशज मानस मंदिर के महंत रामाश्रय त्रिपाठी कर रहे हैं। उनके मुताबिक आज लोग बाबा की जन्म स्थली को लेकर विवाद करने लगे हैं लेकिन गोस्वामी तुलसीदास का जन्म राजापुर में हुआ था इसका सबसे बड़ा प्रमाण हस्तलिखित रामचरित मानस है। साथ ही उन्होंने यहां पर संकट मोचन मंदिर स्थापित किया था। जहां बाबा प्रतिदिन पूजा करने जाते थे। एक बार तुलसीदास जी हनुमान जी को ढूंढते हुए उनके पास पहुंच गए और कहा कि प्रभु श्रीराम के दर्शन करवा दें। हनुमानजी के आश्र्वासन के बाद बाबा तुलसी जब रामघाट पर लोगों को चंदन लगा रहे थे तभी बालक के रूप में भगवान राम इनके पास आए और कहने लगे कि बाबा हमें चंदन नहीं दोगे।

## पर्यटन



# एक सींग वाले गैंडे देखने हैं तो काजीरंगा नेशनल पार्क आइए

वाइल्ड लाइफ देखने वालों के लिए भारत में कई सारे नेशनल पार्क हैं जहां जाया जा सकता हैं। लेकिन कहते हैं हर जंगल के जानवरों की अपनी अलग पहचान होती हैं। भारत के सभी नेशनल पार्कों में से एक है असम का काजीरंगा नेशनल पार्क, जो 36 वर्ल्ड हेरिटेज साइट्स में से एक है। काजीरंगा नेशनल पार्क में आपको एक सींग वाले गैंडे देखने को मिलेंगे। यहां एक सींग वाले गैंडों की संख्या भी ज्यादा है इसलिए काजीरंगा नेशनल पार्क पूरी दुनिया में मशहूर है। ये असम का सबसे पुराना दर्शनीय स्थल है, यह असम के नौगाँव जिले में स्थित है। काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान में एक सींग वाले गैंडे के अलावा यहां हाथियों के समूह, जंगली बिल्ली, सियार, हिरण, सांभर, लंगूर, तेंदुआ एवं विभिन्न प्रकार के जानवर देख सकते हैं। अन्य पार्कों में मानस नामेटी नैशनल पार्क, ऑरेंज नेशनल पार्क भी पर्यटक देख सकते हैं। काजीरंगा यूनेस्को द्वारा घोषित विश्व विरासत स्थलों की सूची में इसका प्रमुख स्थान है। इसके अलावा यहां बाघ और अन्य जीव भी खूब पाए जाते हैं। काजीरंगा नेशनल पार्क, असम के बीचों-बीच नौगाँव में 430 वर्ग किलोमीटर के क्षेत्रफल के अंदर बना हुआ है और इसके अंदर ही एक सींग वाले गैंडे की कई प्रजातिया हैं जैसे राइनोसेरोस, यूनीकोर्निस। 1905 में बने इस नेशनल पार्क की सुंदरता सर्दियों के मौसम में और निखर आती है क्योंकि ये हरे-भरे जंगल और यहां के जानवर साथ ही असम का मौसम इस पार्क की खूबसूरती को और बढ़ा देता है। काजीरंगा की एक खास बात ये भी है कि यहां विभिन्न प्रजातियों के बाज, चीलें और तोते भी आते हैं। इस उद्यान का प्राकृतिक परिवेश वनों से युक्त है।

# भाजपा नेता राकेश कर्रा ने की पंकज चौधरी से भेंट

## नवनियुक्त भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी से मिलकर संगठन मजबूती पर हुई चर्चा



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बाराबंकी। जिले के वरिष्ठ भाजपा नेता राकेश वर्मा कर्रा ने मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष एवं केन्द्रीय राज्यमंत्री पंकज चौधरी से लखनऊ में शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर राकेश कर्रा ने उन्हें प्रदेश अध्यक्ष बनने पर हार्दिक बधाई दी। यह मुलाकात न सिर्फ औपचारिक थी, बल्कि बाराबंकी जनपद में संगठन को मजबूत बनाने, बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं की सक्रियता बढ़ाने और आगामी चुनावों की रणनीति पर केंद्रित एक महत्वपूर्ण बातचीत भी रही। भाजपा नेता राकेश वर्मा कर्रा ने इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी को भगवान श्रीराम की एक सुंदर प्रतिमा भेंट की, जो अयोध्या की आस्था और भारत की सनातन संस्कृति का प्रतीक मानी जाती है। राकेश वर्मा कर्रा ने प्रदेश अध्यक्ष को बाराबंकी जिले में विधानसभा क्षेत्र की संगठनात्मक स्थिति, कार्यकर्ताओं की समस्याओं और स्थानीय मुद्दों से अवगत कराया। प्रदेश अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं से निरंतर संवाद बनाए रखने, जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने और संगठनात्मक अनुशासन को प्राथमिकता देने पर जोर दिया।

# कोहरे का कहर ट्रक पलटा चालक खलासी जख्मी

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। घना कोहरा और सड़क पर अचानक आया जानवर को बचाने के प्रयास में ट्रक पलट गया। ट्रक में सवार चालक और खलासी जख्मी हुए ।जबकि ट्रक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। बालू लादकर जा रहा यह ट्रक रामनगर-टिकैतनगर मार्ग पर बरौलिया गांव के पास पहुंचा था। घने कोहरे के कारण चालक को सड़क पर अचानक आए जानवर को देखने में परेशानी हुई। जानवर को बचाने के लिए चालक ने जैसे ही प्रयास किया, ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया।हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने तुरंत बचाव कार्य शुरू किया। उन्होंने ट्रक का शीशा तोड़कर अंदर फंसे चालक और खलासी को बाहर निकाला। दोनों घायलों को इलाज के लिए एक निजी चिकित्सक के पास ले जाया गया।गनीमत रही कि ट्रक पलटते समय कोई अन्य वाहन या व्यक्ति इसकी चपेट में नहीं आया, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया।

## राष्ट्रपति से सम्मान, पूजा पाल बनीं युवाओं की प्रेरणा

# पूजा पाल को डीएम ने किया सम्मानित



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बाराबंकी। जनपद की होनहार बाल वैज्ञानिक पूजा पाल को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानित किए जाने के उपरांत मंगलवार को जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने कलेक्ट्रेट में सम्मानित किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने पूजा पाल की उपलब्धि को जनपद के लिए गौरव का क्षण बताते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

सम्मान समारोह के दौरान पूजा पाल ने राष्ट्रपति भवन में आयोजित कार्यक्रम के अनुभवों के साथ-साथ मा0 प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी से हुए संवाद के अनुभव भी जिलाधिकारी के साथ साझा किए। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री जी ने उनके नवाचार की सराहना की आगे भी नवाचार के क्षेत्र में निरंतर कार्य करने हेतु प्रेरित किया।

पूजा पाल ने बताया कि प्रधानमंत्री जी से मिला मार्गदर्शन उनके लिए अत्यंत प्रेरणादायी रहा और इससे उन्हें भविष्य में और बेहतर कार्य करने का आत्मविश्वास प्राप्त हुआ।

### संजय सेतु पर खराब हुआ ट्रक, यातायात बाधित

**रामनगर बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** लखनऊ बहराइच राष्ट्रीय राजमार्ग 927 के संजय सेतु पर बीते सोमवार रात 8 बजे गन्ना लदी एक ट्रक पुल पर खराब हो गई जिससे दोनों ओर यातायात पूरी तरह ठप हो गया।दोनो ओर करीब दो किलोमीटर लंबा जाम लग गया राहगीर लगभग दो घंटे तक जाम में फंसे रहे।रामनगर पुलिस टीम ने तत्काल पंहुचकर ट्रक को मार्ग से हटवाकर वाहनों को निकालते हुए बड़ी मेहनत से यातायात सामान्य कराया।घटना में फंसे हजारों मुसाफिरों ने बढ़ते यातायात दबाव को देखते हुए संजय सेतु पर नए पुल निर्माण की मांग तेज कर दी है।

### सेवानिवृत्ति पर शिक्षा मित्र को भावभीनी विदाई

**मसौली बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** प्राथमिक विद्यालय ज्योरी मे बीते 20 वर्ष शिक्षामित्र के रूप मे सेवा प्रदान करने वाले शिक्षामित्र मंशाराम के सेवानिवृत्त होने पर मंगलवार को मसौली चौराहा स्थित पूर्व प्रधान राममूर्ति उर्फ़ लल्लू यादव के प्रतिष्ठान पर शिक्षा मित्र संघ द्वारा अंगवस्त्र एव साईकिल प्रदान कर विदाई दी गयी।

ए आर पी आदित्य वर्मा एव राजेश यादव ने कहा कि शिक्षण कार्य से जुड़ा व्यक्ति कभी सेवानिवृत्त नहीं होता है बल्कि जीवन भर समाज को सेवा देता है सेवानिवृत्त शिक्षामित्र मंशाराम के सरल व्यक्तित्व और छात्र छात्राओं के शैक्षणिक विकास मे योगदान की सराहना की। पूर्व प्रधान राममूर्ति यादव ने सेवानिवृत्त शिक्षामित्र के 20 वर्ष के कार्यकाल की सराहना करते हुए कहा कि मंशाराम शिक्षण कार्य से भले ही मुक्त हुए है लेकिन समाज को नई दिशा देने मे उनका प्रयास निरंतर जारी रहेगा ।

एडवोकेट रोहित यादव ने उनके योगदान की सराहना की। इस मौक़ेपर शिक्षामित्र देवेंद्र वर्मा, देवेंद्र यादव, संदीप वर्मा, लवलेश यादव, अमरीश वर्मा, अनीता विश्वकर्मा, नीलू वर्मा, राम कुमार वर्मा, संतोष वर्मा सहित शिक्षामित्र संघ द्वारा सेवानिवृत्त शिक्षामित्र को भावभीनी विदाई देते हुए साईकिल प्रदान की।

### शोभायात्रा का जगह-जगह स्वागत, पुष्प वर्षा

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** तहसील परिसर स्थित जागेश्वर महादेव मंदिर से मंगलवार को बाबा विनोद कुमार मिश्रा की अगुवाई में शोभायात्रा निकली। यात्रा में भगवान भोलेनाथ के पूरे परिवार की आकर्षक झांकी सजी थी। गाजे-बाजे के साथ निकली इस शोभायात्रा का जगह-जगह भव्य स्वागत किया गया। बदोसराय में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता आलोक कनौजिया और व्यापारी रामू गुप्ता ने पुष्प वर्षा कर यात्रा का अभिनंदन किया।यह शोभायात्रा बदोसराय ,मरकामऊ, बरौलिया होते हुए तहसील परिसर में संपन्न हुई। यात्रा में दर्जनों वाहन और जेसीबी शामिल थीं। जेसीबी पर भांगड़ा बजाते हुए निकाली गई शोभायात्रा लोगों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रही।बाबा विनोद मिश्रा ने बताया कि यह यात्रा भगवान श्री जागेश्वर महादेव के आशीर्वाद से सनातन धर्म के उत्थान और हिंदू समाज में एकता व जागरूकता लाने के लिए आयोजित की जा रही है। उन्होंने 'एक रहेंगे तो नेक रहेंगे' का संदेश देते हुए इस आयोजन को सफल बताया।

### मालगाड़ी की चपेट में आया अज्ञात, मौत

**फतेहपुर बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** स्थानीय थाना क्षेत्र में बीती मध्य रात्रिफतेहपुर-सुढ़ियामऊ रेलवे लाइन पर ग्राम इसेपुर के निकट एक मालगाड़ी की चपेट में आकर कोई 45 वर्षीय व्यक्ति की दर्दनाक मौत हुई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। प्रयास के बाद भी मृतक की पहचान नहीं हो सकी। मृतक के पास कोई भी ऐसा दस्तावेज नहीं मिला, जिससे शिनाख्त हो सके। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। कोतवाल संजीत कुमार सोनकर ने घटना की पुष्टि की है। और छानबीन शुरू की है।

### बाराबंकी में आठ साइबर ठग गिरफ्तार

**बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** उत्तर प्रदेश के बाराबंकी जिले में डिजिटल अरेस्ट जैसे साइबर अपराधों में लिप्त आठ अन्तर्राज्यीय साइबर शातिरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से भारी मात्रा में मोबाइल, लैपटाप, टैबलेट व कूटरचित दस्तावेज आदि सामान बरामद किया है। पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय ने बताया कि साइबर, स्वाट, सर्विलांस व थाना कोतवाली नगर की संयुक्त टीम ने दीपक तिवारी , अंकित कटारिया, मीनाक्षी वर्मा , विपिन वर्मा , अब्दुल रिजवान , मो अफजल, आदर्श राज , इमरान सलीम को गिरफ्तार किया। पुलिस ने इनके कब्जे से 12 मोबाइल, एक लैपटाप, एक टैबलेट एवं कूटरचित एग्रीमेंट व ज्वाइनिंग लेटर एवं अन्य प्रपत्र बरामद किए गए। उन्होने बताया कि इन सभी का एक संगठित गिरोह है जो ऑनलाइन गेमिंग कॉल सेण्टर, ओएलएक्स, फ़ेसबुक व इंस्टाग्राम पर ऑनलाइन बेटिंग गेम व नौकरी का विज्ञापन अपलोड कर, लोगों को फर्जी पुलिस अधिकारी बनकर पोर्न वीडियो देखने आदि की धमकी देकर डिजिटल अरेस्ट एवं अन्य विभिन्न तरीकों से साइबर अपराध में लिप्त था तथा अपने बैंक खातों में साइबर फ्राड कर रुपये भी मंगाते थे। इनके कब्जे से विभिन्न बैंकों की विभिन्न शाखाओं के खाता संख्या प्राप्त हुई हैं जिनको एनसीआरपी व समन्वय पोर्टल के माध्यम से चेक किया गया तो उन खातों पर साइबर ठगी का पैसा ट्रांसफर होने सम्बन्धी शिकायत विभिन्न राज्यों जैसे दिल्ली, गुजरात, उत्तराखण्ड, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र से दर्ज करायी गयी है।

### गणतंत्र दिवस से पहले प्रदेश के तीन परिषदीय विद्यालयों का होगा कायाकल्प

**बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** गणतंत्र दिवस से पहले उत्तर प्रदेश के परिषदीय विद्यालयों को स्वच्छ, सुरक्षित और सुव्यवस्थित बनाने के लिए बेसिक शिक्षा विभाग ने सभी जिलों को कड़े दिशा-निर्देश जारी किए हैं। महानिदेशक स्कूल शिक्षा मोनिका रानी द्वारा जारी आदेश के अनुसार 26 जनवरी से पूर्व विद्यालयों में साफ-सफाई, गाइड-बायडिंग कार्य और सभी मूलभूत अवस्थापना सुविधाओं को अनिवार्य रूप से सुदृढ़ किया जाएगा। महानिदेशक स्कूल शिक्षा की तरफ से जारी निर्देश में कहा गया है कि गणतंत्र दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय पर्व को गरिमामय ढंग से मनाने के लिये प्रत्येक विद्यालय परिसर को पूरी तरह स्वच्छ और सुरक्षित रखा जाए। इसके तहत विद्यालय भवन, कक्षाएं, कार्यालय कक्ष, बरामदे, शौचालय, पेयजल स्थल, रसोईघर सहित सभी हिस्सों की नियमित व व्यापक साफ-सफाई सुनिश्चित की जाए। कचरे और अपशिष्ट के समुचित निस्तारण पर भी विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए हैं। जिन विद्यालयों में भवन या सुविधाएं क्षतिग्रस्त हैं, वहां प्राथमिकता के आधार पर मरम्मत कार्य कराए जाएंगे। विशेष रूप से कार्यशील शौचालय, स्वच्छ पेयजल व्यवस्था और आवश्यक मरम्मत समय से पूर्ण करने को कहा गया है, ताकि विद्यार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। महानिदेशक स्कूल शिक्षा मोनिका रानी ने कहा कि ल्हमारा उद्देश्य है कि विद्यालय केवल पठन-पाठन तक सीमित न रहें, बल्कि स्वच्छता, सुरक्षा और अनुशासन के उदाहरण बनें, ताकि विद्यार्थियों को सुरक्षित, स्वच्छ और अनुकूल शैक्षिक वातावरण मिल सके।

# रुक्मणी विवाह कथा सुन भाव विभोर हुए श्रद्धालु



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

निंदूरा बाराबंकी। कुर्सी के दरावा में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा में छठे दिन मंगलवार को रुक्मिणी विवाह प्रसंग व सुदामा चरित्र का वर्णन सुन श्रद्धालु भावविभोर हुए।बनारस धाम से आए कथावाचक आचार्य विनय शास्त्री ने कथा का रसपान कराते हुए कहा कि विदर्भ के राजा भीष्मक के घर रुक्मिणी का जन्म हुआ। बाल अवस्था से भगवान श्रीकृष्ण को सच्चे हृदय से पति के रूप में चाहती थीं। लेकिन भाई रुक्मिणी का विवाह शिशुपाल के साथ कराना चाहता था। रुक्मिणी ने अपने भाई की इच्छा जानी तो उसे बड़ा दुख हुआ। अतः शुद्धमति के अंतपुर में एक सुदेव नामक ब्राह्मण आता-जाता था। रुक्मिणी ने उस ब्राह्मण से कहा कि वे श्रीकृष्ण से विवाह करना चाहती हैं। सात श्लोकों में लिखा हुआ मेरा पत्र तुम श्रीकृष्ण तक पहुंचा देना। कथावाचक ने बताया कि रुक्मिणी ने स्वयं को प्राप्त करने के लिए उपाय भी बताया। पत्र में रुक्मिणी ने बताया कि वह प्रतिदिन पार्वती की पूजा करने के लिए मंदिर जाती हैं, श्रीकृष्ण आकर उन्हें यहां से ले जाओ। पत्र के माध्यम से रुक्मिणी ने कहा कि मुझे विश्वास है कि आप इस दासी को स्वीकार नहीं करेंगे तो मैं हजारों जन्म लेती रहूंगी। मैं किसी और पुरुष से विवाह नहीं करना चाहती हूं। आचार्य ने बताया कि पार्वती के पूजन के लिए जब रुक्मिणी आई, उसी समय प्रभु श्रीकृष्ण रुक्मिणी का हरण कर ले गए। अतः रुक्मिणी के पिता ने रीति रिवाज के साथ दोनों का विवाह कर दिया। इंद्र लोक से सभी देवताओं द्वारा पुष्पों की वर्षा की तथा खुशियां लुटाई।

# संत समाज ने दिए जरूरतमंदों को कंबल, भंडारा आयोजित

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। ग्राम पंचायत दुर्जनपुर में सद गुरु सदाफल देव विहंगम योग संत समाज, लखनऊ द्वारा जरूरतमंदों को कम्बल वितरित किए गए। आयोजित भंडारा में सैकड़ों लोगों भोजन गृहण किया।कार्यक्रम में भव्य सत्संग का आयोजन हुआ, जिसमें ध्यान पद्धति और गुरु महाराज के उपदेशों पर चलने का पाठ पढ़ाया गया। इसके अतिरिक्त, विश्व के अद्वितीय आध्यात्मिक सद्ग्रंथ 'स्वर वेद' की प्रतियां भी वितरित की गईं।उत्तर प्रदेश विहंगम योग समाज के प्रदेश महामंत्री श्री श्याम सुंदर सिंह ने बताया कि स्वामी सदाफल देव जी महाराज के उपदेश मानव जीवन और आत्मा के कल्याण के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं।कार्यक्रम का समापन आरती, वंदना और शांति पाठ के साथ हुआ। इस अवसर पर प्रताप नारायण, दिलीप कुमार यादव, अनिता सिंह, पिंकी कुमारी, प्रमिला शर्मा, जितेंद्र कुमार, रमेश चंद्र मिश्र, सोनू यादव, नायाब एडवोकेट, राजित राम यादव, राजेश कुमार, मदन पाल सिंह, अमित कुमार सिंह बीडीसी, राजेंद्र सिंह, राम मिलन कोटेदार, राम करन यादव सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# योगी सरकार मिशन शक्ति केंद्रों को करेगी और सशक्त

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखनऊ। योगी सरकार आधी आबादी की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को नई दिशा देने के लिए लगातार ठोस कदम उठा रही है। इसी क्रम में मिशन शक्ति अभियान के तहत स्थापित मिशन शक्ति केंद्रों को और अधिक प्रभावी एवं सशक्त बनाने की तैयारी है। मिशन शक्ति 5.0 के तहत प्रदेश भर में स्थापित 1600 मिशन शक्ति केंद्रों को अगले वर्ष अत्याधुनिक संसाधनों से लैस किया जाएगा, जिससे महिला अपराधों की रोकथाम और पीड़ित महिलाओं को त्वरित सहायता सुनिश्चित की जा सके। योगी सरकार द्वारा सरकार की योजना के अनुसार वर्ष 2026 में मिशन शक्ति केंद्रों को दो पहिया वाहन और मोबाइल हैंडसेट उपलब्ध कराए जाएंगे। महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन की नोडल अधिकारी एडीजी पद्मजा चौहान ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत प्रदेश भर में 1600 मिशन शक्ति केंद्र/ थानों की स्थापना की गई थी। वहीं अब मिशन शक्ति केंद्र को और अधिक सशक्त करने के लिए विभिन्न कदम उठाये जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि प्रत्येक मिशन शक्ति केंद्र पर 4 स्कूटी और एक-एक मोबाइल हैंडसेट की आवश्यकता सामने आ रही है। ऐसे में मिशन शक्ति केंद्र के लिए कुल 6,400 नई स्कूटी और 1,600 मोबाइल हैंडसेट खरीदने पर विचार किया जा रहा है। इसके लिए जल्द ही सरकार को प्रस्ताव बनाकर भेजा जाएगा। इन संसाधनों में करीब 67 करोड़ रुपये खर्च आएगा। उन्होंने बताया कि सरकार से हरी झंडी मिलने और बजट आवंटित होने के बाद अगले वर्ष इन संसाधनों की खरीद की जाएगी। इन संसाधनों के माध्यम से मिशन शक्ति की टीमों की पहुंच गांव-गांव और मोहल्लों तक और मजबूत होगी, जिससे महिलाओं की शिकायतों पर तेजी से कार्रवाई संभव हो सकेगी।

# लखनऊ को अंतरराष्ट्रीय पर्यटन हब बनाने की तैयारी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में शहीद पथ के समीप एक भव्य और आधुनिक संस्कृति भवन का निर्माण किया जाएगा। इस भवन में संस्कृति विभाग के अंतर्गत आने वाले सभी निदेशालयों के कार्यालयों को एक ही परिसर में स्थानांतरित किया जाएगा।

प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने मंगलवार को संस्कृति एवं पर्यटन विभाग की समीक्षा बैठक में हिस्सा लिया और अधिकारियों को निर्देश दिए कि संस्कृति भवन के लिए भूमि की व्यवस्था की प्रक्रिया तत्काल शुरू की जाए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय के नवीन परिसर को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप विकसित किया जाएगा। इसके साथ ही राजधानी में पर्यटन एवं संस्कृति पार्क भी विकसित किया जाएगा, जिसमें पर्यटन और सांस्कृतिक धरोहर से जुड़ी वस्तुओं का प्रदर्शन होगा। इसकी शुरुआत प्रदेश के 17 नगर निगमों के अंतर्गत आने वाले पार्कों से की जाएगी। जयवीर सिंह ने बताया कि लखनऊ आने वाले पर्यटकों के लिए 1090 चौराहे से रेजीडेंसी तक डबलडेकर बस सेवा शुरू की जाएगी। इस ल्लखनऊ दर्शनङ्क बस सेवा का शुभारम्भ छह जनवरी 2026 को पूर्वाह्न 10:30 बजे किया जाएगा। इसमें सामान्य पर्यटकों को किफायती दरों पर टिकट उपलब्ध कराए जाएंगे। इस पहल का उद्देश्य लखनऊ को एक नए पर्यटन डेस्टिनेशन के रूप में स्थापित करना है। पर्यटन मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आगरा और काशी की तरह लखनऊ को भी अंतरराष्ट्रीय पर्यटन गंतव्य के रूप में विकसित करने के लिए ठोस परियोजना तैयार की जाए। उन्होंने निर्माणाधीन संग्रहालयों, स्मारकों और सांस्कृतिक केंद्रों के कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा करने के निर्देश दिए। साथ ही ग्राम पंचायतों को वितरित किए जाने वाले वाद्ययंत्रों की खरीद में गुणवत्ता, पारदर्शिता और निगरानी सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया। बैठक में वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए आवंटित धनराशि के सापेक्ष व्यय की बिंदुवार समीक्षा की गई। मंत्री ने स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि फाइलों को अनावश्यक रूप से लंबित रखने की प्रवृत्ति बर्दाश्त नहीं की जाएगी और देरी करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई होगी। अधिकारियों को समस्याएं उलझाने के बजाय सुलझाने की मानसिकता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए गए। बैठक में हरदोई, एटा, अलीगढ़, चित्रकूट, पीलीभीत, फिरोजाबाद, मैनपुरी सहित विभिन्न जनपदों के रामलीला मैदानों के सौंदर्यीकरण, रायबरेली, बदायूं, कन्नौज, चित्रकूट और लखनऊ में निर्माणाधीन सांस्कृतिक केंद्रों, संग्रहालयों, शिलालेखन, वे-साइड एमेनिटीज, प्रचार-प्रसार और एमओयू से जुड़ी परियोजनाओं की गहन समीक्षा की गई।

## उप्र के दिव्यांगजन विश्वविद्यालयों को सशक्त बनाने के निर्देश, योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने पर जोर

# दिव्यांगजन और पिछड़ा वर्ग के सर्वांगीण सशक्तिकरण की दिशा में योगी सरकार उठा रही ठोस कदम

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार समाज के वंचित वर्गों, विशेषकर दिव्यांगजन और पिछड़ा वर्ग, के सर्वांगीण सशक्तीकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। शिक्षा, पेंशन, निःशुल्क परिवहन, कौशल विकास और रोजगार से जुड़ी योजनाओं के माध्यम से सरकार का लक्ष्य इन वर्गों को मुख्यधारा से जोड़ते हुए आत्मनिर्भर और सम्मानपूर्ण जीवन की ओर अग्रसर करना है। इसी क्रम में योगी सरकार की ओर से दिव्यांग विश्वविद्यालयों को सशक्त बनाने के निर्देश दिए गए हैं, जबकि योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया है।

प्रदेश के पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेन्द्र कश्यप ने विभागीय समीक्षा बैठक के दौरान कहा कि योगी सरकार की नीतियां केवल सहायता तक सीमित नहीं हैं, बल्कि समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को सशक्त बनाने पर केंद्रित हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक पारदर्शी, समयबद्ध और प्रभावी ढंग से सुनिश्चित किया जाए।

डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ एवं जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय, चित्रकूट की समीक्षा करते हुए मंत्री ने कहा कि ये संस्थान दिव्यांगजनों के लिए उच्च शिक्षा के प्रमुख केंद्र हैं। उन्होंने मंडल स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम, कार्यशालाएं एवं प्रचार-प्रसार अभियान चलाकर अधिक से

**शिक्षा, सामाजिक सुरक्षा और आत्मनिर्भरता को मिली नई गति**

**पेंशन और निःशुल्क बस सेवा से सामाजिक सुरक्षा हुई मजबूत, खेल, कला और कौशल से दिव्यांग प्रतिभाओं को मिला मंच**

अधिक दिव्यांग छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा से जोड़ने के निर्देश दिए। साथ ही विश्वविद्यालयों में शैक्षणिक गुणवत्ता सुधार, रिक्त शिक्षकीय पदों पर शीघ्र नियुक्ति तथा निर्माणाधीन कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराने के भी निर्देश दिए गए। पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की समीक्षा के दौरान कहा गया कि योजनाओं की वास्तविक सफलता तभी मानी जाएगी जब उनका सीधा लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। मंत्री ने जनपद स्तर पर नियमित समीक्षा बैठकें आयोजित करने और कमजोर प्रगति वाले जिलों में जिलाधिकारियों से समन्वय स्थापित कर कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में=शादी अनुदान योजना से 72,690 लाभार्थी लाभान्वित, छात्रवृत्ति योजना के तहत 12,76,303 विद्यार्थियों को सहायता, कंप्यूटर प्रशिक्षण योजना में 25,588 'ओ' लेवल एवं 9,304 'सीसीसी' प्रशिक्षणार्थियों का लक्ष्य आवंटित किया गया। दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग की समीक्षा में बताया गया कि वर्तमान में 11,88,425 दिव्यांगजनों को दिव्यांग पेंशन, 13,357 लाभार्थियों को कुष्ठावस्था पेंशन, निःशुल्क बस यात्रा योजना के अंतर्गत, 16,97,319 दिव्यांगजन एवं उनके सहयोगियों को लाभ मिला है। मंत्री ने स्पष्ट किया कि राज्य निधि का उपयोग पूरी संवेदनशीलता के साथ दिव्यांगजनों के हित में किया जाए और किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

2025-26 में दिव्यांग प्रतिभाओं को मिलेगा नया मंच : आगामी कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए बताया गया कि लखनऊ में 7 दिवसीय राज्य स्तरीय दिव्यांग खेलकूद प्रतियोगिता, प्रयागराज और ललितपुर में दिव्यांग पुनर्वासन पर राष्ट्रीय कार्यशालाएं, प्रयागराज, प्रतापगढ़, कानपुर नगर, गोरखपुर, वाराणसी एवं बागपत में चित्रकला व हस्तकला प्रदर्शनी एवं कार्यशालाएं आयोजित की जाएंगी।

# तीन राज्यों के मुख्यमंत्री मिलकर कार्तिक उरांव का विश्वविद्यालय सपना पूरा करें : मुर्मू

एजेंसी



गुमला। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि झारखंड, ओडिशा एवं छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री जनजातीय समुदाय से हैं। यदि तीनों सरकारें सकारात्मक पहल करें तो महान जनजातीय नेता स्वर्गीय कार्तिक उरांव का शंख नदी तट पर विश्वस्तरीय आदिवासी शक्ति स्वायत्तशासी विश्वविद्यालय का सपना साकार हो सकता है। राष्ट्रपति ने इसके लिए हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को शंख नदी के बैरियर बगीचा में विश्वविद्यालय निर्माण समिति द्वारा आयोजित अंतरराज्यीय जन सांस्कृतिक समागम सह कार्तिक जतरा कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि उन्हें झारखंड आने पर तीर्थयात्रा जैसा अनुभव होता है। कार्यक्रम में उन्होंने देश के इतिहास में अपना महान योगदान देने वाले भगवान बिरसा मुंडा, जतरा टाना भगत, परमवीर अल?बर्ट एक्का, शहीद बख्तर साय, मुंडल सिंह और कार्तिक उरांव को नमन किया और जनजातीय समाज के प्रबुद्ध लोगों को भी उनके कर्तव्य का बोध कराया। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज अभी भी बेहद पिछड़ा हुआ है। किन्हीं के पास जमीन नहीं है, किसी का घर नहीं है। कई जगह लोग पेड़ पर मकान बना कर रहते हैं। वे सरकारी सुविधाओं और शिक्षा से वंचित हैं। सरकार इन्हें मिशन मोड पर हर सरकारी सुविधा प्रदान करने का प्रयास कर रही है। राष्ट्रपति ने कहा कि वास्तव में आदिवासी समाज को विकास का रास्ता दिखाने की जरूरत है। इसके लिए इस समाज के पढ़े लिखे लोग अपने गांवों से कट चुके हैं। वे पुनः अपने गांवों में जाएं और अपने लोगों की जरूरतों को समझें। वे अपने गांव को गोद लेकर विरासत और विकास को साथ लेकर आगें बढ़ें। राष्ट्रपति ने शिक्षा पर जोर देते हुए कहा कि शिक्षा के प्रचार-प्रसार से ही समावेशी विकास का मार्ग प्रशस्त होगा। उन?होंने कहा कि शिक्षा ही सामाजिक न्याय और समग्र विकास का सबसे सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से यहां की महिलाएं सशक्त हो रही हैं। जनजातीय हस्तशिल्प को वैश्विक पहचान मिली है। मौके पर उन्होंने झारखंड की खेल प्रतिभा और कला की जमकर सराहना की। इसके पूर्व राष्ट्रपति मुर्मू ने कार्तिक उरांव की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके बाद उन्हें गार्ड ऑफ आनर दिया गया। इस अवसर पर आयोजन समिति के संयोजक और पूर्व विधायक शिवशंकर उरांव ने राष्ट्रपति का स्वागत किया और उन्हें मांग पत्र सौंपा। कार्यक्रम को झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने भी संबोधित किया।

इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका, छत्तीसगढ़ के कृषि मंत्री राम विचार नेताम, सांसद चिंतामणि महाराज, सांसद राधेश्याम राठिया, पूर्व सांसद सुदर्शन भगत, समीर उरांव, पूर्व विधायक कमलेश उरांव, गुमला के उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित, एसपी हरीश बिन जमां के अलावा कई गणमान्य उपस्थित थे।

# पुतिन के आवास को निशाना बनाए जाने की खबरों पर चिंता व्यक्त की मोदी ने

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रूस के राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन के आवास को निशाना बनाए जाने की खबरों पर गहरी चिंता व्यक्त की है और कहा है कि कूटनीति से मुद्दों का समाधान किये जाने की जरूरत हे। रूसी विदेश मंत्री ने आरोप लगाया है कि यूक्रेन की सेना की ओर से श्री पुतिन के आवास पर हमला करने की कोशिश की गई है जिसे विफल कर दिया गया। श्री मोदी ने मंगलवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि कूटनीतिक प्रयास शत्रुता को समाप्त करने और स्थायी शांति स्थापित करने का सबसे कारगर मार्ग हैं। उन्होंने सभी संबंधित पक्षों से इन प्रयासों पर ध्यान केंद्रित रखने और इन्हें कमजोर करने वाले किसी भी कार्य से बचने का आग्रह किया।

प्रधानमंत्री ने पोस्ट में कहा , '' रूस के राष्ट्रपति आवास को निशाना बनाए जाने की खबरों से हम बेहद चिंतित हैं। वर्तमान में जारी राजनयिक प्रयास, शत्रुता को समाप्त करने और शांति स्थापित करने का सबसे बेहतर मार्ग हैं। हम सभी संबंधित पक्षों से आग्रह करते हैं कि वे इन प्रयासों पर ध्यान केंद्रित रखें और ऐसे किसी भी कार्य से बचें जो इन्हें कमजोर कर सकता है। उल्लेखनीय है कि रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने सोमवार को कहा कि यूक्रेन ने रात भर नोवगोरोड क्षेत्र में रूसी राष्ट्रपति पुतिन के सरकारी आवास पर लंबी दूरी तक मार करने में सक्षम 91 कामिकेज़ ड्रोन से हमला किया। उन्होंने कहा कि रूस की वायु रक्षा प्रणाली ने दुश्मन के सभी हथियारों को बेअसर कर दिया।

## भारत की विकास गाथा श्रम कानूनों और व्यापार समझौतों से लेकर बाजार सुधारों तथा विश्वास पर आधारित है: मोदी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत की विकास गाथा श्रम कानूनों और व्यापार समझौतों से लेकर लॉजिस्टिक, ऊर्जा , बाजार सुधारों ,विश्वसनीयता, स्थिरता और दीर्घकालिक विश्वास जैसे मूल्यों पर आधारित है। श्री मोदी ने पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पूरी का विभिन्न क्षेत्रों में सुधारों पर 'रिफॉर्म एक्सप्रेस 2025' एक लेख मंगलवार को सोशल मीडिया पर साझा करते हुए कहा है कि इस लेख में शासन के समग्र कार्यों पर प्रकाश डाला गया है जिसके माध्यम से निरंतर बाधाओं को दूर किया गया है। प्रधानमंत्री ने व्यापक सुधारों का उल्लेख करते हुए कहा है कि भारत की विकास गाथा श्रम कानूनों और व्यापार समझौतों से लेकर लॉजिस्टिक, ऊर्जा और बाजार सुधारों तक, विश्वसनीयता, स्थिरता और दीर्घकालिक विश्वास पर आधारित है। श्री मोदी ने श्री पुरी के लेख पर अपनी प्रतिक्रिया में कहा है, '' केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने रिफॉर्म एक्सप्रेस 2025 पर अपने लेख में शासन के सप्ताह-दर-सप्ताह बाधाओं को दूर करने वाले समग्र कार्यों का उल्लेख किया है। भारत की विकास गाथा श्रम कानूनों और व्यापार समझौतों से लेकर लॉजिस्टिक्स, ऊर्जा और बाजार सुधारों तक, विश्वसनीयता, स्थिरता और दीर्घकालिक विश्वास पर आधारित है।

# एसआईआर की प्रक्रिया पूरे देश में पैदा कर रही है संदेह : कांग्रेस

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने कहा है कि मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण(एसआईआर) प्रक्रिया साफ सुथरी तथा पारदर्शी नहीं है और इस काम में जल्दबाजी में नियमों का उल्लंघन हो रहा है इसलिए आयोग को हर दिन नियम बदलने के बजाए लोगों को हो रही समस्या का जमीनी स्तर पर स्थायी समाधान निकालना चाहिए।

पार्टी ने कहा कि इस प्रक्रिया के कारण करोड़ों लोगों को पीड़ा में डालकर उनके हक छीने जा रहे हैं। जिन लोगों के नाम 2003 की मतदता सूची में नहीं हैं उनको आयोग की तरफ से नोटिस आएंगे और बेवजह उनको तंग किया जाएगा। इसमें उन लोगों को ज्यादा तकलीफ होगी जो मतदाता सूची में शामिल होने के हकदार हैं लेकिन अपना पक्ष नहीं रख पा रहे हैं। बीएलओ रिश्तों के हिसाब से सूची में नाम शामिल करने की प्रक्रिया को परिभाषित कर रहे हैं। हर दिन नियम बदले जा रहे हैं और चुनाव आयोग ने इस प्रक्रिया में जल्दबाजी कर पूरे देश को संदेह में डाल दिया है। एसआईआर की प्रक्रिया में पारदर्शिता नहीं है और पूरी प्रक्रिया संदेह से घिरी हुई है।

कांग्रेस सांसद शशिकांत सेंथिल ने मंगलवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि एसआईआर बहुत व्यापक और लंबी प्रक्रिया है लेकिन चुनाव आयोग ने इसमें बहुत जल्दबाजी कर इसे बेहद जटिल और पीड़ादायक बना दिया है। इसमें दिशा निर्देशों का पालन नहीं हो रहा है और सारी प्रक्रिया को एक डेढ महीने में पूरा करने की सीमा बांध दी है। किसी भी मतदाता को सूची में शामिल होने के लिए तीन बातें जरूरी होनी चाहिए जिसमें पहली है कि वह देश का नागरिक हो, उसने 18 साल की उम्र पार कर दी हो और वह उस पते पर रहता हो जहां का पता दिया गया है, ये तीन बातें इसके लिए होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि निवासी होने की बात स्पष्ट नहीं है। इसको लेकर कोई स्पष्ट परिभाषा नहीं है। क्योंकि कई बार लोग बाहर काम करने जाते हैं, ऐसे में इस पर सूचना के जरिए निर्णय लेना होता है। इन मामलों में बीएलओ को जानकारी लेनी होती है कि अमुक व्यक्ति रजिस्टर्ड पते पर रहता है या नहीं। मतदाता सूची में पहले शामिल होने की जो प्रक्रिया थी उसमें अब पूरी तरह से बदलाव किया गया है जिसके कारण लोगों को भारी दिक्कत हो रही है। जिन लोगों का नाम 2003 की सूची में है उनको कुछ प्रमाण देने की जरूरत नहीं है लेकिन नाम नहीं है तो बहुत दिक्कत हो रही है। कांग्रेस नेता ने कहा कि अभी जो एसआईआर हुआ है, उसका तरीका किसी को समझ ही नहीं आ रहा है। इस तरीके में एक गणना प्रपत्र है जिसके अलग-अलग नियम हैं। इस फॉर्म को लोगों को भरना है और इसे जमा करना है। इस काम को एक महीने में पूरा करना होगा एसआईआर से जुड़ी जो समस्याएं आ रही हैं, वो वाकई चौंकाने वाली हैं। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मतदाता सूची में गड़बड़ियां का मुद्दा देश के सामने रखा लेकिन एसआईआर के दौरान भी वोटर लिस्ट से जुड़ी गड़बड़ियां लगातार सामने आ रही हैं। यदि कोई व्यक्ति एक से अधिक बूथ या जिले में पंजीकृत पाया जाता है, तो सॉफ्टवेयर से मिलाकर बीएलओ सामान्य निवास का जमीनी सत्यापन करता है। यदि व्यक्ति सामान्य निवासी नहीं था, तो डुप्लिकेट प्रविष्टि हटा दी गई थी। उन्होंने कहा कि यह सॉफ़्टवेयर हर वार्षिक संशोधन के दौरान बार-बार प्रयोग होता रहा है और 2023 में लोकसभा चुनाव से पहले भी यही व्यवस्था अपनाई गई थी। लोकसभा चुनाव के बाद बिहार एसआईआर के दौरान चुनाव आयोग ने इस डी-डुप्लीकेशन सॉफ़्टवेयर का उपयोग नहीं करने का निर्णय लिया, यह दावा करते हुए कि यह पर्याप्त अच्छा नहीं था। परिणामस्वरूप, बिहार एसआईआर बिना किसी डी-डुप्लीकेशन प्रक्रिया के आयोजित किया गया।

# चीन कर रहा है ताइवान पर हमले की तैयारी : अमेरिकी सीनेटर

एजेंसी

ताइपे/नयी दिल्ली, 30 दिसंबर (वार्ता) अमेरिकी सीनेटर रोजर विकर ने चेतावनी भरे लहजे में कहा है कि चीन ने ताइवान पर हमला करने की तैयारी तेज कर दी है। उन्होंने कहा कि चीन की तैयारी पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) की नाकाबंदी करने की क्षमता दिखाने और चीनी कम्युनिस्ट पार्टी को ताइपे पर दबाव बनाने की अनुमति देने के लिए डिजाइन की गई है। श्री रोजर ने कहा, ''ताइवान पर हमले के लिए चीन के अभ्यास लगातार तेज हो रहे हैं। ये कम समय के नोटिस पर होने वाले अभ्यास पीएलए की ताइवान की नाकाबंदी लागू करने की क्षमता दिखाने और कम्युनिस्ट चीनी पार्टी को ताइपे पर दबाव बनाने की अनुमति देने के लिए डिजाइन किए गए हैं। उनका यह बयान चीन द्वारा ताइवान की ओर रॉकेट दागने और नाकाबंदी का अभ्यास करने के उद्देश्य से अब तक के सबसे बड़े युद्ध अभ्यासों के दौरान बॉम्बर विमानों और युद्धपोतों के साथ नए हमलावर जहाजों को तैनात करने के बाद आया है। उन्होंने कहा, '' अमेरिका को ताइवान को हाल ही में विदेशी सैन्य बिक्री का समर्थन करने के लिए उत्पादन में तेजी लाकर और कांग्रेस द्वारा प्रदान की गई राष्ट्रपति के विशेष अधिकार का उपयोग और प्रमुख सैन्य क्षमताओं के लिए ताइवान सुरक्षा सहयोग पहल फंडिंग का पालन करके तत्काल कार्रवाई करनी चाहिए।''

श्री रोजर ने कहा, ''ताइवानी सहयोगियों को अब राष्ट्रपति लाई के प्रस्तावित विशेष रक्षा बजट को पूरी तरह से धन देने के लिए पक्षपातपूर्ण मतभेदों को एक तरफ रखना चाहिए।'' उन्होंने चेतावनी दी कि अब बरबाद करने के लिए समय नहीं है। ताइवान के विदेश मंत्रालय ने पीएलए की नाकाबंदी की संभावना और ताइवान पर चीनी जनवादी गणराज्य (पीआरसी) के दबाव के बारे में चिंता दिखाने के लिए सीनेटर को धन्यवाद दिया और कहा, ''एक जिम्मेदार क्षेत्रीय हितधारक के रूप में हम क्षेत्रीय और वैश्विक शांति और स्थिरता की रक्षा के लिए अमेरिका जैसे समान विचारधारा वाले भागीदारों के साथ काम करने को उत्सुक हैं। मंत्रालय ने कहा, ''हम ताइवान के राष्ट्रीय रक्षा मंत्रालय और ताइवान के आसपास पीएलए की उकसावे वाली कार्रवाइयों का जवाब देने वाले सशस्त्र बलों के सभी अग्रिम पंक्ति के सदस्यों के साथ मजबूती से खड़े हैं। हम क्षेत्रीय और वैश्विक शांति, स्थिरता और समृद्धि के लिए सीसीपी के खतरे की निंदा करते हैं और अपने लोकतांत्रिक भागीदारों के साथ मिलकर तैयारी के साथ इसका सामना करेंगे।

# अधीर रंजन ने प्रधानमंत्री से मुलाकात की

एजेंसी

नई दिल्ली। वरिष्ठ कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात कर विभिन्न राज्यों, विशेषकर भाजपा शासित राज्यों में बंगाल के प्रवासी मजदूरों पर कथित हमलों और उत्पीड़न का मुद्दा उठाया और उन्हें एक पत्र सौंपकर मामले में हस्तक्षेप करने का आग्रह किया। मुलाकात के बाद अधीर रंजन चौधरी ने पत्रकारों से कहा कि उन्होंने प्रधानमंत्री के समक्ष अलग-अलग राज्यों में बंगाली भाषी मजदूरों पर हो रहे अत्याचारों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि ये सभी भारतीय नागरिक हैं और उन्हें देश में कहीं भी आने-जाने, रहने और काम करने का संवैधानिक अधिकार है, लेकिन सिर्फ बंगाली भाषा बोलने के कारण उन्हें संदेह की नजर से देखा जा रहा है। कांग्रेस नेता ने अपने पत्र में आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल से गए प्रवासी मजदूरों को कई राज्यों में भेदभाव, हिंसा, गाली-गलौज और मारपीट का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि कई मामलों में प्रशासन और पुलिस बंगाली भाषी भारतीय नागरिकों और बांग्लादेशी घुसपैठियों के बीच अंतर नहीं कर पा रही है, जिसके कारण निर्दोष लोगों को जेल या हिरासत केंद्रों में भेजा जा रहा है। अधीर रंजन चौधरी ने ओडिशा के संबलपुर में मुर्शिदाबाद जिले के युवक जुएल शेख की कथित तौर पर पीट-पीटकर हत्या का भी जिक्र किया और इसे बेहद चिंताजनक बताया। उन्होंने प्रधानमंत्री से आग्रह किया कि सभी राज्य सरकारों को संवेदनशील बनाने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं, ताकि पश्चिम बंगाल के प्रवासी मजदूरों के खिलाफ भेदभाव, हिंसा और उत्पीड़न को रोका जा सके तथा उनकी सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

## बीएमसी चुनाव में भाजपा 137, शिवसेना 90 सीटों पर लड़ेगी चुनाव

मुंबई। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और शिवसेना ने बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) चुनावों के लिए अपने सीट बंटवारे के फार्मूले को अंतिम रूप दे दिया है। समझौते के अनुसार, बीएमसी के 227 वार्डों में से भाजपा 137 सीटों पर चुनाव लड़ेगी, जबकि शिवसेना 90 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। दोनों पार्टियां अपने-अपने कोटे से सहयोगियों को भी सीटें आवंटित करेंगी। यह निर्णय सोमवार रात उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के आधिकारिक निवास 'नंदनवन बंगले' में आयोजित एक संयुक्त बैठक के दौरान लिया गया। समझौते की घोषणा मंगलवार को भाजपा मुंबई इकाई अध्यक्ष अमित साटम और शिवसेना नेता और पूर्व सांसद राहुल शेवाले ने एक संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में की। श्री साटम ने दावा किया कि मुंबई की पहचान बदलने की कोशिश करने वाली ताकतों को हराया जाएगा और विकास के साथ-साथ शहर की सुरक्षा को प्राथमिकता दी जाएगी। श्री शेवाले ने कहा कि यह समझौता सकारात्मक माहौल में तय हुआ है और दोनों पार्टियां बीएमसी में 'भगवा शासन' स्थापित करने के लिए सामूहिक रूप से लड़ेंगी। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने भी इस समझौते की पुष्टि की और कहा कि गठबंधन के अन्य भागीदारों को भी इसी व्यवस्था के भीतर समायोजित किया जाएगा।

# राष्ट्रीय राजधानी में नववर्ष की पूर्व संध्या पर यातायात पाबंदियां

एजेंसी



नयी दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी में नववर्ष की पूर्व संध्या पर भारी भीड़ की संभावना को देखते हुए शहर की यातायात पुलिस ने मंगलवार को यातायात पाबंदियों को लेकर परामर्श जारी किया है।

यातायात पुलिस ने एक अधिकारी ने बताया कि कनॉट प्लेस के आसपास नववर्ष की पूर्व संध्या पर जश्न के लिए सख्त परामर्श जारी किया गया है। उन्होंने कहा कि भारी भीड़ की संभावना को देखते हुए 31 दिसंबर को शाम सात बजे से जश्न खत्म होने तक गाड़ियों पर बड़े पैमाने पर पाबंदी रहेगी।

उन्होंने बताया कि मंडी हाउस, बंगाली मार्केट, आर.के. आश्रम मार्ग, गोल मार्केट, पटेल चौक, विंडसर प्लेस और कई दूसरे चौराहों जैसे खास जगहों से आगे किसी भी गाड़ी को कनॉट प्लेस की ओर जाने की इजाज़त नहीं होगी। कनॉट प्लेस के अदंरुनी , मध्य और बाहरी सर्कल में वैध अनुमति वाले वाहनों को प्रवेश दिया जाएगा। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि बिना इजाज़त पार्किंग करने पर गाड़ियों को उठा लिया जाएगा और उनके खिलाफ मामला दर्ज किया जाएगा। उन्होंने कहा कि नयी दिल्ली रेलवे स्टेशन तक कुछ खास रास्तों तक ही समिति रहेगा, जबकि पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन पर कोई असर नहीं पड़ेगा। परामर्श में उत्तर-दक्षिण की तरफ आने-जाने के लिए रिंग रोड या रानी झांसी मार्ग, पंचकुइयां रोड, मंदिर मार्ग और आश्रम जैसे दूसरे रास्तों का इस्तेमाल करने की सलाह दी गयी है। जबकि पूर्व-पश्चिम यातायात के लिए रिंग रोड, भैरों रोड, मथुरा रोड, सुब्रमण्यम भारती मार्ग और मदर टेरेसा क्रिसेंट का इस्तेमाल करने का सुझाव दिया गया है। एक बयान में अधिकारी ने आगंतुकों से अपील की कि वे पार्किंग समिति होने की वजह से सार्वजनिक परिवहन का विकल्प चुनें। परामर्श में आईएसबीटी , रेलवे स्टेशन या हवाईअड्डे आने-जाने वालों को कहा गया है कि वे अपनी यात्रा की योजना पहले से कर लें।

# पेज एक का शेष

## उप्र को एआई का...

गई प्रदेश की डेटा सेंटर नीति के सकारात्मक परिणाम सामने आने लगे हैं। योगी ने कहा है कि प्रदेश में पांच हाइपरस्केल डेटा सेंटर पार्क का व्यावसायिक संचालन शुरू हो चुका है और इस सेक्टर में लगभग 30,000 करोड़ रुपये के निवेश का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के नौ शहरों में सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क स्थापित किए जा चुके हैं। ड्रोन, रोबोटिक्स और मोबाइल मैन्युफैक्चरिंग के क्षेत्र में भी उत्तर प्रदेश नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। मुख्यमंत्री ने बताया कि 'एआई युवा' पहल के तहत प्रदेश के 10 लाख युवाओं को एआई का प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिससे रोजगार के नए अवसर सृजित हो रहे हैं। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे वर्ष 2026 के लिए संकल्प लें और अपने आसपास के बच्चों को कंप्यूटर व एआई के प्रति जागरूक करें। साथ ही हर सप्ताह कम से कम एक घंटा 'ज्ञानदान' के लिए निकालें। उन्होने विश्वास जताया कि सरकार और समाज के संयुक्त प्रयास से न केवल विकसित उत्तर प्रदेश का लक्ष्य हासिल होगा, बल्कि प्रदेश को विज्ञान और प्रौद्योगिकी की वैश्विक राजधानी के रूप में स्थापित किया जा सकेगा।

## लखनऊ में भेड़ों ...

जिला प्रशासन और पशुपालन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। अधिकारियों ने मृत भेड़ों का निरीक्षण किया और नमूने लेकर कारणों की जांच शुरू कर दी है। प्राथमिक तौर पर बीमारी या जहरीले पदार्थ खाने की आशंका जताई जा रही है, हालांकि जांच रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि मामले की गहन जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए और पीड़ित पशुपालकों को तत्काल आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाए। सरकार की त्वरित कार्रवाई से प्रभावित परिवारों को कुछ राहत मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

## देश में हो रहे नवाचार...

पुराने कानून हटाए गए हैं, श्रम बाजार में ऐतिहासिक सुधार के लिए 29 बिखरे कानूनों को चार आधुनिक श्रम संहिताओं में समाहित कर लागू किया गया हैं। इससे श्रमिक हितों की सुरक्षा के साथ व्यवसायिक माहौल को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने 2025 में भारतीय उत्पादों के लिए विविध और विस्तारित बाज़ार उपलब्ध कराने के लिए न्यूज़ीलैंड, ओमान और ब्रिटेन के साथ हुए व्यापार समझौतों का भी उल्लेख किया है जिससे निवेश, रोजगार सृजन और स्थानीय उद्यमिता को बढ़ावा मिलेगा। साल के दौरान स्विट्ज़रलैंड, नॉर्वे, आइसलैंड, लिकटेंस्टीन इन चार देशों के यूरीपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) के साथ मुक्त व्यापार समझौता भी लागू हुआ। श्री मोदी ने इसी वर्ष संसद के शीतकालीन सत्र में पारित शांति विधेयक को स्वच्छ ऊर्जा और तकनीकी प्रगति के क्षेत्र में एक परिवर्तनकारी कदम बताया है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण रोजगार गारंटी में ऐतिहासिक सुधार के लिए लागू नये विकसित भारतऽजी राम जी अधिनियम, 2025 में रोजगार गारंटी 100 से बढ़ाकर 125 दिन कर दी गयी है । उन्होंने इसे ग्राम अवसंरचना और आजीविका पर अधिक निवेश बताया। उन्होंने शिक्षा क्षेत्र में सुधार के लिए प्रस्तुत विधेयक का भी उल्लेख किया जिसमें एकल, एकीकृत उच्च शिक्षा नियामक - विकसित भारत शिक्षा अधिष्ठान की स्थापना का प्रावधान है। उन्होंने कहा है कि ये सुधार सहानुभूति के साथ तैयार किए गए, परामर्श और डेटा से निर्देशित, तथा संविधानिक मूल्यों में निहित हैं। ये नियंत्रण-आधारित अर्थव्यवस्था से विश्वास-आधारित ढांचे की ओर हमारी दशक-लंबी यात्रा को गति देते हैं, जिसमें नागरिक केंद्र में है। श्री मोदी ने कहा ''ये सुधार समृद्ध और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के लिए हैं। विकसित भारत हमारा ध्रुवतारा है। आने वाले वर्षों में हम सुधार एजेंडा को आगे बढ़ाते रहेंगे। मैं भारत और विदेश -सभी से भारत की विकास गाथा के साथ अपने संबंध और गहरे करने का आग्रह करता हूँ। भारत पर भरोसा बनाए रखें और हमारे लोगों में निवेश करते रहें!''

## बंगाल के लोग तृणमूल...

याद किया कि 2014 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को पश्चिम बंगाल में 17 प्रतिशत वोट और दो सीटें मिली थीं। वहीं 2016 के विधानसभा चुनाव में हमें 10 प्रतिशत वोट मिले और तीन सीटें मिलीं। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में पार्टी का वोट प्रतिशत बढ़ कर 41 प्रतिशत हो गया और 18 सीटें मिलीं। उन्होंने 2021 के विधानसभा चुनाव का उल्लेख करते हुए कहा, ''उसमें हमें 38 प्रतिशत वोट और 77 सीटें मिलीं।' उन्होंने कहा कि कांग्रेस की स्थापना बंगाल में हुई थी, आज वह पार्टी यहां शून्य पर पहुंच गई है और राज्य में 34 वर्षों तक राज करने वाला कम्युनिस्ट गठबंधन को एक भी सीट नहीं मिली है और हमारी पार्टी विपक्ष की भूमिका में है। श्री शाह ने कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव में भी भाजपा ने 39 प्रतिशत वोट प्राप्त किए और 12 सीटें प्राप्त कीं। उन्होंने दावा किया कि 2026 में हम निश्चित रूप से प्रचंड बहुमत के साथ बंगाल में भाजपा की सरकार बनाने वाले है। श्री शाह ने कहा कि पश्चिम बंगाल की सीमा से हो रही घुसपैठ सिर्फ बंगाल का नहीं यह राष्ट्रीय सुरक्षा का मामला है। उन्होंने कहा कि देश की संस्कृति को बचाना है, देश की सुरक्षा को सुनिश्चित करना है, तो बंगाल की सीमाओं को सील करने वाली सरकार लानी पड़ेगी। यह काम सिर्फ भाजपा कर सकती है। श्री शाह ने कहा कि संसद के सदन में बंकिम चंद्र चटर्जी द्वारा रचित वंदे मातरम्‌ की चर्चा का तृणमूल कंग्रेस ने विरोध किया है। क्योंकि इसकी चर्चा का समर्थन करने से उनको अपने वोट बैंक के नाराज हो जाने का खतरा था। उन्होंने बंगाल की जनता से पूर्ण बहुमत से भाजपा की जिताने की अपील की। उन्होंने देश को सुरक्षित और समृद्ध बनाने के लिये भाजपा को जनता के मजबूत समर्थन की आवश्यकता पर बल दिया। श्री शाह ने इस अवसर पर नेताजी को याद किया और कहा कि आज 30 दिसंबर का दिन हम सभी भारतीयों के लिए गौरव का दिन है। बंगाल की भूमि के सुपुत्र, महान स्वतंत्रता सेनानी सुभाष चंद्र बोस ने आज ही के दिन 1943 में पोर्ट ब्लेयर में पहली बार स्वतंत्र भारत का झंडा फहराया था। जो यह हमारी आजादी के संग्राम का महत्वपूर्ण पड़ाव था।

## यूपी का ऐतिहासिक...

श्रेष्ठता सिद्ध की। इसमें लखनऊ के सुनीश रावत ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए दो स्वर्ण और एक रजत पदक जीता। उत्तर प्रदेश के खिलाड़ियों की इस शानदार सफलता पर उत्तर प्रदेश वूशू एसोसिएशन के अध्यक्ष सुहेल अहमद और महासचिव मनीष कक्कड़ ने सभी पदक विजेता खिलाड़ियों, कोचों और सहयोगी स्टाफ को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## संभल में सरकारी...

बबलू कुमार, अरविंद कुमार सिंह और दीपक कुमार जुरैल के नेतृत्व में किया गया था। तहसीलदार धीरेंद्र प्रताप सिंह के अनुसार, हाजी शमीम द्वारा अवैध कब्जा कर मस्जिद का पक्का निर्माण करने की रिपोर्ट लेखपाल ने 14 जून 2018 को दी थी। इसी रिपोर्ट के आधार पर तहसीलदार कोर्ट में विधिवत सुनवाई हुई। यह मामला 'ग्राम सभा बनाम हाजी शमीम मुतव्वली' के नाम से दर्ज था, जिसमें तथ्यों और साक्ष्यों के आधार पर प्रक्रिया पूरी की गई। एसडीएम रामानुज ने बताया कि सरकारी भूमि पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण या अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। शासन के निर्देशों के तहत सभी सरकारी भूमियों को कब्जा मुक्त करने के लिए लगातार कार्रवाई जारी है। अवैध कब्जा करने वालों को चिह्नित कर उनके विरुद्ध कानूनी प्रक्रिया अपनाई जाएगी।

## बंगलादेश की पहली...

से लेकर मेरी कई किताबों पर प्रतिबंध लगाया... क्या वे प्रतिबंध अब हटाए जाएंगे?'' तस्लीमा नसरीन ने भविष्यवाणी की कि उनके बेटे तारिक रहमान चुनाव जीतेंगे। उन्होंने कहा, ''क्या यह हमारे लिए अच्छा होगा? मुझे नहीं पता। लेकिन कम से कम बांग्लादेश में अभी जो अराजकता दिख रही है, उसका अंत होगा। अपने शुरुआती जीवन का अधिकांश समय उन्होंने अपने पति जनरल जिया-उर रहमान की छाया में बिताया, जो सेना अधिकारी से राष्ट्रपति बने थे और जिनकी 1981 में एक तख्तापलट में हत्या कर दी गई थी। उसी हिंसक घटना और बीएनपी में अचानक आए नेतृत्व के संकट ने ही उनकी पत्नी बेगम जिया को सार्वजनिक क्षेत्र में आगे आने के लिए प्रेरित किया। उस समय बहुत कम लोगों को उम्मीद थी कि वह बंगलादेशी राजनीति की कठिन दुनिया में टिक पाएंगी। यहाँ तक कि बीएनपी के वरिष्ठ नेता भी उनके नेतृत्व की क्षमता पर संदेह करते थे। तब देश की राजनीति में जनरल एचएम इरशाद का दबदबा था, जिन्होंने सैन्य तख्तापलट के जरिए सत्ता हथिया ली थी।

# मुख्यमंत्री ने डॉ एपीजे अब्दुल कलाम साइंस सिटी का किया निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज पटना के राजेन्द्र नगर मे 21 एकड़ के भू-खण्ड पर नवनिर्मित डॉ एपी जे अब्दुल कलाम साईंस सिटी के विभिन्न भागों का निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने पूरे परिसर एवं विभिन्न गैलरियों, वैज्ञानिक प्रदर्शों का सूक्ष्मता से अवलोकन किया। मुख्यमंत्री ने वहां उपस्थित बच्चों से मुलाकात की और उनका उत्साहवर्द्धन किया। निरीक्षण के क्रम में भवन निर्माण विभाग के सचिव कुमार रवि ने मुख्यमंत्री को डॉ एपीजे अब्दुल कलाम साईंस सिटी में उपलब्ध सुविधाओं और व्यवस्थाओं से संबंधित विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस साइंस सिटी में विज्ञान आधारित 5 गैलरी, 269 रोचक विज्ञान प्रदर्श, ऑडिटोरियम, 4 डी थियेटर तथा छात्रों एवं शिक्षकों के लिये डोरमेट्री की सुविधा प्रमुख आकर्षण केन्द्र हैं। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि डॉ एपीजे अब्दुल कलाम साइंस सिटी बहुत अच्छा बना है। इस साइंस सिटी को विशिष्ट आइडियाज के साथ बनाया गया है। यह साइंस सिटी विज्ञान और नवाचार का एक ऐसा आधुनिक केन्द्र है जो सभी आयु वर्ग के लोगों को आकर्षित कर रहा है। उन्होंने कहा कि देश में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी को जानने-समझने के लिये यह आकर्षक और अनूठा केन्द्र है। युवा वर्ग के बीच विज्ञान के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से इस साईंस सिटी का निर्माण किया गया है। यहां आनेवाले छात्र-छात्राओं को विज्ञान की मूलभूत बातें,गतिविधियों और विज्ञान के सिद्धांतों को सरलता से समझने में सुविधा होगी तथा विज्ञान में उनकी रूचि बढ़ेगी।

# अमृतसर इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर पैसेंजर ट्रैफिक नवंबर में फिर तीन लाख के पार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमृतसर। एयरपोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ़ इंडिया (एएआई) द्वारा नवंबर के लिए हाल ही में जारी किए गए मासिक डेटा के अनुसार, श्री गुरु राम दास जी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर पैसेंजर ट्रैफिक नवंबर 2025 में तीन लाख के आंकड़े पर वापस आ गया।

फ्लाईअमृतसर इनिशिएटिव के ग्लोबल कन्वीनर, समीम सिंह गुमटाला ने मंगलवार को बताया कि एनालिसिस के अनुसार, जनवरी से नवंबर 2025 तक कुल पैसेंजर ट्रैफिक 28.77 लाख रहा, जो 2024 में इसी अवधि के 30.85 लाख से 6.7 प्रतिशत कम है। उन्होंने बताया कि यह गिरावट मई में शुरू हुई एक बड़ी गिरावट के बाद हुई, जब एयरपोर्ट पर ऑपरेशन भारत-पाकिस्तान संघर्ष से प्रभावित हुए, जिससे गर्मियों के महीनों के दौरान घरेलू और अंतरराष्ट्रीय दोनों उड़ानों की संख्या में अस्थायी बंद और लंबे समय तक कमी आई। पैसेंजर ट्रैफिक ने 2025 की शुरुआत मजबूत स्थिति में की थी, जनवरी से अप्रैल तक सालाना आधार पर 7 से 19 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। हालांकि, अकेले मई में, कुल पैसेंजर संख्या में 43 प्रतिशत की गिरावट आई, जिसका मुख्य कारण घरेलू ट्रैफिक में लगभग 50 प्रतिशत की गिरावट थी। गुमटाला के एनालिसिस के अनुसार, अक्टूबर तक वॉल्यूम 2024 के स्तर से कम रहा, नवंबर में इसमें स्थिरता आई, जब कुल पैसेंजर बढ़कर 300,146 हो गए, जो नवंबर 2024 में दर्ज किए गए 297,130 से थोड़ा अधिक था। यह रिकवरी दोनों सेगमेंट में वृद्धि से समर्थित थी, जिसमें घरेलू पैसेंजर 201,125 से बढ़कर 204,087 हो गए और अंतरराष्ट्रीय पैसेंजर सालाना आधार पर 96,005 से बढ़कर 96,059 हो गए। पैसेंजर संख्या में साल के बीच में गिरावट के बावजूद, विमान आवाजाही डेटा एक विपरीत प्रवृत्ति की ओर इशारा करता है। जनवरी और नवंबर 2025 के बीच, कुल विमान आवाजाही पिछले साल की इसी अवधि की तुलना में 11.5 प्रतिशत कम हो गई। गुमटाला ने कहा कि कम उड़ानों के बावजूद नवंबर में पैसेंजर ट्रैफिक में उछाल उच्च पैसेंजर लोड फैक्टर को इंगित करता है, जिसमें एयरलाइंस कम शेड्यूल पर अधिक भरे हुए विमानों का संचालन कर रही हैं। साल के दौरान इंटरनेशनल कनेक्टिविटी में कई रुकावटें आईं। एयर इंडिया ने जून में अहमदाबाद एयरपोर्ट पर अपने बोइंग 787-8 विमान के क्रैश होने के बाद अमृतसर-लंदन गैटविक सर्विस बंद कर दी थी, जो नवंबर में ही फिर से शुरू हुई। यूरोपियन कनेक्टिविटी पर और भी असर पड़ा जब इटैलियन कैरियर नियोस एयर ने अक्टूबर से मिलान ऑपरेशन बंद कर दिए, जिससे मिलान, रोम और टोरंटो से कनेक्टिविटी खत्म हो गई। गुमटाला ने बताया कि एयरएशिया ने कुआलालंपुर रूट पर सर्विस कम कर दी और बैटिक एयर (पहले मेलिंडो) ने सर्विस बंद कर दी, हालांकि एयरएशिया ने तब से अपना चार-साप्ताहिक विंटर शेड्यूल बहाल कर दिया है।

## संक्षिप्त समाचार

### महाकुंभ पर विस्तृत, शोधपरक साहित्य रामायण रिसर्च काउंसिल ने किया तैयार

**नई दिल्ली।** संस्था रामायण रिसर्च काउंसिल ने महाकुंभ पर अब तक का सबसे विस्तृत, शोधपरक एवं आकर्षक साहित्य तैयार किया है। 'महाकुंभ का महामंथन' शीर्षक से प्रकाशित इस ग्रंथ की कवर फोटो काउंसिल द्वारा जारी की गई। काउंसिल ने बताया कि इस ग्रंथ की पहली प्रति प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को भेंट की जाएगी। काउंसिल के सचिव पितांबर मिश्र ने बताया कि इस साहित्य का उद्देश्य आने वाली पीढ़ियों के लिए महाकुंभ से जुड़ी आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक जानकारियों को संरक्षित करना है, ताकि भविष्य में इस विषय पर शोध, संदर्भ और अध्ययन किया जा सके। उन्होंने कहा कि महाकुंभ, अखाड़ों की परंपरा और स्नान के आध्यात्मिक महत्व से जुड़ी कई महत्वपूर्ण जानकारियां इसमें शामिल की गई हैं। इस ग्रंथ की संकल्पना 11 वर्षीय बाल-व्यास वैदेहीनंदन पंडित वेदांत द्वारा प्रस्तुत की गई थी। मिश्र के अनुसार, इस प्रकाशन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष एवं संघ के क्षेत्रीय संघचालक (उत्तर क्षेत्र) पवन जिंदल सहित उत्तर प्रदेश सरकार के कई विभागों के तत्कालीन प्रमुख सचिवों और अधिकारियों के विचार भी सम्मिलित हैं। काउंसिल के राष्ट्रीय युवा संयोजक एवं भाजपा के राष्ट्रीय मीडिया पैनलिस्ट जयराम विप्लव ने बताया कि इस साहित्य में महाकुंभ की तैयारियों, आयोजन, क्रियान्वयन और इसके वैश्विक संदेश को क्रमबद्ध ढंग से प्रस्तुत किया गया है। उन्होंने दावा किया कि महाकुंभ पर इस स्तर का आकर्षक और व्यापक दस्तावेज इससे पहले उपलब्ध नहीं रहा है। उन्होंने बताया कि महाकुंभ से संबंधित समस्त सामग्री के डिजिटल प्रसार के लिए www.mahakumbhinfo.com वेबसाइट तैयार की गई है, जहां इसे शीघ्र ऑनलाइन उपलब्ध कराया जाएगा। काउंसिल के ट्रस्टी देव रत्न शर्मा ने बताया कि 'महाकुंभ का महामंथन' को अंग्रेजी भाषा में भी प्रकाशित किया गया है, ताकि सनातन परंपरा से जुड़े इस ऐतिहासिक आयोजन को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रस्तुत किया जा सके। उन्होंने कहा कि काउंसिल ऐसे साहित्य को विश्व के प्रमुख पुस्तकालयों में संरक्षित कराने का भी प्रयास करती है। ट्रस्टी अंबर अग्रवाल ने बताया कि वर्ष 2025 में प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ के दौरान सेक्टर-23 में प्रयागराज मेला प्राधिकरण द्वारा काउंसिल को स्थान आवंटित किया गया था। इसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार जताया। उन्होंने कहा कि महाकुंभ को जनमानस में सदैव जीवंत रखने के उद्देश्य से इस आकर्षक कॉफी टेबल बुक का प्रकाशन किया गया है। काउंसिल के सचिव पितांबर मिश्र ने बताया कि भविष्य में नासिक, हरिद्वार और उज्जैन में आयोजित होने वाले कुंभ मेलों पर भी इसी प्रकार के शोधपरक दस्तावेज तैयार किए जाएंगे।

### अमृतसर में सीमा पार तस्कर समूह का भंडाफोड़ हेरोइन, मेथामफ़ेटामाइन के साथ सात गिरफ्तार

**अमृतसर।** पंजाब में अमृतसर कमिश्नरेट पुलिस ने पाकिस्तान के हैंडलर्स से जुड़े एक सीमापार तस्करी समूह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने मंगलवार को बताया कि पुलिस ने सात आरोपियों को पकड़ा है और उनके पास से 4.75 किलोग्राम हेरोइन, एक किलोग्राम मेथामफ़ेटामाइन (आइस) और एक ग्लॉक पिस्टल बरामद की है। उन्होंने कहा कि शुरुआती जांच से पता चला है कि यह प्रतिबंधित सामान पाकिस्तान से तस्करी किया गया था और सोशल मीडिया के ज़रिए लोकल मॉड्यूल के माध्यम से पंजाब में बांटा गया था। इसके लिंकेज का पता लगाने के लिए आगे की जांच चल रही है। श्री यादव ने बताया कि पंजाब पुलिस मादक पदार्थ-मुक्त पंजाब सुनिश्चित करने के लिए ड्रग ट्रैफिकिंग के खिलाफ ज़ीरो-टॉलरेंस अप्रोच के लिए प्रतिबद्ध है।

### केंद्र सरकार हिन्दुओं की सुरक्षा के लिए बंगलादेश सरकार पर बनाए दबाव : राजेश बाघा

**जालंधर।** पंजाब के अनुसूचित जाति आयोग के पूर्व अध्यक्ष और प्रदेश भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) उपाध्यक्ष राजेश बाघा ने मंगलवार को केंद्र सरकार से मांग की है कि बंगलादेश में हिन्दुओं की सुरक्षा के लिए वहां की सरकार पर दबाव बनाए। बंगलादेश में दीपू चंद्र दास के बाद अमृत मंडल उर्फ सम्राट और अनुसूचित जाति के हिंदू युवक की पीट-पीटकर हत्या की सख्त निंदा करते हैं श्री बाघा ने कहा कि बंगलादेश में अनुसूचित जाति सामाज के हिंदूओं को लेकर जारी हिंसा कम होने का नाम नहीं ले रही है। उन्होंने कहा कि बंगलादेश में हिंदूओं पर लगातार हो रहे हो रहे हमले और प्रताड़ना से अल्पसंख्यकों की सुरक्षा को लेकर चिंताएं पैदा हो गई हैं।

### धामी सरकार ने अल्पसंख्यक शिक्षा प्राधिकरण के गठन की प्रक्रिया की तेज

**देहरादून।** उत्तराखंड में शिक्षा व्यवस्था को लेकर धामी सरकार ने बड़ा और निर्णायक कदम उठाया है। राज्य में वर्षों से संचालित मदरसा बोर्ड को समाप्त करने का फैसला कर लिया गया है। इसके स्थान पर उत्तराखंड अल्पसंख्यक शिक्षा प्राधिकरण का गठन किया जाएगा, जिसके तहत सभी अल्पसंख्यक शैक्षणिक संस्थान एक समान शिक्षा प्रणाली से जुड़ेंगे। इसके लिए सरकार विभिन्न अल्पसंख्यक समुदायों से जुड़े शिक्षाविदों और बुद्धिजीवियों की तलाश कर रही है, ताकि बच्चों के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप पाठ्यक्रम तैयार किया जा सके। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि जुलाई 2026 से उत्तराखंड में सभी अल्पसंख्यक बच्चे एक समान शिक्षा प्रणाली के तहत पढ़ाई करेंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि मदरसा बोर्ड समाप्त होगा और सभी अल्पसंख्यक शिक्षण संस्थान एक ही अंब्रेला के तहत आएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा, ल्देवभूमि में तुष्टिकरण की शैक्षिक नीति का अंत होने जा रहा है। सभी बच्चे राष्ट्रीय पाठ्यक्रम और नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति से जुड़ेंगे। राजभवन से मंजूरी मिलने के बाद धामी सरकार ने प्राधिकरण के गठन की प्रक्रिया तेज कर दी है। जानकारी के मुताबिक प्रस्तावित प्राधिकरण में मुस्लिम, सिख, जैन, बौद्ध, पारसी और ईसाई समुदायों के प्रतिनिधि शामिल होंगे। यह प्राधिकरण अल्पसंख्यक शैक्षणिक संस्थानों को मान्यता देने के साथ-साथ उनकी शैक्षणिक गुणवत्ता की निगरानी भी करेगा। सरकार का दावा है कि जुलाई 2026 से अल्पसंख्यक समुदायों के सभी बच्चों को राष्ट्रीय पाठ्यक्रम और नई शिक्षा नीति के तहत समान शिक्षा मिलेगी। इसके स्थान पर उत्तराखंड अल्पसंख्यक शिक्षा प्राधिकरण का गठन किया जाएगा, जिसके तहत मदरसों सहित सभी अल्पसंख्यक शैक्षणिक संस्थानों को मान्यता दी जाएगी। अब इन संस्थानों को उत्तराखंड शिक्षा बोर्ड से संबद्धता भी लेनी होगी। गौरतलब है कि अल्पसंख्यक शिक्षा विधेयक-2025 को गैरसैंण में आयोजित मानसून सत्र के दौरान पारित किया गया था। इसके बाद राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) गुरमीत सिंह ने विधेयक को मंजूरी प्रदान की। हस्ताक्षर से पहले राज्यपाल ने विभिन्न अल्पसंख्यक समुदायों के प्रतिनिधिमंडलों से विस्तृत चर्चा की थी।

# वर्ष 2025 में भाजपा में सत्ता के शीर्ष नेतृत्व पर पहुंचे बिहारी नेता नितिन नबीन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पटना। बिहार के लिए साल 2025 भारतीय जनता पार्टी के लिए राजनीति रुप से उपलब्धी वाला साल रहा। जहां एक ओर भाजपा-जदयू वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ने प्रचंड जनादेश (202) सीटों के साथ सरकार में वापसी की, वहीं राष्ट्रीय क्षितिज पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के शीर्ष नेतृत्व की जिम्मेवारी (नितिन नबीन) भी बिहार के नाम रही है। बिहार भले ही राजनीतिक रुप से काफी सक्रिय राज्य रहा है, लेकिन देश में सत्ता के शीर्ष पर बैठे राजनीतिक दल भाजपा के शीर्ष नेतृत्व मे कोई बिहारी सत्ता के शीर्ष पर आज तक नहीं पहुंचा था। नितिन नबीन यह करने वाले पहले बिहारी बने है। उन्हें भाजपा का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष की जिम्मेवारी दिसंबर 2025 में सौंपी गई है। संगठन पर भी नितिन की अच्छी पकड़ है। वे पार्टी के लिए लंबे अरसे से काम करते रहे हैं। इसका पुरस्कार उन्हें तब मिला, जब 2019 में उन्हें पार्टी ने सिक्किम में चुनाव प्रभारी बनाया। इसी साल उन्हें सिक्किम भाजपा के संगठन प्रभारी का जिम्मा सौंपा गया। पिछले विधानसभा चुनाव से पहले पार्टी ने नितिन को छत्तीसगढ़ के चुनाव प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी। उनके बेहतर चुनावी प्रबंधन से यहां भाजपा को निर्णायक बढ़त मिली। छत्तीसगढ में 2018 में महज 15 सीट लाने वाली भाजपा ने 2023 में भूपेश बघेल जैसे जमीनी नेता को पटखनी देकर 54 सीट जीत ली। नबीन ने यहां चुनाव से पहले सांगठनिक स्तर पर कई तरह के बदलाव किए तथा बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं का एक मजबूत नेटवर्क तैयार किया। छोटे-छोटे कार्यक्रमों के साथ ही व्यक्तिगत संपर्क अभियान चलाया, जिससे पार्टी की छवि बदली। कंग्रेस की सरकार को सत्ता से बाहर का रास्ता दिखाने के बाद संगठन में नितिन नबीन का सियासी कद काफी बढ़ गया और उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिली। वरिष्ठ पत्रकार अरुण पाण्डेय ने बातचीत में कहा कि नितिन कायस्थ जाति के हैं।

बिहार में इस समाज की आबादी भले ही एक प्रतिशत से कम हो, लेकिन कायस्थ भाजपा के पारंपरिक और भरोसेमंद मतदाता रहे हैं। पार्टी का जनाधार जब इतना व्यापक नहीं था, तब भी कायस्थ सहित सवर्ण समाज ही उसकी ताकत थे। नितिन की नियुक्ति से यह मैसेज तो गया ही है कि शीर्ष पर पहुचने के बाद भी भाजपा को सवर्ण याद हैं। देशभर में कायस्थों की आबादी करीब डेढ़ से दो करोड़ के बीच मानी जाती है। बिहार, उत्तर प्रदेश और बंगाल में इनकी बड़ी आबादी है। बंगाल में इनकी आबादी 27 लाख के आसपास बतायी जाती है। अरुण पाण्डेय ने बताया कि पश्चिम बंगाल में होने वाला चुनाव नितिन की नियुक्ति का तात्कालिक कारणों में से एक हैं। वहां कायस्थों की आबादी तीन प्रतिशत से अधिक है। नितिन ने 2021 के बंगाल चुनाव में वहां काम भी किया था। वे वहां गैर हिन्दी भाषी व गैर बंगाली वोटरों को भाजपा के पक्ष में लाने में कारगर साबित हो सकते हैं। हिंदी भाषी, दलित व आदिवासी तथा कुछ इलाकों के उर्दू भाषी मुस्लिम भाजपा को वोट देते रहे हैं। बांग्लाभाषी सवर्ण मतदाताओं में भी वे सेंध लगा सकते हैं। खासकर उस वर्ग में, जो एंटी इनकम्बेंसी या अन्य किसी कारणों से ममता बनर्जी से नाराज चल रहे हैं। हालांकि, इसके साथ ही एक बात और भी है कि बंगाल में चुनाव भाषायी आधार पर होते हैं, न कि बिहार की तरह जातीय आधार पर। 294 सीट वाली पश्चिम बंगाल विधानसभा में 2021 के चुनाव में भाजपा को 77 सीट मिली थी। वैसे, यह तो चुनाव बाद ही पता चल सकेगा कि 2026 में नितिन नवीन यहां छत्तीसगढ़ वाली विजय पताका फिर लहरा सकेंगे या नहीं, किंतु, इतना तो तय है कि भाजपा ने सेंकेंड लाइन लीडरशिप के तहत पीढ़ीगत बदलाव की शुरुआत कर दी है।

# टिकट जांच एवं यात्री जागरूकता अभियान

भागलपुर। यात्रा में अनुशासन सुनिश्चित करने, डिजिटल टिकटिंग को बढ़ावा देने तथा यात्रियों में जागरूकता उत्पन्न करने के उद्देश्य से, पूर्व रेलवे के मालदा मंडल द्वारा मंदरहिल रेलवे स्टेशन एवं पिपराडीह हाल्ट पर टिकट जाँच सह यात्री जागरूकता अभियान चलाया गया। यह अभियान मनीष कुमार गुप्ता मंडल रेल प्रबंधक मालदा के मार्गदर्शन एवं कार्तिक सिंह वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक मालदा के पर्यवेक्षण में आयोजित किया गया। अभियान के दौरान बिना टिकट यात्रा के 26 मामले पकड़े गए, जिनसे रेलवे नियमों के अनुसार 6,900 रुपया की राशि जुर्माने के रूप में वसूल की गई। इसके अतिरिक्त, रेलवे परिसर में थूकने के 06 मामलों में 1,200 रुपया का जुर्माना अधिरोपित किया गया। टिकट जाँच स्टाफ द्वारा यात्रियों को वैध टिकट लेकर यात्रा करने, रेलवे स्टेशन एवं परिसर में स्वच्छता बनाए रखने तथा यहाँ-वहाँ गंदगी न फैलाने एवं थूकने से परहेज करने के लिए जागरूक किया गया। यात्रियों को यह भी बताया गया कि स्वच्छ एवं अनुशासित वातावरण बनाए रखना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

# मनरेगा की बजाय सरकार को राज्य में बिगड़ती कानून व्यवस्था की स्थिति पर चर्चा करनी चाहिए : जाखड़

कैनविज टाइम्स संवाददाता

चंडीगढ़। पंजाब सरकार द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोज़गार गारंटी अधिनियम (मनरेगा), 2005 में हुए बदलावों के असर पर चर्चा करने के लिए मंगलवार को पंजाब विधानसभा का विशेष सत्र बुलाया गया है। सरकार सदन में एक आधिकारिक प्रस्ताव पेश करेगी, जिसमें सिफारिश की जाएगी कि राज्य सरकार केंद्र सरकार से इस मामले पर बात करे ताकि मनरेगा की मांग-आधारित, अधिकार-आधारित और पूरी तरह से केंद्र प्रायोजित संरचना को बनाए रखा जा सके और विकसित भारत - रोज़गार और आजीविका मिशन ग्रामीण (बीवी जी राम जी ) अधिनियम के प्रावधानों पर फिर से विचार किया जाए, ''जो राज्यों पर अनुचित वित्तीय बोझ डालता है और ग्रामीण मज़दूरों के रोज़गार के अधिकार को कमज़ोर करता है''। विशेष सत्र पर प्रतिक्रिया देते हुए पंजाब भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष सुनील जाखड़ ने कहा, ''आज विधानसभा के स्पेशल सेशन की सीरीज़ में एक और चैप्टर जुड़ने वाला है। लेकिन इससे पंजाब को क्या फायदा होगा? अच्छा होता अगर सरकार इसके बजाय राज्य में बिगड़ती कानून-व्यवस्था की स्थिति पर चर्चा करती। राज्य में शांति और स्थिरता होगी तभी लोग काम कर पाएंगे। दूसरा, सरकार अपने मंत्रियों और सहयोगियों को बचाने के लिए मनरेगा में हुए भ्रष्टाचार की जांच का आदेश क्यों नहीं दे रही है? क्या मुख्यमंत्री भगवंत मान विधानसभा में इस बारे में भी सफाई देंगे? जाखड़ ने कहा, ''मुख्यमंत्री भगवंत मान की सरकार, जो हर प्लेटफॉर्म पर पंजाब के भरे हुए खजाने की बात करती है, उसके लिए यह गरीबों के प्रति अपनी सच्ची चिंता साबित करने का भी एक मौका है, 100 दिन के बजाय 125 दिन का रोज़गार देकर और सरकार को प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद देते हुए एक प्रस्ताव पास करना चाहिए, जिन्होंने कानून में ज़रूरी बदलाव करके इसे संभव बनाया। राज्य सरकार विधानसभा के विशेष सत्र के दौरान तीन बिल भी लाएगी जिनमें पंजाब आबादी देह (अधिकारों का रिकॉर्ड) संशोधन विधेयक, भारतीय स्टाम्प (पंजाब दूसरा संशोधन) विधेयक और पंजाब भूमि राजस्व (संशोधन) विधेयक-2025 शामिल हैं।

# 2025 में चंडीगढ़ में वाहन चोरी हत्याओं, साइबर धोखाधड़ी में इजाफा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

चंडीगढ़। साल 2025 के दौरान चंडीगढ़ में जहां कुछ गंभीर अपराधों में सीमित उतार-चढ़ाव दर्ज किया गया, वहीं वाहन चोरी, साइबर ठगी और नशीले पदार्थों से जुड़े मामलों में बढ़ोतरी देखने को मिली है, खासकर मोटर वाहन चोरी पूरे वर्ष शहर का सबसे बड़ा अपराध रहा। पुलिस के वार्षिक अपराध आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2025 में हत्या के मामलों में वृद्धि दर्ज की गयी है। साल 2024 में जहां 22 हत्याएं हुई थीं, वहीं 2025 में यह संख्या बढ़कर 26 हो गयी। हत्या के प्रयास और बलात्कार जैसे मामलों में हालांकि कुछ कमी दर्ज की गयी, लेकिन बच्चों और किशोरों से जुड़े यौन अपराधों में चिंताजनक बढ़ोतरी सामने आयी है। बलात्कार और पॉक्सो अधिनियम से जुड़े मामलों की संख्या 47 से बढ़कर 66 तक पहुंच गयी, जिसने शहर की कानून-व्यवस्था और सामाजिक सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े कर दिये हैं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि इन मामलों में सख्त कार्रवाई की जा रही है, लेकिन सामाजिक जागरूकता भी बेहद जरूरी है। अपराध के आंकड़ों में सबसे चौंकाने वाली स्थिति मोटर व्हीकल चोरी को लेकर रही। वर्ष 2024 में 1,362 वाहन चोरी के मामले दर्ज हुए थे, जो 2025 में बढ़कर 1,682 हो गए। औसतन हर दिन चार से अधिक वाहन चोरी हुए। दोपहिया और चारपहिया दोनों ही वाहन इस अपराध की चपेट में रहे। मादक पदार्थों से जुड़े मामलों में भी हालात चिंताजनक रहे। एनडीपीएस एक्ट के तहत 149 मामले दर्ज किये गये, जिनमें 235 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

# यूसीसी हो या राष्ट्रीय खेल देश ने देखा देवभूमि का दम

कैनविज टाइम्स संवाददाता



देहरादून। समान नागरिक संहिता (यूसीसी) हो या फिर 38वें राष्ट्रीय खेलों का आयोजन, देवभूमि उत्तराखंड का दम वर्ष 2025 में हर जगह दिखा। अपने रजत जयंती वर्ष में उत्तराखंड ने हर मोर्चे पर अपनी क्षमताओं का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। अपेक्षाकृत छोटे और नए राज्य होने के बावजूद उत्तराखंड ने महत्वपूर्ण निर्णय लिए और उसका सफलतापूर्वक अनुपालन भी सुनिश्चित किया। इस पूरे वर्ष सफलता की राह पर जब-जब उत्तराखंड के कदम आगे बढ़े, तब-तब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का वो वक्व्य याद आया, जिसमें प्रधानमंत्री ने कहा था कि यह दशक उत्तराखंड का होगा। उत्तराखंड की पुष्कर सिंह धामी सरकार ने इस वर्ष के आरंभ में पूरे देश का ध्यान अपनी ओर खींचा और 27 जनवरी 2025 को समान नागरिक संहिता को राज्य में लागू कर दिया। स्वतंत्र भारत में ऐसा करने वाला उत्तराखंड देश का पहला राज्य बन गया है। समानता की जिस मूल भावना को भारतीय संविधान अपने में समेटे हुए है, उसे कानून बनाकर लागू करने का काम असाधारण रहा। इस कानून के लिए पूरी कसरत सरकार ने पिछले वर्ष कर ली थी, लेकिन इसे लागू इस वर्ष किया गया। इसके बाद, उत्तराखंड में विवाह, तलाक, विरासत और गोद लेने जैसे व्यक्तिगत मामलों में सभी धर्मों के नागरिकों के लिए एक समान कानून स्थापित हो गया है। धामी सरकार ने एक कदम और आगे बढ़ते हुए लिव इन रिलेशनशिप जैसे संवेदनशील विषय को भी छुआ और इसके लिए पंजीकरण की व्यवस्था को अनिवार्य बना दिया है। उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता के लागू होने के दूरगामी परिणाम आने तय माने जा रहे हैं। जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 हटाकर मोदी सरकार एक देश एक कानून का ठोस संदेश पहले ही दे चुकी है। उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता लागू होने के बाद देश के अन्य राज्यों में भी इसके लिए राह खुल गई है। कह सकते है कि समान नागरिक संहिता लागू करके उत्तराखंड एक मॉडल स्टेट के रूप में सामने आया है, जिसका अनुसरण करते हुए अन्य राज्य भी इस दिशा में आगे बढ़ेंगे। उत्तराखंड में 38वें राष्ट्रीय खेलों के बहाने सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के खिलाड़ियों ने खेल भावना का परिचय दिया। उत्तराखंड के लिए यह पहला मौका था, जब इतने बड़े स्तर की किसी राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता को आयोजन किया गया।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063